
जबलपुर
बुधवार, 17 जुलाई 2024
■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-12
■ वर्ष : 19, अंक : 78
■ पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

**मौसम**
अधि. 30
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**आम जनता को महंगाई का बड़ा झटका**

## सांची दूध के दाम, 2 रुपए बढ़े



भोपाल। आम जनता महंगाई की मार से परेशान हैं। एक तरफ सब्जियों के रेट बढ़े हैं तो वहीं अब प्रदेश में सांची दुग्ध संघ ने आम जनता को बड़ा झटका देते हुए दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, बुंदेलखंड और उज्जैन दुग्ध संघ ने सांची दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। सांची दुग्ध संघ ने दूध के दाम में 2 रुपए लीटर की मूल्य वृद्धि कर दी है।



**लो प्रेशर एरिया का असरः पश्चिमी मध्य और इससे लगे उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बनेगा कम दबाव का क्षेत्र**

# दो दिन बाद तेज होगी बारिश की रफ्तार, अब तक 4 फीसदी कम

**पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 15 प्रतिशत कम तो पश्चिमी प्रदेश में 7 प्रतिशत अधिक वर्षा, कुल मिलाकर प्रदेश में सीजन की औसत बारिश से 4 प्रतिशत कम दर्ज, 19 जुलाई के आसपास बारिश की गतिविधियों में आएगी तेजी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में 19 से 20 जुलाई के बीच बारिश की रफ्तार बढ़ेगी, जो 4 से 5 दिन जारी रहेगी। बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने से अगले 2 से 3 दिन में प्रदेशभर में बारिश में वृद्धि होगी। मानसून ऑनसेट के बाद से अभी प्रदेश में औसत बारिश के आंकड़े सामान्य से 4 प्रतिशत कम रहे हैं। मौसम केंद्र के अनुसार अब तक पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 15 प्रतिशत कम तो पश्चिमी मध्य प्रदेश में 7 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज हुई है।

**भोपाल में शाम को बारिश से पांच डिग्री लुढ़का, मिली उमस से राहत**



### 19 के बाद तेज बारिश

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 19 जुलाई के बाद भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश में वृद्धि की उम्मीद है। 19 से 20 जुलाई के बीच बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने से बारिश की रफ्तार बढ़ेगी। वर्तमान में मानसून ट्रफ जैसलमेर, कोटा, रायसेन, विदर्भ से गुजर रही है, जो इससे सटे दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर लो प्रेशर एरिया में रुप में है, यह बंगाल की खाड़ी तक जा रही है, जिससे प्रदेश में नमी आने से बारिश हो रही है।*



### आज यहां तेज बारिश का अलर्ट

बुधवार तक बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, धार जिलों में कुछ जगह तेज बारिश के साथ ही राजगढ़, कटनी जिलों में मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बैतूल, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, मंदसौर, नीमच, डिंडोरी जिलों के अलावा शाजापुर, छिंदवाड़ा, दमोह जिलों में भी औसत से सामान्य बारिश की उम्मीद है। भोपाल में भी गरज चमक की स्थिति बनी रहेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### दिग्विजय ने हाई कोर्ट में लगाई याचिका



**जबलपुर।** हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ईवीएम से हुई वोटिंग को लेकर भी अविश्वास जताया है। उन्होंने मंगलवार को जबलपुर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इससे पहले सिंह ने पत्रकारों से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर जो अविश्वास है, उसका जवाब ना हीं चुनाव आयोग दे रहा है और ना हीं सरकार।

### सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज, एक मणिपुर से



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट को दो नए जज मिले हैं। राष्ट्रपति ने जजों की नियुक्ति को लेकर मंजूरी दे दी है। गुरुवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ दोनों नए जज को शपथ दिलाएंगे। जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह और जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया जाएगा। जस्टिस सिंह मणिपुर से पहले व्यक्ति होंगे।

### आईएएस पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रद्द हुई



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की विवादास्पद आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी ट्रेनिंग रद्द कर दी गई है। अहमदनगर जिला अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार पूजा खेडकर दोनों आंखों में मायोपिक डीजनरेशन के साथ-साथ डिप्रेशन से पीड़ित थीं। पूजा के आचरण पर विवाद के बाद उनकी 'विकलांगताओं' पर सवाल उठाए गए थे।

**आतंकियों की तलाश में 'मौत' से भिड़े जवानों में डटकर किया मुकाबला**

# 60 दिन में 7वां आतंकी अटैक, इस बार 1 अफसर समेत 5 जवान शहीद

*मंगलवार की सुबह सूरज की किरणों के साथ ही एक बार फिर बड़े पैमाने में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। खोजी कुत्ते, ड्रोन व अन्य आधुनिक हथियारों के साथ आतंकियों की तलाश की जा रही है। मुठभेड़ स्थल के साथ ही सभी संपर्क मार्गों पर भी अतिरिक्त जांच की जा रही है। खबर है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख को आतंक के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दी है।*

**ये हुए शहीद**

- कैप्टन बृजेश थापा, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल
- नायक डी राजेश, आंध्र प्रदेश
- सिपाही बिजेंद्र, झुंझुनूं, राजस्थान
- सिपाही अजय सिंह, झुंझुनूं, राजस्थान
- अन्य जम्मू एंड कश्मी पुलिस का जवान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**डोडा में सोमवार रात हुई मुठभेड़ में सेना के कैप्टन सहित 5 जवान बलिदान हो गए। इस शहादत से जम्मू कश्मीर सहित देश भर के लोगों में के बीच रोष देखने को मिल रहा है।**



कायर आतंकी भारतीय सेना पर छुपकर हमले कर रहे हैं। बीते 45 दिनों आतंकियों ने 7 हमले छिपकर ही किए हैं। सोमवार को सेना पर 7वां हमला हुआ, जिसमें एक अफसर सहित पांच जवान शहीद हो गए। जम्मू संभाग के जिला डोडा मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर दूर जंगल और ऊंचे पहाड़ों से घिरा इलाका देसा में आतंकियों की तलाश में अभियान शुरू हुआ।

**लगभग 25 आतंकियों का ग्रुप इस समय घाटी में मौजूद बताए जा रहे हैं**

### पहले से छिपे बैठे थे आतंकी

डोडा के घने जंगलों में आतंकी घात लगाकर बैठे थे। आतंकियों को एडवांटेज था, क्योंकि वे पहले से ही वहां छिपे बैठे थे। सेना के जवान जब घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन पर हमला हो गया। इस हमले में 5 जवान शहीद हो गए हैं। ये हमला इस मामले में भी बड़ा है, क्योंकि पिछले हफ्ते ही कठुआ में सेना के वाहन पर हमला हुआ था, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। ये बहुत चिंता का विषय है कि आतंकियों का फोकस अब कश्मीर को छोड़कर जम्मू हो गया है।

### कश्मीर टाइगर्स ने ली हमले की जिम्मेदारी

*हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कश्मीर टाइगर्स ने ली है। संगठन ने दावा किया है कि उनके हमले में आर्मी के कैप्टन समेत 12 जवान शहीद हुए हैं, जबकि 6 घायल हैं।*

### सख्ती के चलते जम्मू पर फोकस

पिछले कुछ दिनों से एक बड़ा ग्रुप है, जो राजौरी पुंछ, कठुआ और डोडा के अलग-अलग क्षेत्रों में ऑपरेट कर रहा है। गांव वाले लगातार आतंकियों की जानकारी सेना को दे रहे हैं। दरअसल, अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर कश्मीर में सेना ने सुरक्षा काफी कड़ी कर रखी है। ऐसे में वहां आतंकियों को मौका मिल पाना बेहद मुश्किल है।

### हेलीकॉप्टर से शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन

भारतीय सेना ने मंगलवार सुबह से डोडा के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया है, सेना ने डोडा के जंगलों में तलाशी अभियान के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। अनुमान है कि पहाड़ की सबसे ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस कार्रवाई में स्पेशल फोर्स, डेल्टा फोर्स और जेकेपी एसओजी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक जिले के देसा इलाके में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के बाद सोमवार शाम सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। घेराबंदी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया है। डोडा बहुत बड़ा और पहाड़ी इलाका है, जिसमें घने जंगल भी हैं। इसका एक किनारा हिमालय से मिलता है, दूसरा कठुआ और रियासी से मिलता है। इस क्षेत्र में कई प्राकृतिक गुफाएं हैं, जहां आसानी से छिपा जा सकता है। घने जंगल होने की वजह एरियल सर्वे भी बेहद मुश्किल है। ऐसे में आतंकियों के छिपने के लिए इसे मुफीद जगह कहा जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकियों का कैरेक्टर बदल गया है।

**झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त मोहन सरकार**

## मप्र में झोलाछाप डॉक्टरों की अब खैर नहीं, फर्जी क्लीनिक होंगे बंद

**देनी होगी एक्शन रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मध्यप्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त यानि झोलाछाप डॉक्टरों को लेकर सख्त हो गई है, स्वास्थ्य संचालनालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स और सीएमएचओ को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में अपात्र झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा अनैतिक चिकित्सकीय व्यवसाय को नियंत्रित करने को लेकर समस्त जिलों में ऐसे अमानक क्लिनिक्स व चिकित्सकीय संस्थानों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए।

निर्देश में कहा है कि गैरकानूनी क्लिनिक्स पर आपके द्वारा जिले में क्या कार्यवाही की गई है उसकी हर महीने रिपोर्ट संचालनालय को भेजी जाए। गौरतलब है कि बिना उपयुक्त चिकित्सकीय ज्ञान के अनुचित उपचार, रोगियों के लिए प्राणघातक सिद्ध हो सकता है। ऐसे कई प्रकरण उजागर हुए हैं। जिसमें झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा गलत औषधियों के उपयोग करने से रोगियों की मृत्यु हुई है।

### सभी गैरकानूनी क्लीनिक बंद करने के निर्देश

प्रदेश में अपात्र व्यक्तियों/झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा अनैतिक चिकित्सकीय व्यवसाय को नियंत्रित करने हेतु सभी जिलों में ऐसे अमानक क्लीनिक्स व चिकित्सकीय संस्थानों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही जन समुदाय में ऐसे अपात्र व्यक्तियों से उपचार प्राप्त करने पर संभावित दुष्परिणामों के संबंध में जागरूकता लाई जाए एवं शासन द्वारा ग्रामीण स्तर तक उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित की जाए।

### अपात्रों पर कार्रवाई का जिम्मा सीएमएचओ पर

पत्र में कहा गया है कि गैर मान्यता प्राप्त अपात्र व्यक्ति द्वारा यानि झोलाझाप डॉक्टर के द्वारा चिकित्सा किया जाना दंडनीय अपराध है, चूंकि जिले में निजी क्लिनिक्स और निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा किया जाता है इसलिए गैरकानूनी तरीके से चिकित्सा कर रहे अपात्र व्यक्तियों पर कार्यवाही भी सीएमएचओ करें और हर महीने की जाने वाली कार्यवाही से शासन को अवगत कराएं, संचालनालय ने इसके लिय एक प्रपत्र भी पत्र के साथ भेजा है।

**स्टेट सायबर के एडीजी को दिया शिकायती आवेदन**

## पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का मोबाइल हुआ हैक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के मोबाइल हैक होने का मामला सामने आया है। मप्र कांग्रेस चुनाव आयोग कार्य विभाग के प्रभारी एडवोकेट जेपी धनोपिया कांग्रेस नेता मुकेश नायक सहित एक प्रतिनिधिमंडल के साथ स्टेट साइबर मुख्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत की है। शिकायत में आरोप है कि पेगासस स्पाइवेयर की मदद से इस काम को अंजाम दिया गया है और पटवारी के मोबाइल से फोटोग्राफ्स, गोपनीय जानकारी और बैंक एकाउंट की डिटेल चोरी कराई गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा जासूसी भी कराई जा रही है। इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने सायबर सेल के एडीजी योगेश देशमुख से मुलाकार कर शिकायती आवेदन पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की

**एसआईटी गठित, दो संदिग्ध हिरासत में**

## बिहार के नेता मुकेश साहनी के पिता की बेरहमी से हत्या



**हत्याकांड में दो-तीन लोग शामिल होने का शक**

एजेंसी ⏭ पटना

वीआईपी के अध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की सोमवार रात उनके घर में धारदार हथियार से नृशंस हत्या की गई है। उनका घर बिरौल के पास अफजला गांव में है। वो अपने घर से थोड़ी ही दूरी पर घनश्यामपुर थाने के जिरात गांव में नया घर बना रहे थे। पिछले कुछ दिनों से रात में वे वहीं अकेले सोते थे। उनकी पत्नी का निधन पहले हीहो चुका है।

**नीट मामले में दो बड़ी गिरफ्तारी**

## आरोपियों ने बक्से से पेपर चुराए फिर किया था आगे डिस्ट्रीब्यूट




**पेपल लाने वाले एक ट्रंक का वीडियो भी सीबीआई ने शेयर किया**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीट मामले में सीबीआई ने दो बड़ी गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने बिहार की राजधानी पटना से पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया, साथ ही इसके अलावा झारखंड के हजारीबाग से राजू सिंह नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। पंकज ने हजारीबाग में बक्से से पेपर चोरी करके आगे बांटा था। वहीं, राजू सिंह ने पेपर को आगे डिस्ट्रीब्यूट करने में मदद की थी।

**शावकों को लाने एक डिब्बे की विशेष ट्रेन**

## भोपाल के वन्य प्राणी अस्पताल में दो शावकों को किया भर्ती



**स्थित की गंभीरता को देखते हुए ट्रेन की मदद ली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीहोर जिले में बाघिन के घायल शावकों को लाने के लिए एक डिब्बे की विशेष ट्रेन चलाई गई। इतना ही नहीं सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह खुद एक डिब्बे की ट्रेन से भोपाल आए। उन्होंने बाघिन के शावकों को वन विहार के वन्य प्राणी चिकित्सालय में भर्ती कराया। इसके बाद ही वापस सीहोर गए। दोनों घायल शावकों का इलाज अभी चल रहा है।

**पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत के बाद दूसरे दिन कलेक्ट्रेट में हंगामा**

**पुलिस के साथ महिलाओं की हुई झूमाझटकी**

## पारदी महिलाओं ने अर्धनग्न होकर कलेक्ट्रेट में किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना के म्याना इलाके के भिड़रा गांव में शादी वाले दिन चोरी के आरोप में पकड़े गए एक आरोपी की पुलिस हिरासत में मौत को लेकर परिवार का आक्रोश थम नहीं रहा है। मृतक के परिवार की महिलाओं ने न्याय मांगते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार हंगामा किया।

### बेरहम पिता ने 4 साल के मासूम बेटे को सड़क पर पटककर मार डाला

**बैतूल।** बैतूल कोतवाली अंतर्गत ग्राम सेलगाव में आदिवासी युवक द्वारा पति-पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने का मामला अभी शांत भी नही हुआ था कि सेलगांव से दो किलोमीटर दूर ग्राम सांवगा में 15 जुलाई रविवार की रात ग्राम के दुर्गेश (मंगल) लोखंडे ने अपने ही चार वर्षीय पुत्र किसन की सड़क पर बेरहमी से पटक-पटक कर हत्या कर दी।

**अमरवाड़ा उपचुनाव की जीत के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निकाली आभार यात्रा**

**सीएम ने कहा-जो वादा किया था उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे**

## छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ नहीं गड़बड़ है आपने इसे सही सिद्ध करके दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोग कह रहे थे कि छिंदवाड़ा जीतना बडा कठिन है, छिंदवाड़ा असंभव है, छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ है। हमने उसी समय भी कहा था, गढ़ नहीं गड़बड़ है। आपने उसे सही सिद्ध किया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पावन मंदिर में आपकी आवाज के रूप में अपना पुष्प चढ़ाने के लिए कमलेश शाह पहुंच रहे हैं। इन्होंने वह सारे हिसाब चुकता कर दिए, जो अतीत में छिंदवाड़ा के नाम पर लोग लाभ ले जाते थे।



**संगठन शक्ति और कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली विजय**

### डूब के क्षेत्र के लोगों को मिलेगा मुआवजा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो डूब प्रभावित क्षेत्र के लोग थे, जिनको अभी तक मुआवजा नहीं मिला। आप चिंता मत करना सबका मुआवजा बन रहा है, कोई बाकी नहीं रहेगा। लगभग 2 लाख नई नौकरियां हम प्रस्तावित कर रहे हैं। पुलिस, डॉक्टर और बाकी अन्य सेक्टरों के साथ-साथ हमारे बच्चे भी कलेक्टर, एसपी बने उनकी कोचिंग और अन्य खर्चा सरकार उठाएगी। सारी योजनाएं समान रूप से जारी रहेगी। उन योजनाओं से बढ़कर और सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से नई योजनाएं भी प्रस्तावित करने वाले हैं।


### अब फसल के उत्पादन का पूरा लाभ मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान फसल उत्पादन करें, और उनको सही लाभ न मिले। यह कैसे हो सकता है? उनको सही दाम मिले और बच्चों के भविष्य की राह भी मजबूत हो, यह काम करने के लिए बड़े पैमाने पर छिंदवाड़ा सहित पूरे जबलपुर संभाग व पूरे प्रदेश में उद्योगों के जरिए करने वाले हैं। स्कूल, कॉलेज और हॉस्पिटल के विकास के मामले में जो विकास की दरकार है, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब हम किसानों के बीच घूमे थे, तब आपने कहा था खेती के लिए सिंचाई के पानी की जरूरत है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि डैम बनाने की योजना मंजूर हो गई है। सभी के खेतों तक पानी पहुंचाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कल फिर खोला जाएगा पुरी का रत्न भंडार


पुरी। पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर से खोला जाएगा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन



(एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को सुबह 9.51 बजे से दोपहर 12.15 बजे के बीच फिर से खोला जाएगा। इस दौरान आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक में यह फैसला हुआ।

### निर्माण के लिए जल्द खाली होगा बलिया जेल


लखनऊ। बालिया की जिला जेल लगभग एक सप्ताह में खाली हो जाएगी। बलिया जेल में निरुद्ध सभी



494 महिला व पुरुष बंदियों को जिला कारागार मऊ व आजमगढ़ तथा केंद्रीय कारागार वाराणसी में स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जेल के लिए जमीन चिह्नित कर ली है। जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। एक हजार से ज्यादा नई जेल की क्षमता होगी।

### स्टेशनरी ब्रांड कैमलिन के चेयरमैन नहीं रहे

नई दिल्ली। स्टेशनरी ब्रांड कोकुयो कैमलिन के चेयरमैन सुभाष दांडेकर का सोमवार को 86 वर्ष में



निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट्रल मुंबई में किया गया। दांडेकर ने कैमलिन को गुणवत्तापूर्ण स्टेशनरी और शैक्षिक उत्पादों के रूप में एक घरेलू नाम के रूप में स्थापित करने में भूमिका निभाई थी। निधन एक प्रतिष्ठित ब्रांड के लिए एक युग के अंत का प्रतीक है।

## गृहमंत्री शाह ने महेंद्रगढ़ में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान' सम्मेलन को किया संबोधित

# जस का तस रहेगा रिजर्वेशन, हरियाणा में मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे

**कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीन मुसलमानों को दिया**

**कांग्रेस ने जातिवाद और भ्रष्टाचार के सिवाय हरियाणा को कुछ नहीं दिया**

एजेंसी ▶▶ महेंद्रगढ़



केंद्रीय गृह एवं अमित शाह ने मंगलवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महेंद्रगढ़ में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान' सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का रिजर्वेशन छीनकर मुसलमानों को देने का काम किया है।

अगर ये यहां भी आ गए तो यहां पर भी यही करेंगे। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में किसी भी हालत में मुस्लिम रिजर्वेशन लागू नहीं होने देंगे। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने जातिवाद और भ्रष्टाचार के सिवाय हरियाणा को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस सरकारें बनती थीं, तो भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचती था, दूसरी सरकार आती थी तो गुंडागर्दी चरम सीमा पर पहुंचती थी। जबकि भाजपा ने संपूर्ण हरियाणा का विकास करने वाली सरकार देने का काम किया है। साथ ही विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



**प्रधानमंत्री ने देशभर में ओबीसी का सम्मान किया**

उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरे देश को कहा था कि मेरी ये सरकार दलितों, गरीबों और पिछड़ों की सरकार है। देश को पहला सशक्त पिछड़े वर्ग का प्रधानमंत्री देने का काम भाजपा ने किया है। 71 में से 27 मंत्री पिछड़े वर्ग से देकर मोदी जी ने हरियाणा और देश के ओबीसी का सम्मान करने का काम किया है।

### आप कर्नाटक जैसी 'स्थिति' यहां न बनने दें

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का रिजर्वेशन छीनकर मुसलमानों को देने का काम किया है। अगर ये यहां भी आ गए तो यहां पर भी यही करेंगे। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में किसी भी हालत में मुस्लिम रिजर्वेशन लागू नहीं होने देंगे।

### सीएम सैनी के नेतृत्व की सराहना की

उल्लेखनीय है कि पिछले 20 दिन में अमित शाह का हरियाणा का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने 29 जून को पंचकूला में पार्टी की बैठक की अध्यक्षता की थी और अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा था। बैठक में अमित शाह ने यह भी घोषणा की थी कि भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

### ग्रुप अनुसार यहां आरक्षण लागू होगा

हरियाणा में पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि नायब सिंह सैनी के कैबिनेट ने तीन निर्णय लिए हैं। पहला निर्णय क्रीमी लेयर की सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने का निर्णय किया है। दूसरा-पंचायतों में 8 फीसदी आरक्षण ग्रुप-ए के लिए था। इसके साथ अब ग्रुप डी को 5 फीसदी आरक्षण मिलना शुरू हो जाएगा। तीसरा, नगर निगम में ग्रुप-बी के लिए 5 फीसदी आरक्षण मिलना शुरू होगा और 8 प्रतिशत चस का तस रहेगा तथा ग्रुप-बी का 5 फीसदी अधिक मिलेगा। ये तीनों निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति को लागू करने वाला है।

## नूपुर से संबंधित मामला

# 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने वाले खादिम को कर दिया बरी



*कोर्ट ने अन्य 6 को भी कर दिया बरी*

एजेंसी ▶▶ अजमेर

निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने के आरोप में गिरफ्तार अजमेर शरीफ दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती को मंगलवार को स्थानीय अदालत ने बरी कर दिया है।

अदालत ने इस मामले में छह अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया है। जून 2022 में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें गौहर चिश्ती और अन्य को अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार पर नूपुर शर्मा के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाते देखा गया था।

### शर्मा को धमकी दी थी

खादिम गौहर चिश्ती को नुपुर के खिलाफ मुस्लिम समुदाय की रैली में 'सर तन से जुदा' का नारा लगाते हुए देखा गया था। यह मामला नुपुर एक टेलीविजन बहस के दौरान पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद खड़ा हुआ था। शर्मा ने अपनी टिप्पणी के लिए कई बार जान से मारने की धमकियां मिलने की शिकायत भी दर्ज कराई है। चिश्ती के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्हें 14 जुलाई 2022 को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था।

### दर्जी की हत्या के साथ संबंध पर जांच

पुलिस उदयपुर में हुए दर्जी कन्हैया लाल की हत्या मामले में चिश्ती के संबंधों की भी जांच कर रही थी। कन्हैया लाल को 2 लोगों ने एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट के चलते चाकू से गोदकर मार डाला था। अब कोर्ट ने चिश्ती को बरी कर दिया है।

## केसीआर के मामले में भड़के सीजेआई

# सुनवाई के बीच में ही आयोग का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारडीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान एक सदस्यीय आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड जज जस्टिस रेड्डी का इस्तीफा आ गया। आयोग के रवैए



पर सीजेआई ने सवाल उठाया था। जस्टिस रेड्डी द्वारा प्रेस को दिए बयानों पर मौखिक रूप से असहमति जाहिर की। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि उसे जज को बदल देना चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि दो बजे तक मुझे नाम दीजिए।

## कर्नाटक में लैंडस्लाइड से भारी तबाही

# एक परिवार के 5 लोगों समेत 7 की मौत, नदी में गिरा गैस टैंकर

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के शिरूर में भूस्खलन के कारण 5सदस्यीय परिवार सहित 7 लोगों की मौत हो गई।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर सड़क किनारे छोटी-मोटी दुकान चलाने वाले परिवार के सदस्यों के पहाड़ी से गिरी मिट्टी के नीचे फंसे होने की आशंका है। भूस्खलन के कारण एक गैस टैंकर भी पास की गंगावली नदी में चला गया। बताया जा रहा गाड़ी के ड्राइवर और क्लीनर जो कथित तौर पर घटना के समय दुकान पर चाय पी रहे थे, लापता हैं।

### शिमला में इंजीनियर और मशानरी को किया अलर्ट

शिमला। हिमाचल प्रदेश में 250 स्थान ऐसे हैं, जहां भूस्खलन की संभावना सबसे ज्यादा है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार मंडी और शिमला की सड़कों पर सबसे ज्यादा भूस्खलन होता है। विभाग ने ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में जेसीबी, पोकलेन और डोजर तैनात किए हैं, जिससे सड़क को यातायात के लिए तुरंत बहाल किया जा सके। सड़कें बहाल रखने के लिए 1300 कर्मचारी फील्ड में लगाए हैं।500 के करीब मशीनरी तैनात की गई है।



जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकी हमले में सेना के 4 जवान शहीद

# मां बोलीं, आर्मी डे पर पैदा हुआ था, आर्मी के लिए समर्पित हो गया

बेटे के साथ हुई आखिरी मुलाकात को याद करते हुए निलिमा थापा ने कहा बृजेश मार्च में घर आया था। इसी महीने आने वाला था। वह हमेशा खुश रहता था। रविवार को उससे अंतिम बार बात हुई थी।

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग/ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के डेसा में शनिवार रात घने जंगलों के बीच अत्याधुनिक हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के चार जवान- कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी. राजेश, सिपाही बिजेंद्र और अजय शहीद हो गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का एक जवान भी इस मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हो गया।



कैप्टन बृजेश थापा 2019 में सेना में भर्ती हुए थे। पासिंग आउट परेड के दौरान पिता कर्नल भुवनेश थापा और मां नीलिमा बेटे को बैज लगाते हुए।

## तीन पीढ़ियां सेना में

26 वर्षीय कैप्टन बृजेश थापा दार्जिलिंग के बड़ा गिंग बाजार के रहने वाले थे। उनकी तीन पीढ़ियां सेना में रह चुकी हैं। बृजेश के पिता खुद कर्नल रैंक से सेवानिवृत्त हुए हैं। बृजेश थापा अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 2019 में आर्मी में कमीशंड हुए थे। दो साल के लिए उनकी तैनाती 10 राष्ट्रीय राइफल्स में हुई थी। इस बहादुर सैन्य अधिकारी के शहीद होने की खबर जब आई तो दार्जिलिंग की पहाड़ियों में शोक की लहर दौड़ गई। कैप्टन बृजेश थापा की मां निलिमा थापा ने कहा कि 15 जनवरी को मेरे बेटे का जन्मदिन था। 15 जनवरी को ही आर्मी डे होता है। मेरा बेटा आर्मी की ड्यूटी करते हुए देश के लिए समर्पित हो गया। सेना में होने का उसको गर्व था। वह सेना को पसंद करता था। उसके पापा ने बोला था कि नेवी में चला जा, आर्मी में बहुत कठिन होता है। लेकिन उसे आर्मी में ही जाना था।'

## बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा

बेटे के साथ हुई आखिरी मुलाकात को याद करते हुए निलिमा थापा ने कहा कि बृजेश मार्च में घर आया था। इसी महीने आने



वाला था। वह हमेशा खुश रहता था। रविवार को उससे अंतिम बार बात हुई थी। 26 साल का था मेरा बेटा। देश के लिए हमेशा कुछ करना चाहता था। उसको सादा खाना ही पसंद था। पहले हलवा खाता था। लेकिन बाद में कहा कि मोटा हो जाऊंगा। इसलिए मीठा खाना छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने बेटे के बलिदान पर गर्व है। अगर हम अपने बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा।

## 18 जुलाई को घर आने वाले थे अब पार्थिव शरीर पहुंचेगा



सिपाही अजय सिंह नरूका (26) की पार्थिव देह बुधवार सुबह 9:15 बजे सिंघाना से भैसावता कलां (झुंझुनूं) पहुंचेगा। वहां से शहीद के सम्मान में यात्रा निकाली जाएगी। अजय के पिता कमल सिंह नरूका भी सेना में हवलदार रह चुके हैं। कमल सिंह 2015 में रिटायर हुए थे। शहीद अजय सिंह नरूका की शादी 21 नवंबर 2021 को शालू कंवर (24) से हुई थी। परिजनों ने बताया- अजय सिंह दो महीने पहले छुट्टी पर घर आए थे। इसके बाद ड्यूटी पर वापस लौट गए थे। दो दिन बाद 18 जुलाई को छुट्टी लेकर गांव आने वाले थे। इससे पहले मुठभेड़ में शहीद हो गए। शहीद के चाचा कायम सिंह भी भारतीय सेना की 23 राजपूत रेजिमेंट में सिक्किम में तैनात हैं। उन्हें 2022 में सेना मेडल से नवाजा गया था।

### दुख की बात है हम उससे दोबारा नहीं मिल पाएंगे

कैप्टन बृजेश के पिता कर्नल भुवनेश थापा (सेवानिवृत्त) बोले- जब मुझे बताया गया कि वह अब नहीं रहा तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। वह मेरी सेना की ड्रेस पहनकर घूमता था। इंजीनियरिंग करने के बाद भी वह सेना में जाना चाहता था। उसने एक बार में ही परीक्षा पास कर ली और सेना में भर्ती हो गया। मुझे गर्व है कि मेरे बेटे ने देश और देश की सुरक्षा के लिए कुछ किया है। दुख की बात यह है कि हम उससे दोबारा नहीं मिल पाएंगे, अन्यथा मुझे खुशी है कि उसने अपने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

### घर आने वाले थे, लेकिन छुट्टी कैंसिल हो गई छोटा भाई भी आर्मी में



*बिजेंद्र सिंह 2018 में आर्मी में भर्ती हुए थे। 2019 में उनकी शादी अंकिता के साथ हुई थी। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक चार साल का, जबकि दूसरा एक साल का है। शहीद का छोटा भाई दशरथ सिंह भी आर्मी में हैं। अभी उनकी तैनाती लखनऊ में है। परिवार में तीन बहनें और माता-पिता भी हैं। बिजेंद्र सिंह फरवरी में एक महीने की छुट्टी पर अपने घर आए थे। पांच दिन पहले घर आने वाले थे, लेकिन आतंकी घटनाओं के चलते छुट्टी कैंसिल हो गई थी। सेना के अधिकारियों का कॉल दशरथ सिंह के पास आया था। इसी के बाद उनको बिजेंद्र के शहीद होने की जानकारी हुई। दशरथ सिंह को फौरन छुट्टी देकर लखनऊ से गांव के लिए भेज दिया गया है।*

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान में भारी बारिश से 40 की मौत



**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 347 लोग घायल हो गए। एक अन्य घटना में, एक मुख्य राजमार्ग पर बस के पलट जाने से 17 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान अमर ने पुष्टि की कि नंगरहार प्रांत में सोमवार को आए तूफान के कारण 40 लोगों की मौत हो गई और 347 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में 3 पर्यटकों की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-करगिल राजमार्ग के ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर एक सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन सैलानियों की मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर एक वाहन खाई में गिर गया, जिससे तीन पर्यटकों की मौत हो गई और एक शख्स जख्मी हो गया। मृतकों में दो महिलाएं हैं जबकि एक जख्मी हुई नाबालिग लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीएम मोदी सितंबर में करेंगे यूएस दौरा

# यूएन की बैठक में लेंगे भाग, करेंगे संबोधित



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पीएम मोदी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का दौरा करेंगे। हर साल होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी न्यूयॉर्क जाएंगे। महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस के कार्यालय द्वारा कार्यक्रम की प्रारंभिक जानकारी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की बैठक 24 से 30 सितंबर तक होगी। इसी के तहत संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी की गई आम बहस के लिए वक्ताओं की सूची से पता चलता है कि भारत की ओर से पीएम मोदी 26 सितंबर को अपना संबोधन दे सकते हैं।

कार्यक्रम के अनुसार भारत के शासनाध्यक्ष न्यूयार्क में स्थानीय समयानुसार 26 सितंबर को अपराह्न तीन से छह बजे के बीच महासभा को संबोधित करेंगे, यानी भारतीय समयानुसार 27 सितंबर की रात 12:30 से 3:30 बजे के बीच उनका संबोधन होगा। पीएम मोदी के बाद पाकिस्तान और नेपाल के पीएम अपना संबोधन देंगे।

### परंपरागत रूप से ब्राजील करेगा

पारंपरिक रूप से महासभा अध्यक्ष ब्राजील बहस की शुरुआत करता है, 24 सितंबर को उच्च स्तरीय सत्र शुरू करेगा। ब्राजील के बाद सत्र को संबोधित करने वाला अमेरिका दूसरा राष्ट्र होगा।राष्ट्रपति जो बाइडन के इस कार्यकाल का महासभा में यह अंतिम संबोधन होगा, क्योंकि अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस महासभा के 79वें सत्र में आम चर्चा शुरू होने से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया था दौरा

*पीएम नरेंद्र मोदी ने आखिरी बार सितंबर 2021 में वार्षिक उच्च स्तरीय यूएनजीए सत्र को संबोधित किया था। उन्होंने पिछले साल 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय का दौरा किया था और राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित राजकीय यात्रा के लिए वाशिंगटन डीसी जाने से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के उत्तरी लॉन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया था।*

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए देश ने बढ़ाया एक और कदम

# स्वदेशी कंपनियों से ही खरीदे जाएंगे 346 रक्षा उत्पाद, बढ़ेगा पूंजी निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- *पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण*
- *घरेलू रक्षा कंपनियों को 7,572 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले*
- *घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमता बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी*
- *आयात के 1048 करोड़ रुपए बचेंगे, आयात पर आत्मनिर्भरता कम होगी*

रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा उत्पादों को आयात को कम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी की है। ये फैसला रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आयात को कम करने के लिए लिया गया है। रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) इनमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम,सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली, स्पेयर और कंपोनेंट तथा कच्चा माल शामिल है, जिसका आयात मूल्य 1,048 करोड़ रुपए है। सृजन डिफेंस पोर्टल पर उपलब्ध सूची में दर्शाए गए स्वदेशीकरण की समयसीमा के बाद ही भारतीय उद्योग से वस्तुओं की खरीद की जाएगी। इसके बाद सरकारी रक्षा कंपनियां इन उत्पादों का आयात नहीं कर सकेंगी।

रक्षा उत्पादों को आयात को कम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी की है। इस सूची में रणनीतिक रूप से रक्षा उत्पादों के लिए कच्चा माल शामिल है। इसके बाद सरकारी रक्षा कंपनियां इन उत्पादों का आयात नहीं कर सकेंगी।



### स्वदेशीकरण में उल्लेखनीय परिणाम सामने आए

रक्षा मंत्रालय ने 2020 में सृजन पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल पर, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) और सेवा मुख्यालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और स्टार्ट-अप सहित उद्योगों को स्वदेशीकरण के लिए रक्षा वस्तुएं प्रदान करते हैं। पीएम मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' संकल्प के लिए विस्तृत पैमाने पर किए गए प्रयासों से रक्षा वस्तुओं के स्वदेशीकरण में उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को साकार करने के प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

जो नई सूची तैयार की गई है, उनकी एक समयसीमा के बाद भारतीय उद्योगों से खरीद की जाएगी। इससे आयात के 1,048 करोड़ रुपए बचेंगे। अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी और रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमता भी बढ़ेगी।

### भारतीय कंपनियों द्वारा तैयार किए जाएंगे रक्षा उत्पाद

भारतीय कंपनियों ने रुचि पत्र/ प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए डिजाइन किए गए 'सृजन पोर्टल डैशबोर्ड पर एक लिंक दिया गया है, और उद्योग/ एमएसएमई/ स्टार्टअप बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए आगे आ सकते हैं।

### पहले भी कई रक्षा उत्पादों का हो चुका है स्वदेशीकरण

सैन्य मामलों के विभाग द्वारा अधिसूचित 509 वस्तुओं की पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के अतिरिक्त हैं। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। जून 2024 तक, स्वदेशीकरण के लिए उद्योग को 36,000 से अधिक रक्षा वस्तुओं की पेशकश की गई थी। पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। घरेलू विक्रेताओं को 7,572 करोड़ रुपए के ऑर्डर दिए हैं।

कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे की वजह सामने आई

# रेलवे की रिपोर्ट में तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही का हुआ खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में 17 जून को मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे की जांच के दौरान रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने माना कि तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही की गई। उन्होंने बताया कि ऑटोमैटिक सिग्नलिंग फेल होने के बाद लोको पायलट और स्टेशन मास्टरों के निर्देशों का पालन नहीं किया। साथ ही अधिकारियों ने भी लापरवाही की। उन्होंने ट्रेनों में ऑटोमैटिक ट्रेन सुरक्षा प्रणाली लगाने की सिफारिश की है।

### सिग्नल खराब होने के बाद भी ट्रेन नहीं रुकी

पहली वजह तो यह रही कि सिग्नल खराब होने के बाद भी सेक्शन में मालगाड़ी और कंचनजंगा एक्सप्रेस के अलावा पांच अन्य ट्रेनों ने भी प्रवेश किया था। वहीं कंचनजंगा एक्सप्रेस के लोको पायलट को छोड़कर किसी भी ट्रेन के लोको पायलट ने सिग्नल खराब होने के दौरान ट्रेन को 15 किमी प्रतिघंटा की गति से चलाने और खराब सिग्नल पर रुकने के रेलवे के नियम का पालन नहीं किया। दूसरी वजह सामने आई कि खराब सिग्निलंग को लेकर मालगाड़ी के चालक को जो टी/ए 912 फॉर्म जारी किया गया था, उसमें स्पीड का जिक्र नहीं था। तीसरी वजह मानी गई है कि ऑटोमैटिक सिग्नल फेल होने के बाद भी अफसरों ने सेक्शन में ब्लॉक नहीं लिया।



### कवच प्रणाली को लागू करने की जरूरत

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑटोमैटिक सिग्नल फेल होना चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 तक खतरे में सिग्नल पार करने से 208 घटनाएं सामने आईं। इनमें 12 घटनाएं ट्रेनों के टकराने की थीं।

नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री ने कहा-

# सीमा विवाद कूटनयिक तरीके से सुलझाना सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा ने कहा कि भारत के साथ सीमा समस्या को बिना किसी विवाद के कूटनीतिक तरीके से सुलझाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे सीमा विवाद को दोनों देशों के इतिहास, भूगोल और नई तकनीक जीपीएस के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।



### सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं

विदेश मंत्री डॉ. आरजू देउवा ने कहा कि पहले की तरह दोनों देशों के सीमा विवाद का पहले की तरह राजनीतिकरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही किसी भी विवाद को सुलझाया जाएगा। डॉ. देउवा ने कहा कि नई तकनीक के जरिए अब जीपीएस के जरिए सीमा पर बॉर्डर पिलर रखा जाएगा ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो।

अमित शाह हेल्पलाइन 'मानस' की करेंगे शुरुआत

# पीएम मोदी के 2047 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार (18 जुलाई, 2024) को नई दिल्ली में नार्को समन्वय केन्द्र (एनकोर्ड) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री शाह राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस'- मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र का शुभारंभ और श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।



### विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय

गृह मंत्रालय के अनुसार बैठक का उद्देश्य देश में मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने में शामिल विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियों के प्रयासों में समन्वय स्थापित करना है। सरकार के प्रयासों में समन्वय के लिए एक संयुक्त समन्वय समिति का गठन, प्रत्येक राज्य और संघशासित प्रदेश में एक समर्पित एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, नशीली दवाओं को नष्ट करने के अभियान को उच्च प्राथमिकता, नार्को अपराधियों के लिए निदान पोर्टल की शुरुआत, नशीली दवाओं का पता लगाने के लिए श्वान दस्तों का गठन, फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करना जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं।

मॉरीशस पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा

# भारत प्रगति और समृद्धि के लिए लगातार समर्थन करता रहेगा

एजेंसी ▶▶ पोर्ट लुईस

भारत-मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मंगलवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे। यहां उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत प्रगति और समृद्धि के लिए मॉरीशस का लगातार समर्थन करेगा। उसका साथ कभी नहीं छोड़ेगा। जयशंकर ने मॉरीशस के पीएम प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

12 परियोजनाओं में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया



### द्विपक्षीय संबंध और गहरे होंगे

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के मध्य विभिन्न पहलुओं को जानने और संबंधों को बरकरार रखने का मौका है। यात्रा बहुआयामी द्विपक्षीय संबंध और लोगों के साथ संबंध गहरा करने पर जोर देगी।

### मॉरीशस ने जताई कृतज्ञता

मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन ने पोस्ट किया कि मॉरीशस को लगातार समर्थन देने और चागोस द्वीप को लेकर उपनिवेशवाद, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता को लेकर पहल करने पर भारत और डॉ. एस जयशंकर के प्रति कृतज्ञता जताते हैं।

### मॉरीशस के साथ घनिष्ठ संबंध

मॉरीशस स्थित भारतीय उच्चायोग के अनुसार, यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की 'पड़ोस प्रथम की नीति', 'विजन सागर' और 'ग्लोबल साउथ' (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक कारणों से भारत के पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मॉरीशस के साथ घनिष्ठ एवं दीर्घकालिक संबंध हैं। भारत ने हमेशा से संकट के समय मॉरीशस की सबसे पहले सहायता की है।

ब्रिटिश जूलॉजिस्ट को 249 साल की सजा

# 40 कुत्तों का रेप व हत्या की, शोषण के लिए घर में बनाया था 'टॉर्चर रूम'

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में जूलॉजी (जीव विज्ञान) के विशेषज्ञ एडम ब्रिटन को कुत्तों का रेप और हत्या करने के जुर्म में 249 साल की सजा सुनाई गई है। पुलिस ने अप्रैल 2022 में एडम को गिरफ्तार कर लिया था। 52 साल का एडम मगरमच्छ का विशेषज्ञ है। उसने पिछले साल जानवरों पर जुल्म करने से जुड़े 60 आरोपों को स्वीकार कर लिया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, एडम एक ब्रिटिश नागरिक है। वह ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में मौजूद अपने घर पर कुत्तों को टॉर्चर करता था। उनका रेप करने के बाद वह उनकी हत्या कर देता था।



### रेप के वीडियो सोशल मीडिया पर

*एडम ने गमट्री ऑस्ट्रेलिया नाम की एक वेबसाइट के जरिए 42 कुत्ते खरीदे थे। उसने इन कुत्तों को एक शिपिंग कंटेनर में रखा। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2022 के बीच एडम ने 39 कुत्तों का रेप किया। उसने रेप के जो वीडियो बनाए उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर भी किया था।*

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का होगा विस्तार, बुजुर्गों को प्रदेश के तीर्थ स्थल भी दिखाएं जाएंगे

**युवाओं को प्रदेश की पुरा-संपदा और प्रसिद्ध स्थानों से करवाएं परिचितः डॉ. यादव**

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के साथ ही मप्र स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों के भ्रमण करवाए जाने को दृष्टिगत रखते हुए योजना का विस्तार किया जाए। इसके लिए धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग कार्य-योजना तैयार करें। यात्रा से जहां बुजुर्ग यात्रियों को अपने ही प्रदेश के प्रसिद्ध स्थान देखने और देव दर्शन का अवसर मिलेगा, वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण होगा। प्रदेश की भौगोलिक रचना के कारण नागरिक अनेक तीर्थ स्थान देख नहीं पाते और अपने ही प्रदेश की विशेषताओं से अनजान रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन संबंधी मंत्रालय में हुई बैठक में बोल रहे थे।

## युवाओं के ज्ञान में वृद्धि होगी

### विद्यार्थियों को कराया जाएगा प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण

सीएम ने कहा कि युवा वर्ग को भी प्रदेश की पुरा-संपदा और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों से परिचित करवाने के लिए अन्य विभाग भी पहल करें। ज्ञान-विज्ञान के केंद्रों, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों, प्राकृतिक सुंदरता के स्थानों और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों तक युवाओं को ले जाने से उनके ज्ञान में वृद्धि होगी। जनजातीय विकास विभाग की ओर से प्रत्येक जिले से मेरिट एवं अन्य आधार पर विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण करवाया जाए। धार्मिक न्यास, धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी और अन्य उपस्थित रहे।

### जनजातीय कलाकारों की सांस्कृतिक यात्रा भी करें आयोजित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में अनेक लोक गायक, संगीतकार और कलाकार निवास करते हैं। इन्हें प्रदेश के विभिन्न स्थानों के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया जाए। वे मंचीय प्रस्तुति के लिए अपनी यात्रा, पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ करें। विभिन्न देव स्थानों के भ्रमण का लाभ भी उन्हें मिलेगा। ऐसे स्थानों पर आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों और श्रद्धालुओं तक कलाकारो की कला भी पहुंचेगी।

### देव स्थलों पर भी विभिन्न सुविधाओं का विकास जरूरी

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थानों के साथ ही अन्य देव स्थलों पर भी विभिन्न सुविधाओं का विकास जरूरी है। देव स्थल परिसर सुविधायुक्त हों, इसके लिए विभिन्न संबंधित विभाग सक्रिय रहें। उन्होंने राम राजा की नगरी ओरछा, शारदा माता के स्थान मैहर, बड़ा महादेव मंदिर, चौरागढ़ महादेव, जटा शंकर पचमढ़ी पर व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोकों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

### आठ लाख लोगों को मिला है योजना का लाभ

धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग ने प्रेजेंटेशन में बताया कि प्रदेश में वर्ष 2012 से शुरू मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का आईआरसीटीसी से योजना का संचालन किया जा रहा है। इसमें देश के 41 एकल तीर्थ स्थल और 9 युग्म तीर्थ स्थल सम्मिलित हैं। पिछले 12 वर्ष में प्रदेश के लगभग 8 लाख श्रद्धालुओं को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का चयन किया जाता है। महिलाओं के लिए दो वर्ष की छूट है। जो नागरिक 65 वर्ष से अधिक आयु के हैं, अथवा दिव्यांग हैं उन्हें अपने साथ सहायक ले जाने की पात्रता है। तीर्थ यात्रियों को भोजन, रहने की सुविधा के साथ ही चिकित्सा, सुरक्षा और सड़क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाती है।

### प्रदेश के 18 हजार 480 श्रद्धालु लाभान्वित हुए

पिछले वित्त वर्ष में 29 भारत गौरव ट्रेनों के संचालन से प्रदेश के 18 हजार 480 श्रद्धालु लाभान्वित हुए। वर्तमान वित्त वर्ष में वाराणसी- अयोध्या, रामेश्वरम, द्वारका, जगननाथपुरी, कामाख्या, शिर्डी, हरिद्वार, मथुरा- वृंदावन, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की दीक्षा भूमि (नागपुर) और स्वर्ण मंदिर अमृतसर के लिए 35 ट्रेनों की व्यवस्था कराई जाएगी। वर्ष 2023-24 से वायुयान से तीर्थ यात्रा भी शुरू की गई है। इसका लाभ प्रदेश के 25 जिलों के 790 तीर्थ यात्रियों को प्राप्त हुआ है। इन्हें भोपाल और इंदौर एयरपोर्ट से प्रयागराज, गंगासागर, शिर्डी और मथुरा वृंदावन की यात्राएं कराई गईं।

---

## पारंपरिक मेलों व भव्य यात्राओं का प्रभावी माध्यम से करें प्रचारः सीएम

# राजधानी में राजा भोज की कलाओं और साहित्य पर आधारित रिसर्च सेंटर बनेगा

**प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पर्यटन संबंधी रोजगार मूलक स्किल कोर्स के संचालन के लिए करें प्रयास**

**मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में मप्र पर्यटन बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक में दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के पारम्परिक भव्य मेलों और यात्राओं जैसे भगोरिया उत्सव एवं महाकाल की सवारी आदि का प्रभावी माध्यम से प्रचार करें। आधुनिक प्रचार -प्रसार के साथ पारम्परिक वाद्य यंत्रों को बजाने वाले स्थानीय कलाकारों और पारम्परिक नृत्य दलों को जोड़कर उन्हें प्रोत्साहित करें। इससे स्थानीय कला और पारम्परिक नृत्यों का भी प्रचार-प्रसार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में मप्र पर्यटन विकास बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पर्यटन बोर्ड की संरचना, दायित्वों, निवेश संवर्धन की नीतियों, प्रचार-प्रसार और पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में राजा भोज की कलाओं और साहित्य पर आधारित रिसर्च सेंटर या म्यूजियम बनाने की योजना पर कार्य करें। युवाओं को आकर्षित करने वाली साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा दें। फिल्मांकन के लिए आने वाले प्रोडक्शन हाउस और कलाकारों से समन्वय कर प्रदेश की अच्छी योजनाओं और उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

### पर्यटन क्षेत्र में रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट कोर्स संचालित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय से जुड़कर पर्यटन क्षेत्र में रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेन्ट कोर्स संचालित करने की योजना पर कार्य करें। इससे प्रदेश के अधिकाधिक युवा पर्यटन से जुड़ेंगे और उन्हें रोजगार भी मिलेगा। साथ ही सहकारिता के माध्यम से पर्यटन स्थलों के पास वे-साइड एमेनिटीज और हाईवे ट्रीट आदि को भी चलाने का प्रयास करें। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म डेवलपमेन्ट बोर्ड शिवशेखर शुक्ला ने पर्यटन बोर्ड की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और उपाध्यक्ष टूरिज्म डेवलपमेन्ट बोर्ड धर्मेंद्र सिंह लोधी वीसी के माध्यम से जुड़े। मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष सिंह, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई और प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम इलैया राजा टी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के संचालन की समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के संचालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन मार्गों पर यात्रियों की बुकिंग अधिक आ रही है, वहां उड़ानों की संख्या बढ़ाएं। अधिक बैठक क्षमता वाले एयरक्राफ्ट संचालित करें। धार्मिक तीर्थ दर्शन योजना में वायु सेवा के मार्ग को शामिल करें। साथ ही शासन के क्लास-2 और 3 कार्यपालिक अधिकारियों को भी पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा की ओर से आवागमन के लिए पात्रता पर विचार कर प्रस्ताव बनाएं।

---

## अभियानों में परिषद की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका

# जन अभियान परिषद आदर्श ग्रामों के विकास व नए सेवा क्षेत्रों में करें कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र जन अभियान परिषद, सामाजिक संगठनों के सहयोग से आदर्श ग्रामों के विकास, कृषि, पशुपालन, जैसे क्षेत्रों में नवीन प्रकल्पों को क्रियान्वित करें।

अंतरराज्यीय परियोजनाओं के प्रदेश के संबंधित क्षेत्र में आमजन के बीच जागरूकता के निर्माण और आदर्श ग्रामों के विकास के कार्य भी प्राथमिकता से किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार मंत्रालय में परिषद के शासी निकाय की बैठक में गतिविधियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### रूरल टूरिज्म के लिए जन सहयोग जुटाने का कार्य करें

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि हैरीटेज एवं रूरल टूरिज्म के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और ग्रामों में जन सहयोग जुटाने का कार्य किया जाए। इसी तरह किसानों के बीच जाकर जीरो बजट पर खेती, पशुओं की नस्ल सुधार, गांव के मसले गांव में ही हल किए जाने के साथ ही, जिन ग्रामों में कोई विवाद नहीं है, उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने का कार्य भी करना है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद जन सेवा के अछूते क्षेत्रों में भी कार्य की पहल करें।

### पाठ्यक्रम पुस्तिकाओं का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उप-मुख्यमंत्री देवड़ा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री पटेल ने विभिन्न पाठ्यक्रम पुस्तिकाओं का संयुक्त रूप से विमोचन किया। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट की ओर से समाज कार्य स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम का विमोचन किया गया। आठ पुस्तिकाओं में समाज कार्य का परिचय, पर्यावरण अध्ययन, हिंदी भाषा, प्रवेश विवरणिका, अंग्रेजी भाषा और भारतीय संस्कृति, समाज कार्य एवं अन्य अवधारणाएं, योग एवं ध्यान, विकास की अवधारणा एवं क्रियान्वयन शामिल है।

### श्रम की सामाजिक आर्थिक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की

समाज कार्य परास्नातक पाठ्यक्रम (एमएसडब्ल्यू) औद्योगिक संगठनों में समाज कार्य, मानव संसाधन प्रबंधन, हिंदी भाषा और संस्कृति, सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। बैठक में भूमिहीन की आवाज और कृषि, श्रम की सामाजिक आर्थिक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला आदि उपस्थित थे।

---

**मालवा-निमाड़ के 14 जिला मुख्यालयों पर स्मार्ट मीटरीकरण कार्य**

# स्मार्ट मीटर का स्थापना कार्य सात लाख के करीब पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटलाइजेशन और उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहरों में स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य प्राथमिकता के साथ कर रही है। मालवा-निमाड़ के 14 जिला मुख्यालयों पर स्मार्ट मीटरीकरण कार्य शुरू किया गया था। इन सभी स्थानों पर उपभोक्ता सेवाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। रीडिंग, बिलिंग को लेकर शिकायतें भी व्यापक रूप से घटी हैं।

विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि जुलाई के दूसरे सप्ताह की स्थिति में 14 शहरों (जिला मुख्यालयों) में स्मार्ट मीटर की स्थापना हुई है। इनमें इंदौर शहर में करीब 2.93 लाख स्मार्ट मीटर लगे है। इसके बाद उज्जैन में 80 हजार, रतलाम में 72 हजार, देवास में 46 हजार, खरगोन में 43 हजार स्मार्ट मीटर लगे है। इसके अलावा बड़वानी, झाबुआ, लीराजपुर, धार, खंडवा, शाजापुर, मंदसौर, नीमच में भी हजारों की संख्या में स्मार्ट मीटर लगे है। दो सप्ताह पहले आगर जिला मुख्यालय पर भी स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य शुरू किया गया हैं।

### तीन-चार शहर पूरी तरह स्मार्ट मीटरीकृत हो जाएंगे

मंत्री तोमर ने बताया कि 15 अगस्त तक तीन-चार शहर पूरी तरह स्मार्ट मीटरीकृत हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालयों के अलावा भी नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक करीब 6.85 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, जल्दी यह आंकड़ा सात लाख पार कर जाएगा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि स्मार्ट मीटर निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। इससे रीडिंग ऑटोमेटेड मिल जाती हैं, समय पर सटीक रीडिंग मानव हस्तक्षेप के बिना तय वार, समय पर मिलने से बिल त्रुटिरहित जारी होते हैं। इससे रीडिंग, बिलिंग को लेकर शिकायतें भी तुलनात्मक रूप से कम हुई हैं। उपभोक्ता अपने मोबाइल पर ऊर्जस एप डाउनलोड कर स्मार्ट मीटर संबंधी जानकारी भी देख सकता हैं।

# अश्लील वीडिया वेबसाइट पर किया अपलोड, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अश्लील वीडियो से संबंधित एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल को जब्त कर लिया है। जिसका उपयोग इस काम में किया गया था। इसके साथ ही दो वेबसाइट पर वीडियो अपलोड करने को लेकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

उरगा पुलिस ने मामले में शुभम, कमल दास और परसराम को गिरफ्तार किया है। कोरबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से अश्लील हरकत पिछले दिनों की गई थी। जिसका वीडियो आरोपियों ने बनाया गया था। बाद में उसे द वॉयस और एक अन्य वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया। जांच और तथ्य के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही वीडियो बनाने वाले आरोपियों के कब्जे से संबंधित मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि किशोरी 12 साल की है। वहीं 18 साल का युवक गांव के पास अश्लील हरकत कर रहे थे। जिसके बाद वीडियो वायरल होने लगा। कुछ दिन बाद वेबसाइड पर भी आ गया। जहां शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

## रायगढ़ में मजदूरों से भरी पिकअप पलटी एक की मौत

**रायपुर।** तेज रफ्तार पिकअप पलटने से 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। दरअसल, पिकअप सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला थाना से सारंगढ़ की ओर आ रही थी। पिकअप तेज रफ्तार होने की वजह से ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा, जिससे पिकअप पलट गई। इस दौरान मौके पर एक की मौत हो गई, वहीं 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें से कई लोगों को रायगढ़ के अस्पताल रेफर किया गया है। बता दें कि पिकअप में मजदूर सवार थे। यह हादसा बरमकेला क्षेत्र के जंगल रोड पर हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप में खैरझीटी गांव के मजदूर सवार थे, जो सारंगढ़ जा रहे थे।

# कबीरधाम के स्कूल में शराब पीकर पहुंचा शिक्षक, कलेक्टर के आदेश पर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

शराब पीकर स्कूल पहुंचे शिक्षक को कलेक्टर के निर्देश पर सस्पेंड कर दिया गया है। मामला कबीरधाम जिले के शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम महराजपुरडीह का है। इसे लेकर सोमवार देर रात आदेश जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार, कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम महराजपुरडीह के सहायक शिक्षक (एलबी) फत्ते सिंह धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन की यह कार्रवाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर हुई। आदेश में बताया गया है कि शिक्षक फत्ते सिंह धुर्वे छह अक्तूबर 2023 से चार अप्रैल 2024 तक अनुपस्थित रहते हुए नौ अप्रैल 2024 को मेडिकल अनफिट व फिट प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

चार जुलाई 2024 से दस जुलाई 2024 तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे है। इसके बाद 11 जुलाई 2024 को सुबह 11.45 बजे शराब पीकर स्कूल में उपस्थित होने की सूचना प्राप्त हुई। शिक्षक फत्ते सिंह धुर्वे का यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है। अतः छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियत्रंण एवं अपील) नियम 1966 के भाग 04 के नियम 09 में प्रदत्त शक्ति को प्रयोग में लाते हुए शिक्षक फत्ते सिंह धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, पंडरिया नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। शिक्षक को निलंबित करने का सोमवार देर रात आदेश जारी किया गया है।

---

## कुछ वरिष्ठ विधायक भी हो सकते हैं मंत्रिमंडल में शामिल

**विभाग बदल कर कतरे जा सकते हैं कुछ मंत्रियों के पर**

# राम निवास को अब तक नहीं मिला विभाग कमलेश शाह को मंत्री बनाने की तैयारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सिर्फ अकेले मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद राम निवास रावत एक और रिकार्ड कायम करते नजर आ रहे हैं, बिना विभाग के मंत्री बने रहने का। रावत को मंत्री पद की शपथ लिए 9 दिन गुजर चुके हैं। मंत्रालय में उनके लिए कक्ष भी आवंटित किया जा चुका है लेकिन अब तक उन्हें कोई विभाग नहीं दिया गया। आमतौर पर शपथ लेने के 24 घंटे के अंदर विभाग आवंटित कर दिया जाता है। दूसरी तरफ कांग्रेस से भाजपा में आकर अमरवाड़ा से उप चुनाव जीते कमलेश शाह को मंत्री बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों का कहना है कि शाह के साथ कुछ वरिष्ठ विधायकों को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा विभाग बदल कर कुछ कमजोर परफारमेंस वाले मंत्रियों के पर भी कतरे जा सकते हैं।

### पसंदीदा विभाग की मांग के कारण आ रही अड़चन



राम निवास रावत को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद कहा जा रहा था कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपना कोई विभाग उन्हें दे देंगे। पर खबर है कि रावत की इच्छा अपनी पसंद का विभाग लेने की है। नेतृत्व को उन्होंने इससे पहले ही अवगत करा दिया था। समस्या यह है कि जो विभाग रावत चाहते हैं, वह भाजपा के एक वरिष्ठ मंत्री के पास है, जो पहले सांसद थे और अब प्रदेश सरकार में मंत्री। उनसे वह विभाग लेकर रावत को देना आसान नहीं है क्योंकि वे भी विभाग छोड़ना नहीं चाहते। इसकी वजह से रावत को विभाग देने का मामला अटका हुआ है।

### रावत को विभाग देने के साथ ये बदलाव भी संभव

सूत्रों का कहना है कि राम निवास रावत को विभाग आवंटित करने के साथ मंत्रिमंडल में शामिल कुछ अन्य सदस्यों के विभागों में भी बदलाव किया जा सकता है। इसका आधार परफारमेंस को बनाया जा सकता है। राज्य सरकार के 6 माह के कार्यकाल में कुछ मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। कुछ को निष्क्रिय बताया जा रहा है। इसके आधार पर कुछ को हटा कर गोपाल भार्गव और भूपेंद्र सिंह जैसे कुछ वरिष्ठ विधायक मंत्री बनाए जा सकते हैं।

### इसलिए कमलेश का मंत्री पद पक्का

कमलेश शाह का मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना कई कारणों से पक्का है। पहला, वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा जिले से हैं और उनके खास समर्थक रहे हैं। दूसरा, कमलेश के उप चुनाव में जीतने से छिंदवाड़ा जिले में भाजपा का खाता खुला है। इस जिले में भाजपा का एक भी विधायक नहीं था। तीसरा, कमलेश शाह आदिवासी वर्ग से आते हैं और छिंदवाड़ा जिला आदिवासी बाहुल्य है। इसके अलावा शाह को मंत्रिमंडल में शामिल कर कमलनाथ को और कमजोर करने की रणनीति अपनाई जा सकती है।

---

## विद्युत वितरण केंद्र एवं जोन स्तर पर जनसुनवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत वितरण कंपनियों में वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय स्तर तक के सभी कार्यालयों में हर मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के मध्य जनसुनवाई का आयोजन किया जाए। जनसुनवाई में संबंधित कार्यालय प्रमुख उपस्थित रह कर उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण करें। उन्होंने कहा है कि सभी समस्याओं का लेखाजोखा पोर्टल पर संधारित कर निराकरण का मासिक प्रतिवेदन मंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए।

## व्यापमं, नीट और नर्सिंग घोटाले को लेकर जमकर निशाना साधा

# नर्सिंग घोटाले में मंत्री से लेकर वीसी तक सब शामिल : दिग्विजय

जबलपुर।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और व्यापमं घोटाले से नीट परीक्षा नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। नर्सिंग घोटाले में उन्होंने तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री और वर्तमान में प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि श्री सारंग सहित मेडीकल यूनिवर्सिटी के वीसी और अन्य पदाधिकारी भी इस गड़बड़ी में शामिल हैं इसकी जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने नीट परीक्षा में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि व्यापमं से लेकर नीट तक में एक ही व्यक्ति का हाथ है और उनकी नियुक्ति व्यापमं की संरचना के साथ की गई थी। प्रदीप जोशी नाम के व्यक्ति को उन्होंने कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि नीट का पेपर परीक्षा से दो दिन पहले लीक हो गया, लेकिन परीक्षा आज तक निरस्त नहीं की गई। इस मामले की जांच भी उन्हीं को सौंपी गई है, जिनके प्रभार के दौरान यह गड़बड़ी हुई। इसी तरह से असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती में भी उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। जबलपुर प्रवास के दौरान श्री सिंह यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन उपस्थित रहे। पत्रकार चर्चा के दौरान श्री सिंह ने स्वीकार किया कि लोकसभा चुनाव में मप्र में चुनाव नतीजें कांग्रेस के लिए बेहद निराशाजनक रहे। पार्टी स्तर पर इसकी समीक्षा की जा रही है।




### गुजरात की कंपनियां देश भर में ठेके ले रही

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि गुजरात की कंपनियां देश भर में ठेके ले रही हैं और ठेके लेकर काम पेटी कांट्रेक्ट में पलटा रही है। हालांकि उन्होंने कहा कि जबलपुर में आगमी 20 जुलाई को हो रही रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव से काफी उम्मीदें हैं। लेकिन मध्य प्रदेश में परसेंटेज आफ एमयू फार इन्वेस्टमेंट मात्र 7 प्रतिशत है। बड़े-बड़े अधिकारी और बड़े-बड़े निवेशक या उद्योगपति आपस में अपने संबंधों को मजबूत करेंगे।

### पौधारोपण में खर्च का ऑडिट हो

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करना अच्छी बात है। लेकिन प्रदेश में रिकार्ड बनाने के लिए पौधे रोपण करना एक अलग बात है। उन्होंने कहा कि पौधे लगवाए जा रहे तो उनकी संरक्षा एवं संवर्धन की दिशा में भी काम होना चाहिए। पौधे रोपण का ऑडिट हो। पौधे खरीदने व गड्ढे खुदवाने के लिए कितने पैसे खर्च हुए और इसका कितना लाभ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व इसका भी ऑडिट कराया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गड्ढे करवाना, पौधे खरीदना और रिकार्ड बनाने के लिए पौधारोपण कराना यही भ्रष्टाचार का तरीका है।

### नायडू-नीतिश की कृपा पर टिकी सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा सरकार ढाई सौ भी पार नहीं कर पाई। ये इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भाजपा अब ढलान पर है। नीतिश कुमार और चंद्रकुमार नायडू की कृपा पर मोदी की कुर्सी और एनडीए की सरकार निर्भर है। जब तक इनका समर्थन हासिल है तब तक सरकार रहेगी, इसके बाद क्या होगा यह तो भविष्य के गर्भ में है।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दायर की चुनाव याचिका

**राजगढ़ लोकसभा चुनाव का मामला**

**जबलपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हाई कोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है। इसके जरिये राजगढ़ लोकसभा चुनाव को कठघरे में रखा है। उनकी ओर से अधिवक्ता संजय अग्रवाल पैरवी करेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि चुनाव याचिका के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव में निर्वाचित होकर सांसद बने रोडमल नागर का निर्वाचन निरस्त किए जाने पर बल दिया गया है। साथ ही नये सिरे से राजगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव कराए जाने की मांग की गई है।



### ईवीएम व वीपीपेट पर भी सवाल खड़े किए

अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि चुनाव याचिका में ईवीएम व वीपीपेट पर सवाल खड़े किए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना प्रक्रिया उपरांत वीपीपेट रोल आदि को संरक्षित नहीं रखा। इससे चुनाव परिणाम की शुचिता प्रभावित हुई है।



## 11-11 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिव्त यात्री यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 05293/05294 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर के मध्य 11-11 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 05293 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 16 जुलाई से 24 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार को मुजफ्फरपुर स्टेशन से 10.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मध्य रात्रि 00.50 बजे सतना, 02.30 बजे कटनी, 03.55 बजे जबलपुर, 05.13 बजे नरसिंहपुर , 06.23 बजे पिपरिया, 08.10 बजे इटारसी और रात्रि 23.50 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05294 सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 18 जुलाई से 26 सितंबर 2024 तक प्रत्येक गुरूवार को सिकंदराबाद स्टेशन से भोर 03.55 बजे प्रस्थान कर, रात्रि 19.40 बजे इटारसी, 20.18 बजे पिपरिया, 21.18 बजे नरसिंहपुर, 22.15 बजे जबलपुर पहुंचकर अगले दिन मध्य रात्रि 00.40 बजे कटनी, 02.05 बजे सतना और सायं 16.30 बजे मुजफ्फरपुर स्टेशन पहुँचेगी।

**शिक्षा को व्यापार बनाने किये गए नर्सिंग घोटाले**

# सरकार की झूठी घोषणाओं के खिलाफ युवक कांग्रेस ने दिया सत्याग्रह धरना

जबलपुर।

जबलपुर युवक काँग्रेस द्वारा सिविक सेंटर में सरकार की छात्र व युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय सत्याग्रह धरना दिया, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह यादव व नगर अध्यक्ष विजय रजक ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा को व्यापार बनाने किये गए नर्सिंग कॉलेज घोटाले ने व सरकार की झूठी घोषणाओं ने युवाओं व छात्रों का भविष्य खत्म कर दिया है, सरकार व सरकार के नुमाइंदो की नजर सिर्फ पैसे और घोटालो की ओर है, प्रदेश की सरकारी जमीनों को भी बेचने का नया धंधा सरकार ने चालू किया है



जिसके चलते जबलपुर में भी BSNL समेत अन्य सरकारी विभागों को की बोली लगाई जा रही हैं, जनता को इन सभी मुद्दों के प्रति जागरूक करने के लिए आज सत्याग्रह किया गया है आगे भी सरकार की हर गलत नीति के खिलाफ युवा काँग्रेस आंदोलनरत रहेगी।

सत्याग्रह में बैठे युवाओ व काँग्रेस कार्यकर्ताओ का हौसला बढ़ाने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंग भी पहुँचे और संगठन को और मजबूत करने का गुरुमंत्र दिया। धरना प्रर्दशन में वरिष्ठ नेता रमेश चौधरी, विनय सक्सेना, संजय यादव, सौरभ शर्मा, कौशल्या गोंटिया, सम्मति सैनी, तेज कुमार भगत, राहुल रजक आदि युवा नेता उपस्थित थे।



# सदन में रात भर धरने पर डटे रहे कांग्रेस पार्षद

जबलपुर।

नगर सत्ता द्वारा बहुमत के दम पर बिना किसी सुझाव व संसोधन के बजट पारित करने के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा सदन में धरना दिया जा रहा हैं। रात भर कांग्रेस पार्षद धरने पर बैठे रहे। नगर निगम के द्वारा उनको सुबह नाश्ता भी पहुंचाया गया। इस बात की खबर जब नगर प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को लगी तो वे यहां कांग्रेस पार्षदों से मिलने पहुंचे, उन्होंने नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सचेतक अयोध्या तिवारी से मुलाकात की। पार्षदों ने उन्हें अवगत कराया कि शहर में जलप्लावन व जल संकट दोनां की गंभीर समस्या हैं। इन विषयों पर बजट में प्रावधान के लिए कांग्रेस दल अपने सुझाव संशोधन देना चाह रहा था लेकिन विपक्ष की बात अनसुनी करके निगम अध्यक्ष ने संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन कर बहुमत के आधार पर बजट पारित कर दिया। इसका कांग्रेस पार्षद दल द्वारा विरोध किया जा रहा है।

**धरने में पहुंचे पूर्व मंत्री दिग्विजय सिंह, पार्षदों से कहा जनता के बीच जाए**

पूर्व मुख्यमंत्री ने पूरी बात सुनने के बाद पार्षदों से कहा कि वे अपने-अपने वार्ड और नगर निगम के ज़ोनों में जाकर अधिकारियों को इन समस्याओं से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्षद दल सड़क पर उतर कर और वार्ड में जाकर नगर सत्ता और अधिकारियों की कार्यप्रणाली की सच्चाई जनता के सामने रखे। इस अवसर पर पार्षद संतोष दुबे पंडा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, राज्यसभा सासंद प्रतिनिधि ताहिर अली, पार्षद शफीक हीरा, जित्तू ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।




## केंद्रीय मंत्री गड़करी ने मप्र में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली

**जबलपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में बैठक लेकर मध्यप्रदेश में 100 करोड़ से अधिक लागत वाली सभी निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। लोक निर्माण मंत्री मध्यप्रदेश राकेश सिंह भी उपस्थित रहे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में किए जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अमृत सरोवरों की तर्ज पर राज्य में तैयार किए जा रहे लोक निर्माण सरोवरों की भी जानकारी साझा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के म.प्र. में 18 हजार करोड़ रूपये की लागत के 28 प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के 4 हजार करोड़ रूपये के 10 प्रोजेक्ट्स की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में परियोजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्यों में आने वाली बाधाएं, विलंब, भूमि अधिग्रहण एवं वन अनुमतियों जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने परियोजनाओं में निर्माण के दौरान होने वाले परिवर्तनों के लिए डीपीआर कंसल्टेंट्स की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए। सड़क निर्माण के दौरान काटे जाने वाले वृक्षों को शिफ्ट करने की संभावनाओं पर जोर देते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मध्यप्रदेश को रोड साइड ट्री-प्लांटेशन पॉलिसी तैयार करने का सुझाव दिया। इसमें राजमार्ग मंत्रालय से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि यह समीक्षा बैठक मध्यप्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और परिवहन सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह रहे उपस्थित**

## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी ने रोपे पौधे

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर "एक पेड़ मां के नाम अभियान" अंतर्गत आज मंगलवार 16 जुलाई को जिला आयुष अधिकारी डॉ अर्चना मरावी ने सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट स्थित आयुष कार्यालय भवन के समीप पौधारोपण किया। इस दौरान पारिजात, पुत्रजीवक, सीता अशोक, वज्रदंती, मुनगा, वाकूची, आंवला, वासा, रूद्राक्ष, बहेडा, महुआ, जामुन, शीशम, रीठा, चिरोल, काली हल्दी एवं जासवन सहित लगभग बीस पौधे रोपे।

## केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी के निर्देशन एवं कमाण्डेन्ट श्रीमती प्रीतिबाला सिंह के मार्गदर्शन में आज 16 जुलाई को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड मंगेली में निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ सीके नियोगी, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिलाषा, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ सरोज सिंह ने लगभग 150 अधिकारी - कर्मचारी एवं जवानों प्रशिक्षणार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण किया। इस दौरान श्रीमती पूजा कुशराम, प्लाटून कमाण्डर श्री कैलाश सिंगारे, प्लाटून कमाण्डर श्री जितेन्द्र पटेल एवं कार्यकारणी सदस्य रेडक्रास सोसायटी श्री सुनील गर्ग सहित सीटीआई स्टाफ भी मौजूद रहा।

**इस बार श्रावण माह का प्रारंभ और समापन सोमवार को पांच सर्वार्थ सिद्धि योग**

# अमृत सिद्धि योग और रवि पुष्य का विशेष संयोग बना श्रावण माह में

जबलपुर।

पंचांग की गणना के अनुसार श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से मूल रूप से श्रावण की शुरुआत मानी जाती है। जबकि, शास्त्रीय मान्यता में आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से ही श्रवण का आरंभ हो जाता है, किंतु पक्ष काल की गणना से देखें तो 22 जुलाई को सोमवार के दिन श्रवण नक्षत्र में प्रीति योग के संयोग में मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में श्रावण मास का आरंभ होगा। इस बार श्रावण मास में दो तिथियां का क्षय होगा, इसके कारण यह माह 29 दिनों का रहेगा। श्रवण की शुरुआत सोमवार से होगी और सावन का समापन भी सोमवार को होगा इस माह में कुल पांच सोमवार आएंगे। श्रावण महिने में खास छह योग भी आ रहे है।

पं. शिवशंकर तिवारी ने बताया कि श्रावण मास का आरंभ श्रवण नक्षत्र में हो रहा है। श्रवण नक्षत्र का परिभ्रमण काल इस दिन तकरीबन 23 घंटे का रहेगा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में नक्षत्र के नाम से महीनों के नाम तय किए गए है। इस दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में श्रावण का आरंभ शुभ और कल्याणकारी माना जाता है। यह नक्षत्र कार्य की सिद्धि के लिए उपयुक्त बताया गया है। श्रावण मास में सोमवार का विशेष महत्व है। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए माना जाता है और भगवान शिव का विशेष दिन सोमवार बताया गया है। सावन में सोमवार या सोमवार से श्रवण की शुरुआत पूरे माह पर्यंत भगवान शिव की आराधना का संकल्प के आधार पर अनुष्ठानात्मक या अभिषेकात्मक पूजन से भगवान शिव को प्रसन्न करने का माना गया है। श्रवण नक्षत्र में सावन का आरंभ श्रवण नक्षत्र में सोमवार का दिन विशेष रूप से फल देने वाला बताया जाता है।

### शिव आराधना से करें संकल्पों की सिद्धि

श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना करने से मनोरथ सिद्ध होते है। इस महिने के दौरान शिव कथा लीला अमृत का पारायण, शिव महापुराण का पारायण, शिव स्तोत्र, शिव कवच का पाठ कर महामृत्युंजय की साधना आराधना करने से मन बुद्धि शरीर का रोग दोष समाप्त होता है। उत्तम स्वास्थ्य उत्तम दीर्घायु की प्राप्ति होती है। श्रावण महीने में पंचोपचार या षोडशोपचार से भगवान शिव की पूजन, शिवलिंग का नित्य अभिषेक अथवा सामान्य जल से भी भगवान शिव का अभिषेक करने से पारिवारिक सुख शांति के साथ-साथ घर परिवार में वायव्य दोष की भी निवृत्ति होती है।

### खास योग भी इसी माह में रहेंगे

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में योग संयोग का विशेष महत्व बताया जाता है। इस बार श्रावण मास में पांच सर्वार्थ सिद्धि योग, एक अमृत सिद्धि योग और रवि पुष्य का विशेष संयोग रहेगा। ऐसी मान्यता है कि इन योगों में भगवान शिव की विशेष आराधना कार्य की सिद्धि के साथ-साथ मनोवांछित फल प्रदान करती है। यही नहीं इन योगों के दौरान विशेष कार्य भी साधे जा सकते हैं।

### श्रावण में ग्रहों के नक्षत्र परिवर्तन भी होंगे

श्रावण मास में ग्रहों के नक्षत्र परिवर्तन भी होंगे। मंगल ग्रह व गुरू रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। शुक्र मघा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। सूर्य अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। 16 जुलाई को सूर्य मघा नक्षत्र में और शनि पूर्वाभद्रपद नक्षत्र के पहले चरण में प्रवेश करेंगे। यह परिवर्तन वर्षा ऋतु के मान से अनुकूल रहेगा।

### धर्म, अध्यात्म, दान-पुण्य के लिए खास महीना

पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना करने के बाद यथा श्रद्धा यथा भक्ति सत्संग पारायण का भी लाभ लिया जा सकता है। मान्यता यह भी है कि पारायण करने के बाद या सत्संग के बाद खड़े धान का दान करना चाहिए। वहीं पशु को चारा पक्षियों दाना देना चाहिए। यह एक विशेष अनुक्रम रहता है, जिसका पूर्ण फल प्राप्त होता है।

## एक भी सामूहिक विवाह नहीं हुए

# जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का नहीं मिला लाभ

**सिहोरा।** सिहोरा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत निवासरत अनेक गरीब परिवार सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का इन्तजार करते रह गये और दुसरी विधानसभाओं में उक्त विवाह संपन्न हो गये।

### जनप्रतिनिधियों ने रही दिखाई रुचि

विदित हो लम्बे ब्रेक के बाद 2 जुलाई से 15 जुलाई तक विवाह मुहूर्त होने के कारण अनेक परिवार अपनी बेटी के हाथ पीले करने के सपने संजोए बैठे रह गये। ग्राम पंचायत,नगर पालिका एवं विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी कर्मचारियों की निष्क्रियता के चलते बेटी के पिता का ब्याह के बोझ से हल्का होने का सपना फिलहाल अधूरा रह गया।

### फिसड्डी साबित हुई सिहोरा विधानसभा

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा रुचि न लेने के कारण इस बार योजना के तहत गरीब बेटियों की शादी कराने में पूरी विधानसभा फिसड्डी साबित हुई । इसमें विधानसभा क्षेत्र में भाजपा मंडल स्तर के पदाधिकारी भी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे और उन्होंने भी इस संबंध में कोई प्रयास नहीं किया। इस संबंध में सिहोरा के प्रभारी अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने मामले की सफाई देते हुए जहां जनपद पंचायत पूर्व में सामूहिक विवाह आयोजन का हवाला दे रही है वहीं नगर पालिका आवेदन प्राप्त न होने के कारण आगामी नवंबर माह



में आयोजन कराने की बात कर रही है।

### विभागीय स्तर पर लापरवाही के आरोप

सामूहिक विवाह योजना के तहत बेटियों के कन्यादान का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार न करने एंव जनप्रतिनिधियों और प्रभारी बन के बैठे अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण अनेक जरुरतमंद परिवार भी लाभ से वंचित रह गये। असल में विभागीय स्तर पर लापरवाही के कारण अधिकतर लोगों को योजना के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है । योजना के बारे में लगातार प्रचार प्रसार न किये जाने के कारण बहुत कम लोगों ने इसका फायदा उठाया है।

### नवम्बर माह में होगा आयोजन

कन्यादान योजना के प्राप्त आवेदनो की संख्या के अनुसार जनपद पंचायत समाजिक न्याय विभाग से संभावित तिथि लेकर आयोजन कराती है नगर पालिका क्षेत्र में संभवतः नवम्बर माह में आयोजन किया जाएगा।

-**जय श्री चौहान** मुख्य नगरपालिका, अधिकारी सिहोरा

### अभी कुछ बता पाने में असमर्थ हुं

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पूर्व में आयोजन किया गया था फिलहाल आवेदनों की जानकारी नहीं है इसलिए अभी कुछ बता पाने में असमर्थ हुं।

-जितेन्द्र गुप्ता
प्रभारी मुख्य कार्यपालन
अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा

# ताजिया सवारी का समापन जुलूस आज

## शहादत की रात में सजावट का नजारा देखने जनसैलाब उमड़ा

**जबलपुर।** शहादत के पर्व मुहर्रम की बुधवार 17 जुलाई को दस तारीख योमे आशूरा है। इस्लामी धर्म ग्रंथों के अनुसार चौदह सो साल पहले पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि.) ने अपने 72 जाँनिसारों के साथ कर्बला में 3 दिन प्यासे रहकर दसवीं मुहर्रम आशूरा को शहादत का जाम नोश फरमाया था। हजरत इमाम आली मुकाम की शहादत बातिल (असत्य) पर हक (सत्य) की फतह का एलान है। शहीद-ए-आजम की बेमिसाल कुर्बानी का पैगाम है कि सत्पुरुष असत्य के समक्ष कभी नतमस्तक नहीं होते, भले ही उन्हें अपने प्राणोत्सर्ग ही क्यों न करना पड़ें।

### सामूहिक जुलूस

मस्जिदों में दोपहर जुमा की नमाज अदायगी के बाद नगर के विभिन्न अंचलों से सवारी-ताजियों के जुलूस निकलेंगे। मुस्लिम बहुत क्षेत्र से बड़ी तादाद में लंगर बांटने वाले ट्रक जुलूस में शामिल होंगे। बहोराबाग, चारखंबा, मछली मार्केट, मिलौनीगंज चौक, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, निवाड़गंज, बल्देवाग, आगा चौक होते हुए जुलूस रानीताल कर्बला पहुंचेगा। जहाँ परंपरानुसार सवारी-तजिये ठंडे किये जायेंगे। जुलूस में शामिल लंगर तकसीम करने वाले ट्रक आगा चौक से ईदगाह रानीताल मार्ग पर आगे बढ़ जायेंगे।

### सदर बाजा

छावनी क्षेत्र सदर के सवारी-ताजियों का सामूहिक जुलूस अपरांह प्रारंभ होगा। सदर बाजार की गलियों में गश्त करने के उपरांत जुलूस शिवाजी मैदान होते हुए शहर पहुंचेगा तथा मुख्य जुलूस में शामिल होकर रानीताल कर्बला जाएगा।

### उपनगरीय क्षेत्र

गढ़ा के सवारी ताजियों का जुलूस दोपहर बाद नमाज जुमा निकलेगा। गढ़ा बाजार, पुरवा, त्रिपुरी चौक, नागपुर रोड होते हुए जुलूस सूपाताल कर्बला पहुंचेगा, जहाँ सवारी-ताजिये ठंडे किये जायेंगे। जुलूस में हुसैनी एकता कमेटी, नूरानी नवजवान कमेटी द्वारा ट्रकों पर लंगर तकसीम किया जायेगा। सूपाताल कर्बला में आजाद नगर हुसैनी लंगर कमेटी की जानिब से सवारियों का इस्तकबाल किया जाएगा।

### रोजा अफ्तार

ईदगाह कलाँ रानीताल में 10 वीं मुहर्रम को सायं आशूरा के रोजदारों के वास्ते रोजा अफ्तार का एहतेमाम किया गया है। जामा मस्जिद सदर बाजार में रोजा अफ्तार का एहतेमाम किया गया है। कोतवाली मस्जिद तथा आगा चौक दरगाह में भी सायं रोजा अफ्तार का एहतेमाम किया जायेगा।



### मातमी जुलूस

नगर के शिया समुदाय द्वारा अंजुमन रिफाहे मोमनीन के तत्वावधान में 10 वीं मुहर्रम को प्रातः जाकिर अली मस्जिद फूटाताल में आमाले आशूरा की अदायगी के उपरांत इमाम बाड़ा गलगला से मातमी जुलूस प्रारंभ होगा। सिटी कोतवाली के सामने शिया मुस्लिम जंजीरों को दर्दनाक मातम करेंगे। फुहारा, बल्देवाग होते हुए रानीताल कर्बला में दोपहर पूर्व मातमी जुलूस का समापन होगा। सायं इमामिया हाल गलगला में शाम-ए-गरीबाँ की मजलिस होगी।

### शहादत की रात जनसैलाब उमड़ा

शहादत की रात नगर के विभिन्न अंचलों तथा मुस्लिम बहुत क्षेत्रों में मुहर्रम पर की गई शानदार सजावट का नजारा देखने सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। घंटाघर, बुर्हान नगर, ओमती, अंधेरदेव, गुरंदी, लकड़गंज, गलगला, फूटाताल, भानतलैया, अनवर गंज, फुहारा, कमानिया, कोतवाली, मछली मार्केट, मंसूराबाद, गोहलपुर, रद्दी चौकी, आनंद नगर, चारखंबा, बहोराबाग, नफीसगंज, ठक्करग्राम, मदार टेकरी, मोतीनाला, चांदनी चौक में मुहर्रम की सजावट का नजारा देखने जायरीन की भारी भीड़ उमड़ी। इमामबाड़ों की सवारियाँ गश्त करते हुए मदारछल्ला हाजिरी देने पहुंची। ताजिए सिटी कोतवाली के सामने ज्यारत के वास्ते लाए गए। कोतवाली बाजार में जायरीन का भारी हुजूम उमड़ा।

# पौधारोपण में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने निभाई सहभागिता

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहीद अब्दुल हमीद वार्ड के पार्षद विमल राय के नेतृत्व में जय हो अधारताल विकास समिति व विभिन्न सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व नागरिकों के सहयोग से कटरा मुक्तिधाम व जनता क्वाटर स्थित पानी की टंकी में पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों ने पौधों को वृक्ष बनाने का भी संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान आशीष विश्वकर्मा, देवेन्द्र जायसवाल, अनुराग राजपूत, अजय पटेल, मुकेश रजक, मुकेश कोरी, अभिषेक शर्मा, अंकित पटेल, महेंद्र श्रीवास, सत्येंद्र विश्वकर्मा, राजू सेन, रोहित विश्वकर्मा, शुभम रैकवार, राजेश सेन, जीतू साहू, लल्ला चौहान, ओम प्रकाश झारिया आदि मौजूद रहे। इस मौके लगभग 4 दर्जन से अधिक फलदार व छावदार पौधे लगाए गए।



# बदमाशों ने पेट्रोल फेंककर दी जान से मारने की धमकी

**जबलपुर।** सिहोरा और कटंगी थाना अतंर्गत गालीगलौज करने की बात पर पड़ोसियों ने एक पति, पत्नी और दो युवक के साथ मारपीट कर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में चार लोग घायल हो गए जिनमें एक महिला भी शामिल हैं। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनसकरा सिहोरा निवासी 19 वर्षीय मन्नू कोल गत रात लगभग 9 बजे अपनी पत्नी काजल कोल तथा नाना शंकर कोल घर में थे, तभी पड़ोसी दिलीप चौधरी अपनी पत्नी के साथ उसके घर के सामने आया और तुम्हारी पत्नी काजल गालियां क्यों दे रही है कहते हुए गालीगलौज करने लगी, उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों ने उसकी पत्नी काजल के साथ मारपीट कर दी। उसका भाई अंकित कोल और अजय कोल बीच बचाव करने आए तो दिलीप ने अंकित के साथ मारपीट की और बॉटल में रखा पेट्रोल तीनों पर फेंककर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पति पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### घर के सामने खड़ी बाईकों में बदमाशों ने लगाई आग

गोराबाजार थाना अतंर्गत कजरवारा नई बस्ती में एक घर के सामने खड़ी बाईकों में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कजरवारा नई बस्ती निवासी 55 वर्षीय मोहन ठाकुर के घर के सामने आंगन में रखी दो बाईकें सीडी डीलक्स एमपी 20 एमआर 0304 एवं साईन मोटर सायकिल एमपी 20 एमवाय 0816 खड़ी थी।

## प्रदर्शन कर प्रबंधन का जताया विरोध

# कर्मचारी लगातार कर रहे आक्रोश व्यक्त

**जबलपुर।** बीएसएनएल एम्प्लाईज यूनियन जबलपुर के नेतृत्व में बीएसएनएल के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्या एवं कर्मचारी विरोधी नितियों के खिलाफ लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। बीएसएनएल जबलपुर में संचार सेवाओं में सुधार एवं कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर लगातार सातवें सप्ताह भी बीएसएनएल जबलपुर के कर्मचारियों ने प्रबंधन के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

कर्मचारियों की मांग है कि बीएसएनएल की मार्केटिंग एवं उपभोंक्ताओं की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाये, उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाये, विभागीय कॉलोनियों के आवासों की मरम्मत एवं रख-रखाब सुनिश्चित किया जाए, नियम विरूद्ध एवं पक्षपात पूर्ण स्थानांतरण बंद किए जाए, एनईपीपी प्रमोशन के आदेश जारी किए जाये, पेंडिग मेडिकल बिल का हल किया जाए, कर्मचारियों को सेफ्टी सूज एवं टूल्स प्रदान किए जाए, ई.पी.एफ. से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए आदि कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान राघवेन्द्र अरजरिया, मो.अजीम, दीपक गौतेल, दिनेश यादव, मुन्नी बाई, मधुदेवी यादव, लक्ष्मी डेहरिया, रेखा पासी,वंशिका सोनी,भागवती रैकवार, विमला बाई, सावित्री रघुवंशी, मीना रैकवार, रजनी रैकवार आदि मौजूद रहीं।

## बंग समाज की सम्पूर्ण रथ यात्रा निकली

# भगवान जगन्नाथ पहुंचे अपने घर

**जबलपुर।** बंग भाषियों ने रथ का रस्सा खींचकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा को उनके घर यानी मंदिर पहुंचाया। बंग भाषियों की प्राचीन संस्था सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब स्थित मौसी के घर से बुधवार को सम्पूर्ण रथ यात्रा जिसे वापसी रथ यात्रा भी कहा जाता है निकाली गई। इससे पहले मौसी के घर में पूजा अर्चना, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन को विराजमान कर रथ के रस्सी को खीचकर भगवान को उनके घर पहुंचाने के लिए सम्पूर्ण रथ यात्रा शुरू की गई। रथयात्रा में विशेष रूप से बंग समाज के लोग लाल परिधान में थे महिलाएं शंख बजाते उलु ध्वनि के साथ श्रद्धा के साथ रथ के रस्सी को खींच रहे थे। सम्पूर्ण रथ यात्रा करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधरदेव, बड़ा फुहारा, घमंडी चौक, लार्डगंज, गंजीपुरा, सुपर मार्केट, मालवीय चौक, होते हुए सिटी बंगाली क्लब जगन्नाथ मंदिर पहुंची। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन को मंदिर में विराजमान किया गया। भक्तजनों को खिचड़ी, सब्जी, खीर, फुलेरी का प्रसाद वितरित किया गया। रथयात्रा में सुब्रत पाल, एन एन मुखर्जी, डी के रॉय, सुरजीत गुहा चंदन करफोरमा, आशीष सेन, अनुराग पाल,आशीष घोष, निलाद्री चैटर्जी, मुकुल घोष, तापस चक्रवर्ती ,विजय भट्टाचार्य ,सुब्रत रॉय , आई बी रुद्रा, सौरभ सोम, तृष्णा चैटर्जी, संगीता भद्रा समेत सैकड़ो समाज के लोग शामिल थे।



### ट्रांसफार्मर से कॉपर और ऑईल चोरी

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम तलाड में लगे 25 केव्ही ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर अज्ञात चोर कॉपर क्वाईल और आईल चोरी कर ले गया। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहोरा मे सहायक अभियंता ग्रामीण सी.के.लखेरा ने एक लिखित शिकायत की है कि गत 12 जून को कोई अज्ञात चोर ग्राम तलाड मे लगे 25 केव्ही ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर कॉपर क्वाईल एवं आईल कीमती लगभग 60 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है।

**श्रीमती शकुंतला गूजर**- शक्ति नगर गुप्तेश्वर भोले कुटि के पीछे निवासी श्री खेदूराम गूजर की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला गूजर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री दीनेश्वरी यादव**- बापू नगर रांझी निवासी श्री श्रीराम यादव की पुत्री सुश्री दीनेश्वरी यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश नाथ सोनकर**- भानतलैया निवासी श्री कैलाश नाथ सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार राजपूत**- नर्बदा क्लब के पास सदर निवासी श्री करण राजपूत के पुत्र श्री राजकुमार राजपूत (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल अग्निहोत्री**- कृष्णा नगर माढ़ोताल निवासी श्री अनिल अग्निहोत्री (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र सिंह वर्मा**- गोरैया प्लाट आमनपुर मदमनहल निवासी श्री राजेंद्र सिंह वर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल रैकवार**- आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री बाबू लाल रैकवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुधा वर्मा**- बजरंग नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री सोमनाथ वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा वर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरपाल सिंह**- रवींद्र नगर अधारताल निवासी श्री हरपाल सिंह (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

निधन

**श्री अशोक कुमार गुप्ता**- अर्पित अपार्टमेंट नागरथ चौक के पास निवासी श्री अशोक कुमार गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरव सिंह ठाकुर**- कृपाल चौक गुप्तेश्वर बचई मूर्तिकार गली निवासी श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर के पुत्र श्री गौरव सिंह ठाकुर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चीनू भाई शाह**- हाथीताल निवासी श्री चीनू भाई शाह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीतू राजपूत**- अपर लाइन जीसीएफ निवासी श्री कैलाश राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती नीतू राजपूत (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चिमन सिंह**- पुलिस लाइन इंदिरा मार्केट के पास निवासी श्री चिमन सिंह (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अर्जुन सिंह मरावी**- चुंगी नाका आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री अर्जुन सिंह मरावी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संतोष बेन**- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री संतोष बेन (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# एम.पी. ट्रांसको ने भी भागीदारी दी पौधरोपण अभियान में



**जबलपुर।** एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के नरसिंहपुर जिले सहित प्रदेश के विभिन्न सब स्टेशनो और रहवासी कॉलोनियों में वृहद पौधरोपण किया गया। वृक्षारोपण को लेकर एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों के अलावा उनके परिजनों में भी उत्साह दिखाई दिया, जो एम.पी. ट्रांसको की रहवासी कालोनियों में भी बढ़ चढ़कर पौधारोपण कर रहें हैं। नरसिंहपुर क्षेत्र में एम पी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता एन एस लोधी के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता रमेश सिंह की टीम द्वारा 220 के.व्ही. सब स्टेशन नरसिंहपुर व चीचली तथा 132 के.व्ही. सब स्टेशन नरसिंहपुर, गाड़रवारा, श्रीनगर, बरमान, पोंडर, करपगांव, पलोहाबड़ा, देवनगर, करकबेल तथा तेंदूखेडा सब स्टेशनों में वृक्षारोपण किया गया। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों, 416 अति उच्चदाब सब स्टेशनों सहित एम.पी. ट्रांसको के सभी कार्यालयों के प्रांगणों तथा रहवासी कॉलोनियों में पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आउटसोर्स कर्मी सहित प्रत्येक कार्मिकों व परिजन द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है।

### अनीमिया मुक्त पंचायत स्वस्थ्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**सिहोरा।** अनीमिया मुक्त ग्राम पंचायत स्वस्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन देवकृपा सेवा समिति सिहोरा द्वारा शासकीय चिकित्सालय सिहोरा के सहयोग से ग्राम कुर्रे के अन्तर्गत आने वाली ग्राम कुर्रो,पिपरिया,महगवां में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें अनिमिया रोग के लिए आवश्यक टेस्ट हीमोग्लोबिन ,ब्लड ग्रुप शुगर बीपी टेस्ट कराये गये। इस आयोजन में सरपंच गजेंद्र सिंह,उप सरपंच संदीप शुक्ला,सचिव मनोज पटेल की जांच से कार्य प्रारंभ हुआ इसमें 0 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक जांच का लक्ष्य था परन्तु कुछ अधिक वर्ष के व्यक्तियों के आने पर बी पी, शुगर और ब्लड ग्रुप टेस्ट किया गया इसमें 200 लोगों की जांच की गई।जैबिक उपज के लिए संजय पाठक द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षण दिया। शिविर में बीएमओ डॉ अर्शिया खान सतोष वर्मा, मनोज दुबे,प्रमोद ठाकुर आदि का भी विशेष योगदान रहा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में जगह जगह पौधारोपण

**सिहोरा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सिहोरा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों एंव इंडस्ट्रीयल एरिया में भी जगह जगह पौधारोपण किया गया। विकास खंड समन्वयक आशीष जैन के मार्गदर्शन एवं नावांकुर संस्था सेवा संयोजन समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली सचिव डा.अनुराग दुबे उपाध्यक्ष सारिका साहू एवं कोषाध्यक्ष साधना साहू के संयोजन में नीम पीपल आम सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण छोटू महाराज प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर नगर के विधायक संतोष बरकड़े नगरपालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,सीएमओ जयश्री चौहान, बिनोद सेठी,अंजना सराफ, डा.अरुणा पांडे,भास्कर सेठी, पार्षद रीता शुक्ला, अनुपम सराफ,क्षितिज सेठी,प्रीति साहू ज्योति पटेल,राजेश दाहिया,राजकुमार विश्वकर्मा, पदमा विश्वकर्मा,कृष्णा सरावगी,रमा सरावगी संगीता सिंघई आदि उपस्थित थीं।



एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत श्री साई इंडस्ट्रीज धरमपुरा,सागर स्टोन इंडस्ट्री,शोभा मिनरल्स धमकी एवं केवलारी,आर एम जी सुपर माइंस धमधा एवं नारायण मेटल्स गोसलपुर में 2100 पौधों का बृहद वृक्षारोपण किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से माइनिंग ऑफिसर रत्नेश दीक्षित,असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर श्रीमती दीपा बोरवार,शैलेन्द्र मिश्रा,रूपेश सिंघई एसडीएम,मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के प्रतिनिधि एवं माइंस संचालक नितिन शर्मा,मनीष अग्निहोत्री ,आरव शर्मा,अभिषेक कुरारिया,प्रभु पटेल,बंटी यादव,निर्मल सिंह कुर्वेती ,राघवेंद्र सिंह,कुशल पटले,सचिन चौरसिया,गोविंद सिंह,पुनीत कुमार ,रोहन सिन्हा,आशीष,शुभम लखेरा ,बीरबल पटेल,रामकेश गोंटिया,गुड्डू मिश्रा सहित संस्था के समस्त कर्मचारियों ने मिलकर वृक्षारोपण किया और सभी वृक्षों को जीवित रखने का संकल्प लिया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप



### घरेलू कच्चे तेल पर सरकार ने अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर 6,000 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। इसके अलावा डीजल, पेट्रोल, विमान ईंधन (एटीएफ) पर एसएईडी को 'शून्य'' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि नई दरें 16 जुलाई से लागू होंगी। भारत ने पहली बार अप्रत्याशित लाभ पर कर एक जुलाई, 2022 को लगाया था।

### स्पाइसजेट का शेयर सात प्रतिशत से अधिक चढ़ा



**मुंबई।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का शेयर मंगलवार को सात प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर शेयर 7.35 प्रतिशत चढ़कर 60 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकल मुनाफा छह गुना बढ़कर 119 करोड़ रुपये होने की जानकारी देने के एक दिन बाद शेयर में तेजी आई। 2023 की इसी तिमाही में कंपनी ने 16.85 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

### मस्क ने रोबोटैक्सी में विलंब की पुष्टि की



**डेट्रॉयट (अमेरिका)।** टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने बहुचर्चित रोबोटैक्सी के अनावरण में विलंब की पुष्टि की है। यह बहुचर्चित अनावरण कार्यक्रम आठ अगस्त को होने वाला था। मस्क ने आयोजन की कोई नई तारीख बताए बिना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने वाहन के आगे के हिस्से के डिजाइन में बदलाव का अनुरोध किया है।

### मेकमाईट्रिप से एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मिलाया हाथ



**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों के लिए उड़ान, आवास और गाड़ियों की बुकिंग के लिए ऑनलाइन ट्रैवल फर्म मेकमाईट्रिप के साथ मिलकर साझा मंच 'एक्सप्रेस होलिडेज'' शुरू किया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि मेकमाईट्रिप के साथ साझेदारी से यात्रियों की विभिन्न प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कई तरह के आकर्षक पैकेज उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

### जियो फाइनेंशियल का लाभ छह प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ छह प्रतिशत घटकर 313 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 332 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। जियो फाइनेंशियल की कुल आय अप्रैल-जून अवधि में मामूली बढ़त के साथ 418 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 414 करोड़ रुपये थी।

# अकेले भारत में हो रहे बाकी दुनिया के बराबर डिजिटल पेमेंट



- 6 सालों में खुदरा डिजिटल पेमेंट में 100 फीसदी की तेजी आई
- देश धीरे-धीरे कैशलेस इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीते कुछ सालों में भारत में लोगों के पेमेंट करने के तरीके में बड़ा बदलाव आया है। देश धीरे-धीरे कैशलेस इकोनॉमी की ओर बढ़ने लगा है। एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि बीते 6 सालों में खुदरा डिजिटल पेमेंट में 100 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखी गई है। साथ ही रिपोर्ट में अनुमान जाहिर किया गया है कि अगले 6 साल में देश में डिजिटल खुदरा पेमेंट में फिर 100 फीसदी की ग्रोथ आ सकती है। केर्नी और अमेजन पे की संयुक्त रिपोर्ट 'हाउ अर्बन इंडिया पेज' के हवाले से बताया है कि साल 2030 तक भारत में खुदरा डिजिटल पेमेंट मौजूदा स्तर की तुलना में डबल होकर 7 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बीते 6 सालों के दौरान यानी साल 2018 से 2024 तक देश में यूपीआई पेमेंट में 138 फीसदी की ग्रोथ आई है।

### 3.6 ट्रिलियन डॉलर के खुदरा भुगतान

*रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 में भारत में 300 बिलियन डॉलर के खुदरा भुगतान डिजिटल तरीके से किए जा रहे थे। उनकी वैल्यू बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 3.6 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि बीते कुछ सालों के दौरान देश में डिजिटल पेमेंट की स्वीकार्यता किस तरह से बढ़ी है और अब लोग व्यापक स्तर पर डिजिटली खुदरा पेमेंट कर रहे।*



### अकेले भारत दे रहा लगभग आधा योगदान

*भारत में खुदरा पेमेंट के डिजिटल होने की व्यापकता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि 2022 में पूरी दुनिया में इस तरह के जितने डिजिटल पेमेंट किए गए, उनमें लगभग आधे अकेले भारत में किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में ग्लोबल डिजिटल पेमेंट वॉल्यूम में अकेले भारत ने 46 फीसदी का योगदान दिया था।*

### 8 साल पहले हुई यूपीआई की शुरुआत

*भारत में यूपीआई की शुरुआत साल 2016 में की गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इसे डेवलप किया है। यह पलक झपकते एक बैंक अकाउंट से दूसरे बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा देता है। यूपीआई की दुनिया भर में सराहना हुई है। भारत में डिजिटल पेमेंट को आगे बढ़ाने में यूपीआई का योगदान सबसे बड़ा है।*

### ई-कॉमर्स का भी बढ़ रहा है बाजार

*डिजिटल होती इकोनॉमी में भारत का ई-कॉमर्स बाजार भी बड़ा हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में भारत के ई-कॉमर्स बाजार का आकार 75 बिलियन डॉलर से 80 बिलियन डॉलर का था। साल 2030 तक इसमें 21 फीसदी की तेजी आ सकती है।*

## मामला वित्त वर्ष 2021-22 के लेनदेन से जुड़ा

# पेमेंट्स बैंक्स मामला: सेबी ने पेटीएम को भेजा 'प्रशासनिक चेतावनी पत्र'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा गाइड लाइन का पालन किया

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से एक ''प्रशासनिक चेतावनी पत्र'' मिला है। मामला वित्त वर्ष 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने लगातार सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है। फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह '' अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को अपना जवाब भी देगी। ''

### खुलासे के संबंध में जांच की

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है।

### लेखा परीक्षा समिति ने लेनदेन को आरपीटी माना

*सेबी ने कहा, '' दूसरी ओर कंपनी के निदेशक मंडल और लेखा परीक्षा समिति ने ओसीएल और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच पीपीबीएल के साथ लेनदेन को महत्वपूर्ण आरपीटी माना है। साथ ही एक प्रस्ताव पारित किया गया कि पीपीबीएल के साथ आरपीटी, संबंधित प्रस्तावों में उल्लिखित सीमाओं के भीतर होंगे।''*



### शेयरधारकों की उचित मंजूरी नहीं ली गई

*सेबी के पत्र के अनुसार, '' इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए... वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए।'' पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की।*

### अनुपालन मानकों में सुधार की चेतावनी दी

*सेबी ने कहा, '' इसलिए आपको भविष्य में सावधान रहने तथा अपने अनुपालन मानकों में सुधार करने की चेतावनी दी जाती है, ताकि भविष्य में ऐसा कुछ दोबारा न हो। ऐसा न करने पर कानून के अनुसार उचित प्रवर्तन कार्रवाई शुरू की जाएगी।''*

### 10 दिनों के भीतर मांगी रिपोर्ट

*बाजार नियामक ने कंपनी को यह भी सलाह दी कि वह अपना पत्र निदेशक मंडल की बैठक में उसकी जानकारी और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए रखे, '' जिसके बाद 10 दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सेबी को प्रस्तुत की जाए।''*

### सेबी ने उल्लंघन को गंभीर बताया

*सेबी के पत्र में बिना अनुमोदन के अतिरिक्त आरपीटी (ओसीएल और उसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच, पीपीबीएल के साथ) को सूचीबद्ध किया गया है, जो 324 करोड़ रुपये (ओसीएल द्वारा पीपीबीएल से सेवाएं प्राप्त करना) और 36 करोड़ रुपये (ओसीएल द्वारा पीपीबीएल को सेवाएं प्रदान करना) है। सेबी ने कहा कि उल्लंघन बेहद ''गंभीर'' हैं।*

### लेनदेन आरपीटी के रूप में सही नहीं

*बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था। ओसीएल तथा पीपीबीएल की अनुषंगी कंपनियों के बीच लेनदेन वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आरपीटी के रूप में सही नहीं हैं।''*

# बजट में राजकोषीय लक्ष्य को घटाया जा सकता है : इक्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जताई संभावना



सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर अगले हफ्ते पेश होने वाले बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5.0 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, /"केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने वाली हैं। यह उनका लगातार सातवां बजट होगा। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी का 5.6 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल किया था। नायर ने कहा, /"11.8 लाख करोड़ रुपये के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ रुपये की कमी आने की भी बहुत संभावना है। यह जे पी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल किए जाने के कारण सरकारी प्रतिभूतियों की मांग को बढ़ावा देने के साथ प्रतिफल के लिए भी अच्छा संकेत होगा।/" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील राजस्व प्राप्तियों को राजस्व व्यय बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती के लिए विभाजित किया जा सकता है।

### राजकोषीय घाटे के आकार में कमी लाना मुश्किल

नायर ने कहा कि सरकार कुछ आयकर छूट देकर खपत को बढ़ावा देने के लिए भी इसका उपयोग कर सकती है। नायर ने कहा कि अगले तीन-चार वर्षों में राजकोषीय घाटे के व्यापक आकार में कमी लाना काफी मुश्किल होगा, क्योंकि राजकोषीय घाटा-जीडीपी अनुपात में गिरावट काफी हद तक मौजूदा कीमतों में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करेगी।

# ईवी वाहन उद्योग को दो लाख कुशल लोगों की होगी जरूरत होगी : सियाम

## मात्र 30 फीसदी ईवी वाहन लक्ष्य होगा पूर्ण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सरकार के 2030 तक कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता को 30 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए भारतीय वाहन उद्योग को उस समय तक दो लाख कुशल लोगों की आवश्यकता होगी। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह बात कही। उद्योग निकाय ने कहा कि कार्यबल को काम पर रखने और प्रशिक्षित करने के लिए कुल 13,552 करोड़ रुपये के प्रतिभा निवेश की उम्मीद है।

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने भारतीय वाहन उद्योग में ईवी से संबंधित कार्यबल को मजबूत बनाने पर एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, ''वाहन उद्योग के सामने सबसे बड़ी बाधाओं में से एक इलेक्ट्रिक वाहन के लिए कुशल और सक्षम जनशक्ति की कमी है।''अग्रवाल वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ भी हैं। उन्होंने कहा कि बैटरी प्रौद्योगिकी संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स और मोटर डिजाइन के क्षेत्रों में विशेष रूप से कुशल कामगारों की जरूरत है।

अग्रवाल ने कहा, ''वैश्विक रुझानों की गति को बनाए रखने और हमारे वाहन उद्योग को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए इस बात की तत्काल आवश्यकता है कि हमारे कार्यबल का कौशल विकास हो।''

### 2030 तक सरकार मिशन पूरा करेगी

*सियाम के उपाध्यक्ष शैलेश चंद्र ने कहा कि 2030 तक भारत को 30 प्रतिशत ईवी अपनाने के सरकार के मिशन को पूरा करने के लिए विशिष्ट कौशल वाले लगभग एक से दो लाख लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान लोगों की जरूरत कार्यालय में काम करने वालों से लेकर कारखाने में काम करने वालों तक होगी।*

# सभी विमान कलपुर्जों पर एक समान आईजीएसटी दर लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- एकसमान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर लगेंगी
- पहल का मकसद उद्योग को गति देना

सरकार ने सभी विमानों और विमान इंजन के कलपुर्जों पर एकसमान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर को लागू करने की सोमवार को घाषणा की। इस पहल का मकसद उद्योग को गति देना है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह घरेलू रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) उद्योग के लिए मील का पत्थर है। इस कदम का उद्देश्य भारत को वैश्विक विमानन क्षेत्र का केंद्र बनाना है। इससे पहले, सभी विमानों और इंजन कलपुर्जों पर आईजीएसटी (एकीकृत माल एवं सेवा कर) दरें पांच प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत तक थी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बयान में कहा, ''एमआरओ से संबंधित वस्तुओं पर एक समान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर विमानन क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।''''

### परिषद ने की थी सिफारिश

जीएसटी परिषद ने 22 जून को अपनी 53वीं बैठक में एक समान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर की सिफारिश की थी। इसमें कहा गया था कि इस कदम का उद्देश्य परिचालन लागत को कम करना, कर क्रेडिट मुद्दों को समाधान करना और क्षेत्र में निवेश आकर्षित करना है।

# ज़ी एंटरटेनमेंट के 2,000 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव मंजूर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



मीडिया कंपनी ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयरधारकों ने इक्विटी शेयर जारी करने और पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) सहित विभिन्न साधनों से बाजार से 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। ज़ी एंटरटेनमेंट की तरफ से शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक, कंपनी के शेयरधारकों ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाने के लिए प्रतिभूतियां जारी करने के प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित कर दिया है। प्रतिभूतियां जारी करने का विशेष प्रस्ताव कुल मतदान के 78.83 प्रतिशत मतों से पारित हुआ। इस विशेष प्रस्ताव के लिए ऑनलाइन मतदान अवधि रविवार को शुरू हुई और सोमवार, 15 जुलाई, 2024 को शाम पांच बजे समाप्त हुई।

*सैमसंग के लिए भारत महत्वपूर्ण बाजार*

# सैमसंग की भारत में परिचालक बढ़ाने कलपुर्जों साझेदारों से चर्चा

एजेंसी ⏭ पेरिस



दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार के तौर पर देखती है और वह अपने परिचालन को मजबूती देने के लिए भारतीय कलपुर्जा साझेदारों के साथ बातचीत कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष और एमएक्स व्यवसाय के प्रमुख टी एम रोह ने यहां 'सैमसंग अनपैक्ड-2024' के मौके पर मीडिया के साथ चर्चा में कहा कि भारत में नोएडा और बेंगलुरु स्थित शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र कंपनी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में उभरकर सामने आ रहे हैं। रोह ने कहा, ''सैमसंग के लिए भारतीय बाजार बहुत महत्वपूर्ण है। हम यहां वर्ष 1996 से विनिर्माण संयंत्र संचालित कर रहे हैं।

## नए फीचर्स चैटिंग एक्सपीरियंस को पहले से मजेदार बनाती है

# वॉट्सऐप लाया जबरदस्त अपडेट, बदला कॉलिंग का अंदाज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- यूजर्स के लिए कॉलिंग स्क्रीन का नया इंटरफेस रोलआउट कर रही

वॉट्सऐप अपने यूजर्स के लिए नए-नए फीचर ला रहा है। कंपनी नए फीचर्स के साथ यूजर्स के चैटिंग एक्सपीरियंस को पहले से और मजेदार बनाती जा रही है। लेटेस्ट फीचर्स के साथ वॉट्सऐप के इंटरफेस में भी बदलाव होते रहते हैं। इसी कड़ी में अब कंपनी सभी यूजर्स के लिए कॉलिंग स्क्रीन का नया इंटरफेस रोलआउट कर रही है। इसमें कॉलिंग के लिए यूजर्स को स्क्रीन के बॉटम में कॉलिंग बार दिखेगा। इसमें प्रोफाइल फोटो का साइज भी बड़ा कर दिया गया है।



### डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने शेयर किया स्क्रीनशॉट

नए कॉलिंग इंटरफेस के रोलआउट की जानकारी डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने दी है। डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने एक्स पोस्ट में इसका एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। कंपनी का यह लेटेस्ट अपडेट आईओएस यूजर्स के लिए आया है। अगर आप आईफोन चलाते हैं, तो इस अपडेट को आप चेक कर सकते हैं। नए कॉलिंग बार इंटरफेस के लिए आपको फोन में वॉट्सऐप फॉर आईओएस 24.14.78 इंस्टॉल करना होगा।

### कॉल से जुड़े ऑप्शन्स को ऐक्सेस करना हुआ आसान

कॉलिंग के लिए आया नया इंटरफेस यूजर्स को काफी पसंद आने वाला है। इसमें कॉल से जुड़े ऑप्शन्स को ऐक्सेस करना काफी आसान हो गया है। सेमी-ट्रांसपेरेंट डिजाइन इसके लुक को और बेहतर बनाता है। ऐंड्रॉयड यूजर्स के लिए इस नए इंटरफेस को पहले ही रोलआउट किया जा चुका है। अब यह आईओएस के लिए रिलीज हुआ है। कंपनी इसे फेज में रोलआउट कर रही है और धीरे-धीरे सभी आईओएस डिवाइसेज तक पहुंच जाएगा।

### आया वॉइस मेसेज ट्रांसक्रिप्ट फीचर

*वॉट्सऐप में जल्द ही वॉइस मेसेज ट्रांसक्रिप्ट फीचर की एंट्री होने वाली है। इस फीचर की जानकारी भी डब्ल्यू ए बेटा इंफो ने दी है। शेयर किए गए स्क्रीनशॉट के अनुसार नया ट्रांसक्रिप्शन फीचर इनकमिंग और आउटगोइंग वॉइस मेसेज के लिए है। इस फीचर की मदद से यूजर वॉइस मेसेज को टेक्स्ट में कन्वर्ट करके पढ़ सकते हैं। लेटेस्ट फीचर को सेटअप करने के लिए 136एमबी डेटा की जरूरत पड़ेगी। वॉट्सऐप का वॉइस ट्रांसक्रिप्शन फीचर पांच भाषाओं को सपोर्ट करता है और इसमें हिन्दी भी शामिल है। नए फीचर को कंपनी अभी वॉट्सऐप बीटा फॉर ऐंड्रॉयड 2.24.15.5 में रोलआउट कर रही है।*

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही तेजी

एजेंसी ⏭ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक,आईटीसी और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड शामिल हैं।

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई हो

भा कश्मीर में आतंकवाद फिर से फन उठा रहा है। घाटी में लगातार आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। अब जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए। अभी आठ जुलाई को ही कठुआ में पांच सैन्यकर्मी शहीद हुए थे और पांच जवान घायल हो गए थे। कश्मीर में आतंकवाद की घटनाएं तब बढ़ रही हैं, जब सुरक्षा बल दहशतगर्दी के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे हैं। यह चिंता की बात है। हमारे जवान आतंकियों के निशाना बन रहे हैं, स्थिति उलट होनी चाहिए थी। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत नब्बे के दशक से लड़ रहा है, इसलिए करीब चार दशक में भारतीय सुरक्षा बलों के पास इस क्षेत्र के भूगोल की चप्पे-चप्पे की जानकारी है, इसके बाद भी अगर हमारे सैनिक आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो रहे हैं, तो ऑपरेशन के स्वरूप की समीक्षा होनी चाहिए और उसमें जरूरत के हिसाब से बदलाव होना चाहिए। मुठभेड़ अंजाम देने से पहले, रेकी की जानी चाहिए, भूगोल की जानकारी जुटानी चाहिए, ड्रोन व लेजर बम जैसी तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हमारे सुरक्षा बल इन सभी पहलुओं पर गौर नहीं करते होंगे, बल्कि वे धरातल पर हैं तो अच्छे से चीजों को देखते होंगे, इसके बाद भी जवानों के शहीद हो जाने पर दुख होता है, और लगता है कि ऑपरेशन के अमल में कहीं न कहीं खामी रह गई होगी। इस साल जनवरी से अब तक कई आतंकी घटनाएं जम्मू-कश्मीर में हुई हैं। 15 और 8 जुलाई के अलावा 7 जुलाई को राजौरी जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आतंकवादी हमले में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया। जून में 26 जून को डोडा जिले में गोलीबारी में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए, 12 जून को डोडा जिले में ही आतंकवादी हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, 11/12 जून को कठुआ जिले में मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादी मारे गए और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक जवान की मौत हो गई। डोडा जिले में आतंकवादी हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए। 9 जून को रियासी जिले में एक बस पर आतंकवादी हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए व 42 घायल हो गए। मई में 4 मई को पुंछ जिले में आतंकवादी हमले में एक वायुसेना कर्मी की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अप्रैल में 28 अप्रैलको उधमपुर जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा प्रहरी की मौत हो गई, 22 अप्रैल को राजौरी जिले में आतंकवादियों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2023 में भी चार बड़े आतंकी हमले हुए थे। वर्ष 2023 में 43 आतंकी घटनाएं कश्मीर से अलग जम्मू में हुईं। जम्मू क्षेत्र में आतंकी घटनाओं में पिछले 32 महीनों में 48 जवान शहीद हो चुके हैं और 23 आम नागरिक भी आतंकियों की गोली का निशाना बने हैं। सरकार व सुरक्षा बलों को पता है कि कश्मीर में आतंकवाद के पीछे किसका हाथ है। खुद आतंकी घटनाएं झेलने के बावजूद पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद को शह देने से बाज नहीं आ रहा। सरकार ने सुरक्षा बलों को आतंकवाद से निपटने के लिए खुली छूट जरूर दी है, लेकिन घटनाएं थम नहीं रही हैं, ऐसे में सरकार को आतंकवाद के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन करना चाहिए, जिसमें पीओके के आतंकी ठिकाने भी निशाने पर हों। कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करना जरूरी है, इसके लिए आर-पार की लड़ाई चाहिए। केवल सरकार के बयानों से बात नहीं बनेगी।



दरकार
अवधेश कुमार

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा संभावना कम है, क्योंकि वातावरण विषाक्त बन चुका है। यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

# राजनीति में प्रतिस्पर्धी मानें, दुश्मन नहीं

ते रह जुलाई का दिन अमेरिका ही नहीं विश्व इतिहास के लिए भयावह और सबक लेने वाले दिन के रूप में दर्ज हो गया है। अमेरिका जैसे पुराने लोकतांत्रिक देश में रिपब्लिकन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर सार्वजनिक सभा में गोली चलाकर हत्या का प्रयास अचंभित करने वाली घटना है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप चुनावी रैली कर रहे थे। अचानक गोली आई और ट्रंप के कान को छूते हुए निकल गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रंप रैली के दौरान भाषण दे रहे थे। उसी बीच गोलियां चलने लगती हैं। ट्रंप कहते हैं- ओह और अपना कान छूते हैं और उनका हाथ लहूलुहान दिखता है। वह तुंरत नीचे झुक जाते हैं, लेकिन गोलियां चलती रहती है। वे कुछ ही क्षण में फिर खड़े होते हैं, दोनों हाथों की मुट्ठियां भींचकर ऊपर उठाते हैं और लोग उनके पक्ष में नारे लगाते हैं । हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि 'उन्हें ऐसा लगा कि गोली उनके कान के आर-पार हो गई है।'

हालांकि अमेरिकी इतिहास में इसके पूर्व दो बार राष्ट्रपति उम्मीदवारों पर हमले के रिकॉर्ड हैं। 1912 में राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए चुनावी अभियान में लगे थे तब मिल्वौकी में एक भाषण के लिए जाते समय एक सैलून संचालक ने उन्हें गोली मार दी थी। वे बच गए थे। गोलीबारी के बावजूद उन्होंने भाषण दिया। 1972 में अलबामा के गवर्नर जॉर्ज वालेस को तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार के दौरान वाशिंगटन डीसी के बाहर गोली मार दी गई थी। हमले के कारण उनकी कमर से नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था, लेकिन वर्तमान हमले के कारण परिस्थितियों और इसके पीछे की विचारधारा अलग है। जांचकर्ताओं का कहना है कि ट्रंप की हत्या की कोशिश की गई थी। साफ है कि ट्रंप बाल-बाल बचे हैं। इसे संयोग ही कहिए अन्यथा गोली अगर कान को छूकर निकलने की बजाय अंदर चली गई होती तो आज ट्रंप की जीवनलीला समाप्त हो चुकी होती। बताया गया है कि दोनों हमलावर सुरक्षाकर्मियों के गोली का शिकार हो चुके हैं। अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो और अन्य एजेंसियां मिलकर जांच कर रही हैं और हत्या के प्रयास के कारणों का पता आने वाले समय में चलेगा। जांच रिपोर्ट जो भी कहे आम अमेरिकी और इस समय अमेरिका सहित विश्वभर में राजनीति, एक्टिविज्म और नैरेटिव की प्रवृत्तियों पर दृष्टि रखने वाले समझ सकते हैं कि इसके कारण क्या होंगे। ट्रंप पर हमले की सूचना आते ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसकी निंदा करते हुए अमेरिकी समाज में हिंसा के लिए कोई स्थान न होने का बयान दिया तथा अपील की कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार करना चाहिए। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी टेलीविजन प्रसारण में इसकी निंदा करते हुए यही कहा। समाचार के अनुसार बाइडेन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत भी की, किंतु सच यह भी है कि डेमोक्रेटिक सहित अमेरिका के बुद्धिजीवियों, मीडिया, एक्टिविस्ट, यहां तक कि प्रशासन के एक बहुत बड़े वर्ग ने ट्रंप और उनकी विचारधारा के सामान्य विरोध की जगह उसके प्रति जिस ढंग से घृणा पैदा की है उसका असर अमेरिकी समाज पर है। ट्रंप को डेमोनाइज करते हुए उन्हें हिटलर से लेकर न




जाने क्या-क्या उपाधि दी गई है। उन्हें लोकतंत्र ही नहीं, अमेरिकी समाज और एकता अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बता दिया गया है। अमेरिका में ऐसे निहित स्वार्थी समुदाय हैं जिनके अंदर यह भाव गहरा हुआ है कि अगर ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने तो उनके लिए समस्याएं पैदा होंगी। बड़ी संख्या में गैर अमीर क्यों और अवैध और अप्रवासियों को लगता है कि उन्हें देश से जाना पड़ सकता है। संयोग देखिए की ट्रंप पर गोली उस समय चली जब वह एक चार्ट पढ़ते हुए बता रहे थे कि अमेरिकी सीमा पार करने वाले अवैध प्रवासियों की संख्या कितनी है। ट्रंप एवं उनके समर्थकों ने अमेरिका में अवैध रूप से आने और रहने को एक बड़ा मुद्दा बनाया है। यह अनायास नहीं है कि ट्रंप को किसी तरह राष्ट्रपति की दौर से बाहर करने के हर प्रयास अमेरिका में हो रहे हैं। चूंकि अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है इसलिए संभव है कुछ व्यक्तियों या समूहों ने उन्हें रास्ते से ही हटा देने का निर्णय किया हो, इसलिए यह हमला अंतिम नहीं हो सकता। अगर भारत की ओर लौटें तो प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे हिंदुत्व विचारधारा को मानने वाले संगठनों को लेकर ऐसे ही वातावरण बनाने की कोशिश हुई है। ज्यादातर गैर भाजपायी राजनीतिक दलों के नेताओं, मीडिया के एक वर्ग, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट, थिंक टैंक आदि भारत में भी उनके प्रति ऐसी ही घृणा और विरोध पैदा कर रहे हैं। इन संगठनों को फासिस्ट, अल्पसंख्यक विरोधी, हिंसक, भारतीय समाज की एकता का दुश्मन और न जाने क्या-क्या कहा गया है। एक बड़े वर्ग के अंदर यह भावना पैदा कर दी गई है कि अगर आपको स्वयं, देश को बचाना है तो इन सबको हर स्तर पर पराजित करना होगा। हम सोशल मीडिया से लेकर टीवी डिबेटों पर उनके विरोधियों की भाषा देख सकते हैं। पूरे देश के एक बड़े वर्ग के अंदर घृणा का भाव पैदा हुआ है। इस समय विश्वभर में इस तरह की प्रवृत्ति उभरी है। पूर्व में क्रांति कर सत्ता बदलने के विचार-व्यवहार वाले कम्युनिस्टों की जगह एक ऐसे नव वाममार्गी विचारधारा पूरी दुनिया में दिख रही है जो राष्ट्रवाद पर गर्व करने वाले संगठनों को लेकर घृणा-विरोध नैरेटिव और अन्य संसाधनों से पैदा कर रहा है। भारत और अमेरिका दो देश इस समय इन मामलों में सबसे आगे हैं। इन दोनों देशों के अंदर समाज में तनाव और गुस्सा धीरे-धीरे बढ़ाया गया है। यह अजीब किस्म का नया वामवाद या कम्युनिज्म है जिसकी अपनी विचारधारा स्पष्ट नहीं लेकिन ये उसी तरह की रेडिकल बातें करते हैं। हैरत की बात यह है कि इनमें विश्व के बड़े पूंजीपति, एनजीओ और संस्थान शामिल हैं। अमेरिका में इनकी संख्या ज्यादा है इसलिए इसका प्रभाव वहां सर्वाधिक दिखा है। भारत में संघ, भाजपा या ऐसे कुछ संगठनों का जमीन तक विचारधारा के आधार पर संगठन है इस कारण यहां ऐसा प्रभाव नहीं दिखता है। कई बार एक ही परिवार या रिश्तों के बीच दोनों विचारधाराओं के लोग हैं। ऐसी सामाजिक संरचना दूसरे देश में नहीं है। सच कह तो इस कारण हम बचे हुए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा इसकी संभावना कम है। अगर सबक लेकर हम संभलने या संभालने की कोशिश करें तो उसमें भी सफलता की संभावना कमजोर हो गई है, क्योंकि वातावरण काफी विषाक्त बन चुका है। इसलिए सबके सामने यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



एडम चोटी या एडम पीक श्रीलंका के आकर्षण में एक नायाब हीरा है जोकि श्रीलंका दर्शन के महत्व को और अधिक बढ़ा देता है। एडम पीसक के शिखर पर एक पत्थर में एक पदचिह्न है। जोकि अलग-अलग धर्म के लोगो के लिए अध्यात्मिक महत्व रखता है और वर्तमान समय में शिखर पर एक बौद्ध मठ बना हुआ है।


## मोह-माया से दूर रहकर ही मुक्ति संभव



संकलित
**दर्शन**

हम एक-दूसरे की ओर ध्यान से देखते हैं, तो पाते हैं कि हम में से हरेक के गुण अलग हैं। तौर-तरीके अलग हैं। विचार अलग हैं। बात करने का तरीका, कार्य करने का तरीका भी अलग है। अगर हम अपने आपको श्रेणिबद्ध करने की कोशिश करें, तो चार किस्म की श्रेणियां हैं, जिसमें कि इनसान अपने आपको पाता है। एक महापुरुष की जिंदगी का एक किस्सा है। एक बार वे अपने शिष्यों के साथ समुद्र के किनारे टहल रहे थे। वहां उन्होंने देखा कि एक मछुआरा अपना जाल डालकर पानी में बैठा हुआ है। जैसे ही वे उस मछुआरे के पास से गुजरे, तो रुक गए। उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि जाकर देखो, उस मछुआरे के जाल में किस किस्म की मछलियां फंसी हुई हैं? शिष्यों ने आकर संत से कहा कि उन्होंने वहां तीन किस्म की मछलियां देखी हैं। कई मछलियां ऐसी थीं, जो कि जाल में एकदम निढाल होकर पड़ी हुई थीं, वे ऐसे लेटी हुई थीं, जैसे कि उन्हें कुछ नहीं करना। दूसरी किस्म की मछलियां ऐसी थीं, जो जाल में से निकलने के लिए कुछ हाथ-पैर मार रही थीं, लेकिन वे जाल में फंसी रहीं। तीसरी किस्म की मछलियां वे थीं, जिन्होंने बहुत हाथ-पैर मारे और मारते-मारते कुछ जाल में से बाहर निकल गईं। संत ने अपने शिष्यों को समझाते हुए कहा कि हम इनसान भी कुछ ऐसे ही जीते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं, जो माया के जाल में ऐसे फंसे हुए हैं कि वे सोचते ही नहीं कि वे जाल में फंसे हुए हैं, वे वैसे ही उस जाल में टिके रहते हैं। उसी में मस्त रहते हैं। दुनिया के कार्यों में लगे रहते हैं।

## सब दिशाओं में फैलती है सतकर्मों की सुगंध



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा बुद्ध धर्म-प्रचार के लिए स्थान-स्थान पर जाते थे। उनके वचनों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग उनके शिष्य बन जाते थे। जो लोग उनके शिष्य नहीं बन सके, वे उनके अनुयायी बन गए। बुद्ध अपने सभी शिष्यों को समान मानते थे। इनमें आनंद नाम का एक शिष्य था, जो उनके सबसे प्रिय शिष्यों में से एक था। एक बार आनंद श्रावस्ती में संध्या के समय विपश्यना कर रहे थे। उनके साथ अनेक शिष्य और आम जन भी थे। विपश्यना करते हुए अचानक उनका ध्यान पास ही खिले हुए फूलों की ओर गया। उन खिले हुए फूलों की सुंदरता को देखकर वह चिंतन करने लगे कि ये फूल देखने में जितने सुंदर हैं, उतनी ही अच्छी इनकी सुगंध भी है। लेकिन यह क्या? यह सारी सुगंध तो उस ही दिशा में बह रही है, जिस ओर हवा बह रही है। जबकि इन फूलों की सुगंध को तो चारों ओर फैलना चाहिए। आखिर इसका कारण क्या है? फूलों की सुगंध हवा का अनुसरण क्यों कर रही है। ऐसा लगता है मानो हवा फूलों की इस सुगंध को अपनी ओर खींच रही हो। यह चिंतन करते-करते आनंद को ध्यान आया कि बुद्ध ने तीन प्रकार की उत्तम गंध की चर्चा की है। ये हैं- 'मूलगंध', 'सारगंध' और 'पुष्पगंध।' क्या इसके अलावा कोई और भी गंध है, जो हवा के विपरीत या सब तरफ फैले। आनंद के मन में विचार आया कि क्यों न बुद्ध के पास जाकर इस शंका का समाधान पाया जाए। ऐसा सोचकर वह बुद्ध के पास गए और बोले, 'भंते! क्या इस जगत में ऐसी भी कोई सुगंध है, जो हर दिशा में अपनी सुगंध बिखेरती हो।

## विश्व न्याय दिवस
अखिलेश आर्येन्दु



# सब को समान न्याय एक चुनौती

दु निया में मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। आज भी दुनिया में कहीं न कहीं नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ संहार चलते रहते हैं। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से इसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा। रोम संविधि का जश्न मनाने के लिए, विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस तब से मनाया जाने लगा। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इसकी स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। दुनिया के तमाम देश इसे मनाते हैं। पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक, नरसंहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिशप्त हैं। विश्व समाज आज डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर भेदभाव सभी को न्याय मिले। यह आज की सबसे बड़ी चुनौती है। विधि क्षेत्र में न्याय के जिन चार प्रकारों की बात की जाती है उनमें वितरणात्मक (यह निर्धारित करना कि किसे न्याय मिलता है) प्रक्रियात्मक न्याय (यह निर्धारिक तरना कि लोगं के साथ कितना निष्पक्ष व्यवहार किया जाता है) प्रतिशोधात्मक न्याय ( गलत काम करने पर दंड के आधार पर) और पुनर्स्थापनात्मक (जो रिश्तों को सही बनाने की कोशिश करता है) इन चार तरह के न्यायों को समझना और दूसरों को इनके प्रति जागरूक करना भी इस दिवस का एक हिस्सा है। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं, बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमे लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से रुख्सत हो चुके होते हैं। बगैर भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस पर गौर करना चाहिए की सभी को बगैर समय पर न्याय मिले। इससे इस दिवस का महत्व और बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### अनियंत्रित यातायात

राजधानी के संतोषीनगर चौक पर हर दिन यातायात अनियंत्रित हो जाता है। ओवरब्रिज के पास हमेशा जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में लोगों को रास्ता पार करना मुश्किल हो जाता है। संतोषीनगर बाजार से ओवरब्रिज के बीच ट्रकें रास्ते को रोकती है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। बारिश के दिनों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में यह रास्ता काफी मुश्किलभरा है।

*- राजेंद्र कुमार*

## ट्रेंड

### भारतीय भाषा को बढ़ावा देना



प्रत्येक भारतीय भाषा को बढ़ावा देना, संरक्षित करना, लोकप्रिय बनाना और समृद्ध करना नई शिक्षा नीति की प्राथमिकता है। भारतीय भाषाओं में लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का इंतजार करें।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### बाइडेन सही कह रहे



राष्ट्रपति बाइडेन बिल्कुल सही कह रहे हैं, कि इस तरह की हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। एक देश के रूप में हम हर बात पर सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन हमें उस पर सहमत होने में सक्षम होना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### जम्मू कश्मीर की स्थिति



जम्मू कश्मीर में फिर से आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। एक के बाद एक ऐसी भयानक घटनाएं चिंताजनक है। ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर की स्थिति बयान कर रहे हैं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### दयालु नेताओं की जरूरत



क्या करुणा, सहानुभूति, दयालुता या परोपकार के समान है? ये शब्द अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं, लेकिन क्या ये वास्तव में पर्यायवाची हैं? मेरा दृष्टिकोण है कि करुणा का क्या अर्थ है और क्यों पहले से अधिक दयालु नेताओं की आवश्यकता है

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

## करंट अफेयर


# 16 लाख बच्चों ने 2023 में नहीं ली टीके की एक भी खुराक



भारत में 2023 में करीब 16 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। इस क्रम में भारत का स्थान दूसरा है जबकि पहले स्थान पर नाइजीरिया है जहां 21 लाख बच्चों को इसी अवधि के दौरान टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। भारत की रैंकिंग में हालांकि 2021 की तुलना में सुधार हुआ है, जब देश में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक 27 .3 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2023 में नाइजीरिया में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या सबसे अधिक 21 लाख थी। भारत के बाद अन्य देश इथियोपिया, कांगो, सूडान और इंडोनेशिया हैं। इस श्रेणी में शीर्ष 20 देशों में चीन 18वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 10वें स्थान पर है। टीकाकरण एजेंडा 2030 (आईए2030) के संदर्भ में, 2021 में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर, बीस देशों को प्राथमिकता दी गई। दक्षिण एशिया क्षेत्र (रोसा) के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर रैंक किए गए देशों में, 2021-2023 में भारत 1,592,000 शून्य खुराक वाले बच्चों के साथ आठ देशों में से पहले स्थान पर है।

## ऑफ बीट

# रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची



भारत ने 346 सैन्य हार्डवेयर की एक नयी सूची की घोषणा की जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रणालियां और हथियार शामिल हैं। इन्हें एक निश्चित समय-सीमा के भीतर उनके आयात पर प्रतिबंध लागू होने के बाद केवल सरकार द्वारा संचालित घरेलू निर्माण इकाइयों से ही खरीदा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत पिछले तीन वर्ष में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित किया गया है और इन वस्तुओं का उत्पादन रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा किया जाएगा। बयान में कहा गया है, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और डीपीएसयू द्वारा आयात को न्यूनतम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को अधिसूचित किया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति मिलेगी, रक्षा में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

*वाराणसी। देश का पहला हाइड्रोजन जलयान वाराणसी पहुंच गया है। कोलकाता के कोच्चि शिपयार्ड से जल मार्ग के जरिए ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाला जलयान नमो घाट पहुंचा है। पर्यटन विभाग की निगरानी में रामनगर मल्टी-मॉडल टर्मिनल राल्हूपुर में शिप को खड़ा किया है। 50 सीटर शिप वाराणसी से मिर्जापुर के चुनार के बीच 15 किमी की दूरी में चलाया जाएगा। किराया 2500 रुपए प्रति व्यक्ति प्रस्तावित है। हालांकि अभी इस पर अंतिम मुहर लगनी बाकी है।*

**जून के अंतिम सप्ताह में कोलकाता से चला था**

जानकारी के मुताबिक, दो मंजिला हाइड्रोजन जलयान कोच्चि शिपयार्ड से समुद्री मार्ग से होते हुए 13 जून को कोलकाता पहुंचा। जलमार्ग-1 हल्दिया-वाराणसी रूट पर पानी की कमी के चलते जलयान की रफ्तार थम गई। इसके चलते जलयान को आधा सफर पूरा करने में ज्यादा समय लगा।

# काशी से चुनार तक चलेगा देश का पहला हाइड्रोजन जलयान

**25 की स्पीड 2500 रुपए किराया**

जलयान 20 से 25 किमी की रफ्तार से चल सकता है। शिव को वाराणसी से मिर्जापुर के चुनार के बीच चलाने की तैयारी है। यात्रा का समय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक है। यात्रा नमो घाट से शुरू होगी। 2500 रुपए प्रति व्यक्ति किराया प्रस्तावित है। रास्ते में पर्यटकों को गंगा घाट, शूलटंकेश्वर मंदिर समेत कई ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी।

**जलयान की खासियत**

देश के पहले हाइड्रोजन जलयान को बनाने में 10 करोड़ से अधिक पैसे खर्च हुए हैं। 5.80 मीटर चौड़ाई वाले शिप में 50 यात्रियों के बैठक की बेहतर व्यवस्था है। 20-25 किलो मीटर रफ्तार से चलने वाले जलयान की लंबाई 28 मीटर है। ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाले इस क्रूज में न तो वायु प्रदूषण होगा और न ध्वनि प्रदूषण होगा।



**शुद्ध-शाकाहारी भोजन मिलेगा**

पर्यटकों को गंगा घाट, शूलटंकेश्वर मंदिर समेत कई ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी। चुनार किला ले जाया जाएगा। यहां गाइड किले के इतिहास से रूबरू कराएंगे। पर्यटकों के मनोरंजन का भी खास ख्याल रखा है। यात्रा के दौरान सभी यात्रियों को शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। ब्रेकफास्ट, लंच और शाम का स्नेक्स शामिल होगा। क्रूज में लाइव म्यूजिक का भी आयोजन होगा।

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2500 | रुपए प्रति व्यक्ति किराया | 15 | किमी दूरी तय करेगा | 28 | मीटर से अधिक लंबाई | 5.80 | मीटर से अधिक चौड़ाई | 50 | यात्रियों के बैठक की व्यवस्था | 20-25 | किलो मीटर रफ्तार | 09 | सुबह से 5 बजे शाम तक सफर | 10 | करोड़ से अधिक की लागत | | |

## खबर संक्षेप

### बजट पूर्व हलवा समारोह में शामिल हुईं वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का आखिरी चरण माना जाने वाला पारंपरिक हलवा समारोह मंगलवार को हुआ। इसके साथ वित्त वर्ष 2024-25 के बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का काम शुरू हो गया है। बजट 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुईं और उन्होंने परंपरा के तौर पर हलवा बांटा।

### बिभव कुमार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को 500 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल की अदालत में दाखिल किया गया है। उन्होंने कुमार की न्यायिक हिरासत भी 30 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है।



### हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को एक और अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के दस्ते ने अमृतसर में तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से छह पिस्तौलें व भारी मात्रा में कारतूस व मैगजीन भी बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



### बच्चे से दुष्कर्म के बाद हत्या आरोपी को फांसी की सजा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म के बाद उसकी हत्या के दोषी दरियाब नामक एक व्यक्ति को मंगलवार को फांसी एवं एक लाख 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि 21 जून 2022 को कोसीकलां थाना क्षेत्र के नगला मेव गांव में खाली पड़े एक मकान के पशुओं को बांधने के स्थान पर नौ साल के एक बच्चे का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था।



### दोनों देशों की दोस्ती का फायदा उठाना चाहता है अमेरिका

# मोदी से अमेरिका ने लगाई गुहार, पुतिन आपके अच्छे दोस्त, बंद कराएं यूक्रेन युद्ध

*पिछले दिनों संपन्न हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे को लेकर अमेरिका की तरफ से प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इस बार इस दौरे को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि भारत का रूस के साथ पुराना रिश्ता है, यह सबको पता है। मैथ्यू मिलर ने आगे कहा कि हमने भारत को रूस के साथ अपने पुराने रिश्ते और अपनी अद्वितीय स्थिति का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति पुतिन से उनके अवैध युद्ध को समाप्त करने और इस संघर्ष में एक न्यायपूर्ण शांति, स्थायी शांति स्थापित करने का आग्रह करने को कहा।*

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने रूस राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। पांच साल बाद मिले दोनों दोस्तों ने एक दूसरे को गले लगाकर मजबूत रिश्तों का दुनिया भर में संदेश दिया। इस दौरान, पुतिन ने पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल, से सम्मानित भी किया था। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के रूस दौरे की आलोचना की थी। उनका कहना था कि इस कदम से शांति प्रयासों को झटका लगेगा। अमेरिका ने भी इस यात्रा को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान, पीएम मोदी ने पुतिन को शांति की सीख दी थी।


### अमेरिकी राजदूत ने की थी ये टिप्पणी

बता दें कि इससे पहले पीएम मोदी के रूस दौरे को लेकर अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा था कि मैं इस बात का सम्मान करता हूं कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता (अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने की नीति) पसंद करता है। युद्ध के समय रणनीतिक स्वायत्तता जैसी कोई चीज लागू नहीं होती है। उन्होंने कहा था, भारत-अमेरिका को जरूरत के समय मिलकर रहना चाहिए। इस रिश्ते को हल्के में न लिया जाए।

### *यूएन के चार्टर का सम्मान करने के लिए मनाने का किया था आग्रह*



### अमेरिका ने माना, भारत हमारा महत्वपूर्ण साझेदार



मैथ्यू मिलर का कहना है कि अमेरिका ने भारत से ये भी कहा कि वह पुतिन पुतिन को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करने के लिए कहने को भी प्रोत्साहित किया था. रूस के साथ संबंधों की बात करें तो भारत सरकार हमारा एक महत्वपूर्ण साझेदार है। मिलर ने कहा कि हमने भारत से आग्रह किया है कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहकर यूक्रेन में चल रही कार्रवाई को बंद कर स्थायी शांति स्थापित करने की पहल करें।

### 11 जुलाई को दी थी भारत को सावधान रहने की सलाह

*दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी 8-9 जुलाई को आयोजित 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए पिछले दिनों रूस गए थे। इस दौरे के बाद से ही अमेरिकी प्रतिक्रिया आने लगी थी। भारत में अमेरिकी के राजदूत एरिक गार्सेटी ने दिल्ली में 11 जुलाई 2024 को हुई यूएस-इंडिया डिफेंस न्यूज कॉन्क्लेव में भारत को रूस से सावधान रहने की सलाह भी दी थी।*

### पुतिन से यूएन चार्टर का सम्मान करने कहें

*मिलर ने मंगलवार को कहा कि भारत पुतिन से कहे कि वे यूएन चार्टर का सम्मान करें। पुतिन से भारत कहे कि वे यूक्रेन की क्षेत्रीय संप्रभुता का भी सम्मान करे। भारत रूस के साथ-साथ हमारा भी अहम सहयोगी है। हम चाहते हैं कि भारत रूस को समझाए।*

### व्हाइट हाउस भी भारत से कर चुका है अपील

*व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरीन जीन पियरे ने भी कुछ दिन पहले भारत से अपील की थी। उन्होंने कहा था कि हमें लगता है कि रूस के साथ भारत के घनिष्ठ संबंध हैं। भारत के पास वह क्षमता है कि वे रूस को युद्ध रोकने के लिए मना सकते हैं। हालांकि, अंतिम फैसला पुतिन का ही होगा। पुतिन ने युद्ध शुरू किया था और अब वही युद्ध को रोकेंगे।*

# 13 लोगों के कातिल सेना के 30 जवानों पर चलेगा हत्या का मुकदमा

### 3 साल पुराने केस पर केंद्र सरकार व रक्षा मंत्रालय को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

नगालैंड में तीन साल पहले हुई 13 लोगों की हत्या का मामला एक बार फिर गरमा गया है। इस मामले में राज्य पुलिस ने 30 सैनिकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी। हालांकि केंद्र ने इन सैनिकों के खिलाफ केस चलाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया। अब इस मामले में नगालैंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है, जिस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्ते में जवाब मांगा गया है। दरअसल 4 दिसंबर, 2021 को मोन जिले में सेना के जवानों ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया था। हालांकि सेना की मिली खुफिया जानकारी गलत साबित हुई थी और घात लगाकर किए गए इस हमले में 13 आम लोगों की जान चल गई थी।

### राज्य सरकार ने रखा अपना पक्ष

उधर नगालैंड सरकार ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच को बताया, 'केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी ने बिना दिमाग लगाए और जांच के बिना विशेष जांच दल द्वारा जमा की गई पूरी सामग्री को देखे बिना, मनमाने ढंग से और जनहित के खिलाफ आरोपी सैन्यकर्मियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। राज्य सरकार ने कहा कि सेना की एंबुश टीम ने कोयला खनिकों से भरी बोलेरो पिकअप पर बिना किसी चेतावनी या पहचान पूछे गोलियां चला दीं। उधर सेना की दलील थी कि इन लोगों के पास बंदूकें और हथियार थे।

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने केस पर लगा दी थी रोक

इस मामले में आरोपी सैन्यकर्मियों की पत्नियों ने जुलाई 2022 में, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 21 पैरा (स्पेशल फोर्स) की अल्फा टीम से जुड़े इन जवानों के खिलाफ केस पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद नागालैंड सरकार ने केंद्र से मंजूरी लेने की कोशिश की, लेकिन केंद्र ने पिछले साल 28 फरवरी को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान बदमाशों ने किया हमला

# आर्मस्ट्रॉन्ग के बाद अब मदुरै में एक और बड़े नेता की हत्या

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु में हाल ही में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रॉन्ग की हुई हत्या के बाद अब एक और नेता का मर्डर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि तमिलर कक्षी पार्टी के नेता की हत्या कर दी गई है। हत्या की इस घटना को मदुरै शहर में अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान बालासुब्रमण्यम के रूप में की गई है। बालासुब्रमण्यम मदुरै उत्तर जिला इकाई के उपाध्यक्ष थे। मिली जानकारी के अनुसार बालासुब्रमण्यम सुबह-सुबह वॉकिंग के लिए निकले थे, तभी रास्ते में चार लोगों ने उनपर हमला कर दिया। दरअसल, तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष की हत्या पूरे देश में चर्चा में रही थी। इसके कुछ ही दिनों पर अब एक और नेता की हत्या के बाद अब प्रशासन पर सवाल उठने भी शुरू हो गए हैं।



मृतक बालासुब्रमण्यम

बता दें कि हाल ही में बसपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख आर्मस्ट्रांग की बदमाशों ने उनके आवास के पास हत्या कर दी थी। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंची थीं।

### तमिलर कक्षी पार्टी के नेता थे बालासुब्रमण्यम

जानकारी के अनुसार तमिलर कक्षी नाम की एक क्षेत्रीय पार्टी के जिला उपाध्यक्ष की बदमाशों ने हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बालासुब्रमण्यम मॉर्निंग वॉक पर निकले हुए थे। इसी दौरान चार बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। बदमाशों ने बालासुब्रमण्यम पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं हमले में उनकी मौत हो गई।

### निष्कासित किए गए संतों को नहीं मिलेगा 2025 में होने वाले महाकुंभ में प्रवेश

# गोपनीय जांच के बाद कई महामंडलेश्वर सहित 13 संत अखाड़ा परिषद से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

संगम के तट पर आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 से पहले संत समाज से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने अखाड़े से 13 संतों और महामंडलेश्वरों को निष्कासित कर दिया है। बता दें कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद लगातार ऐसे साधु-संतों को चिह्नित करने में जुटा रहता है, जो धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन और अन्य दूसरी गतिविधियों में लिप्त होते हैं। अखाड़ों की आंतरिक जांच में तमाम संत खरे नहीं उतर सके और यही वजह है कि 13 संतों पर कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें इस व्यवस्था से निष्कासित कर दिया गया है।



### *100 से ज्यादा और संतों से मांगा गया जवाब*

अखाड़ा परिषद की आंतरिक जांच में इन संतों की कार्यप्रणाली सनातन धर्म और अखाड़े की रीति-नीति के विपरीत मिली थी। बताया जा रहा है कि जिन संतों पर कार्रवाई हुई है उनमें कुछ महामंडलेश्वर भी शामिल हैं। इसके अलावा 100 से ज्यादा संत ऐसे भी हैं जिन्हें नोटिस जारी करके 30 सितंबर तक जवाब देने को कहा गया है। अगर इन संतों की तरफ से संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो उन्हें भी अखाड़े से निष्कासित किया जा सकता है।

### जांच में किस तरह की गड़बड़ी सामने आई

अखाड़ा परिषद की जांच में निष्कासित किए गए अधिकांश संत धार्मिक अनुष्ठान, गुरुकुल की गतिविधियां बढ़ाने के बजाय धनार्जन में लिप्त मिले। इसके साथ ही कुछ संतों के आपराधिक लोगों से संबंध सामने आए। वहीं, जांच में यह भी पता चला कि कुछ महामंडलेश्वरों ने दूसरों को संन्यास दिलाकर महामंडलेश्वर बनाने के लिए पैसा लिया।

### मौजूदा समय में हैं 13 अखाड़े

मौजूदा समय में 13 अखाड़े हैं, जिन्हें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के माध्यम से संगठित किया गया है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष न आए, इसके लिए समय-समय पर सभी अखाड़े अपने महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत और श्रीमहंतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच करवाते हैं।

### लोकसभा चुनाव हारने के बाद अभी तक नहीं खाली किए आवास

# 200 सांसदों को छोड़ना होगा लुटियन दिल्ली का आलीशान बंगला, सरकार ने जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में कई माननीयों की कुर्सी तो गई ही अब उनका आशियाना भी छिनने जा रहा है। केंद्र सरकार ने लुटियन जोन के शानदार बंगलों में रह रहे 200 से अधिक पूर्व सांसदों को घर खाली करने के नोटिस दिए हैं। नई लोकसभा में चुनकर आए नए सांसदों को अभी तक घर आवंटित नहीं हुआ है। घर की बाट जोह रहे सांसदों की कतार लंबी है। पुराने सांसद घर छोड़ेंगे तभी नए एमपी को दिल्ली में छत मिलेगी। पुराने सांसदों को एक महीने के भीतर घर खाली करने के लिए कहा गया है। बता दें कि लोकसभा हाउस कमेटी सांसदों को आवास आवंटित करती है तो केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत संपदा निदेशालय मंत्रियों को बंगले आवंटित करता है। जानकार बताते हैं कि अभी तक नये मंत्रियों को कोई बंगला आवंटित नहीं किया गया है।

### सरकारी आवास खाली करने का नियम



नियम के मुताबिक, सांसद ना रहने की स्थिति में 15 दिन बाद सरकारी बंगला खाली करना होता है। आमतौर पर नोटिस मिलने के 30 दिन के भीतर बंगला खाली करना होता है। विशेष परिस्थिति में बंगला खाली कराने के लिए बल प्रयोग भी किया जा सकता है। सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को लुटियंस दिल्ली में बंगला आवंटित किया जाता है। टाइप 5 से टाइप 8 तक के बंगले सांसदों, केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्रियों को आवंटित किए जाते हैं। पहली बार चुने गए सांसदों को टाइप 5 बंगले दिए जाते हैं।

### खुद खाली नहीं किया तो निकाला जाएगा घर से

आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि पुराने सांसदों को अभी तक घर खाली कर देना चाहिए था। चूंकि समय सीमा खत्म होने के बाद भी वे सरकारी बंगलों पर कब्जा जमाए बैठे हैं, इसलिए उन्हें घर खाली करने के नोटिस दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि अगर नोटिस के बाद भी घर खाली नहीं हुए तो पूर्व सांसदों को घर से निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### सबसे शानदार टाइप 8 बंगले

टाइप 8 बंगलों को कैबिनेट मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के जज, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व उपराष्ट्रपति और वित्त आयोग के अध्यक्ष को आवंटित किया जाता है। टाइप 8 बंगले सबसे शानदार माने जाते हैं। टाइप 8 बंगला करीब 3 एकड़ में फैला होता है। इसमें पांच बेडरूम, एक हॉल, एक डाइनिंगरूम और एक स्टडी रूम होता है। अतिथियों से मुलाकात के लिए एक बैठक और एक सर्वेन्ट क्वार्टर भी होता है। टाइप 8 बंगले जनपथ, त्यागराज मार्ग, कृष्णा मेनन मार्ग, अकबर रोड, सफदरजंग रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग और तुगलक रोड पर बने हुए हैं।

# पाक सेना के ठिकाने पर आतंकी हमला, 8 सैनिक मृत, 10 आतंकी भी ढेर

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आतंकवाद काफी फैल चुका है। लंबे समय तक पाकिस्तान ने आतंकवाद को पनाह देने के साथ ही दूसरे देशों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने में मदद भी की पर अब आतंकवाद पाकिस्तान में भी एक बड़ी समस्या बन चुका है। आए दिन पाकिस्तान में आतंकी हमलों के मामले सामने आते रहते हैं। इसी तरह की एक और घटना सोमवार को हुई। सोमवार को तड़के सुबह खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में पाकिस्तानी सेना की एक छावनी पर 10 आतंकियों ने हमला कर दिया। पाकिस्तानी सेना और आतंकियों के बीच जमकर गोलीबारी हुई।

- **विस्फोटक भरा वाहन छावनी में घुसाया, 8 की मौत**



## सांसद, महापौर, विधायक और नगर निगम अध्यक्ष ने लगाये पौधे

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत






जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर जबलपुर जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत मंगलवार से हुई। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने डुमना नेचर पार्प के समीप गधेरी में पौधारोपण कर की। पौधारोपण के इस कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम द्वारा किया गया था। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोटिया भी इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने भी पौधा लगाकर अभियान में सहभागिता की। कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव ने भी इस कार्यक्रम में पौधे रोपे। बता दें कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जबलपुर जिले में जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न चरणों मे लगभग 11 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के पहले दिन मंगलवार को जिले भर में अलग-अलग लोकेशन पर 1 लाख 47 हजार पौधे रोपे जा रहे हैं।

### उत्तर मध्य विधानसभा में वृहद वृक्षारोपण

जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत माढ़ोताल तालाब में विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने फलदार वृक्ष लगाएं। इस अवसर पर एसडीएम शिवाली सिंह तहसीलदार दीपक पटेल नगर निगम डीओ सत्येंद्र पार्षद, मोनिका पुष्पेंद्र सिंह, बेड़ी पटेल, गणेश पटेल, मंडल अध्यक्ष अतुल जैन दानी, अजय दुबे, बद्री शिवहरे आदि ने भी पौधारोपण किया।



## ऋषि का शाप भी वरदान होता है : ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद

**जबलपुर**। श्रीमद्भागवत कथा श्री शंकराचार्य मठ सिविक सेण्टर बगलामुखी मंदिर मढाताल में तृतीय दिवस की कथा में बताया कि भगवान् द्वारा उत्तरा के गर्भ की रक्षा की गई जिसके फलस्वरूप महाराज परीक्षित का जन्म हुआ। महाराज परीक्षित ने धर्मानुकूल शासन व्यवस्था को संचालित करते हुए धर्म की रक्षा की, कलियुग का निग्रह किया, तथा एक बार शिकार के समय एक ऋषि का अपमान मरा सर्प उनके गले में डालकर महाराज परीक्षित द्वारा किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ऋषि पुत्र ने उन्हें शाप दिया कि जिसने यह कृत्य किया है उसकी आज के सातवें दिन तक्षक सर्प के काटने से मृत्यु होगी ।इसके निदान में महाराज शुकदेव जी के दर्शन से श्रीमद्भागवत भागवत का श्रवण उनके शापोद्धा का स्वरूप हुआ ।

### तक्षक-नाग-ही कालचक्र है

लोभ का स्वरूप ही हिरण्याक्ष हैलोभ में वास ही हिरण्यकशिपु है 'महराज जी ने बताया कि प्रत्येक प्राणी की मृत्यु सात दिन में ही होनी है, अतः समय रहते प्रभु स्मरण करना चाहिए। शास्त्र विरुद्ध संस्कार राक्षसी प्रवृत्ति को जन्म देता है। आज की श्रीमद भागवत में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शामिल हुए एवं मां बगलामुखी का पूजन अर्चन किया एवं ब्रमचारी सुबुद्धानंद जी से आशीर्वाद लिया एवं उनके स्वस्थ का हाल चाल जाना इस अवसर पर राजेन्द्र शास्त्री पूर्व विधायक विनय सक्सेना, विवेक अवस्थी, मनोज सेन, गोविंद साहू, ब्रजेश दुबे आदि उपस्थित रहे।

# पमरे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की बैठक संपन्न

**जबलपुर**। पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य द्वारा 15 जुलाई 2024 को महाप्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक राज्य मुख्य आयुक्त एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री पंकज शर्मा की अध्यक्षता में सपन्न हुई। बैठक में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों द्वारा वर्ष 2023-24 में आयोजित स्काउट एवं गाइड गतिविधयों की वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक सेंसस रिपोर्ट एवं ऑडिट रिपोर्ट का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। राज्य कार्यकारिणी बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त/वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा को विदाई भी दी गई। उल्लेखनीय है राज्य मुख्य आयुक्त का स्थानांतरण रेलवे बोर्ड हो गया है। राज्य मुख्य आयुक्त/वरिष्ठ उप महाप्रबंधक के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनके कार्यकाल के दौरान पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा विगत दिनों में राज्य मुख्यालय पर विभिन्न बैठकों, भोपाल में छठवी राज्य रैली, जबलपुर में चौथी एवं पाँचवी राज्य कैंपोरी, कोटा में राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप एवं यूनिट लीडर एडवांस कोर्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य आयुक्त/गाइड डॉ. निर्मला गुप्ता, राज्य सचिव एवं उप मुख्य सतर्कता अधिकारी सौरव कुमार, जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल के जिला मुख्य आयुक्त एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक के साथ-साथ राज्य मुख्यालय एवं मंडलों के समस्त स्काउट एवं गाइड पदाधिकारी उपस्थित थे।



**एक पेड़ मां के नाम**

# जन अभियान परिषद की संस्थाओं की रही सक्रिय सहभागिता

जबलपुर।

एक पेड़ मां के नाम आभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद ज़िला जबलपुर द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुसार पूरे ज़िले में परिषद के नेटवर्क नवांकुर संस्थाओं , ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के मेंटर्स ,छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा वृहद पौधारोपण आभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत सभी विकास खंडों के प्रस्फुटन ग्रामों, निजी एवं शासकीय विद्यालयों महाविद्यालयों , ग्रामों में उपलब्ध सार्वजनिक स्थानों सहित नवांकुर संस्थाओं द्वारा विगत एक माह से किए संपर्क कार्यक्रम द्वारा चिन्हित परिवारों द्वारा निजी भूमि पर स्वैच्छिक आधार पर बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया।

जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम आभियान में नवीन तहसील परिसर पाटन,शासकीय महाविद्यालय पाटन, सीहोरा , मॉडल साइंस कॉलेज जबलपुर, पनागर , कुंडम, मझौली शहपुरा सहित अन्य स्थानो पर साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए गए। जन अभियान परिषद जबलपुर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में आज रवि प्रसाद बर्मन संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद, प्रदीप कुमार तिवारी ज़िला समन्वयक जन अभियान परिषद जबलपुर, बिकास खंड समन्वयक श्रीमति नूपुर खरे एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय साहभिता रही है।






## कंगारू किड्स में आयोजित किया गया 'फाउन्डर्स डे' कार्यकम

**जबलपुर**। कंगारू किड्स का फाउन्डर्स डे मनाया गया क्योंकि यह संस्थापिका श्रीमति अर्पिता मालपाणी का जन्म दिवस भी है। कंगारू किड्स के इस खास दिन की शुरूआत भी खास तरीके से हुई जो कि इस बार 16 जुलाई को मनाया गया। जब शाला के मुख्य द्वार पर ही बच्चों का स्वागत प्राचार्या श्रीमति सोनिया कोचर ने किया। बच्चों को ढेर सारे उपहार श्रीमति अर्पिता मालपानी द्वारा बांटे गए और स्कूल में विशेष तौर पर अध्यापिकाओं द्वारा केंडी कार्नर और झूलों का आयोजन किया गया। श्रीमती अर्पिता मालपानी द्वारा मातृछाया संरक्षण गृह में छोटे बच्चो के लिए पालना एवं उनके उपयोग में आने वाली वस्तुए प्रदान की गई।

# जबलपुर की वायुसेवा सुचारु करने 19 जुलाई को धरना



**जबलपुर**। जबलपुर को वायु सेवा के राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने तथा पूर्व की भांति अन्य शहरों से सीधी वायु सेवा से जोड़ने हेतु संघर्षरत वायुसेवा संघर्ष समिति द्वारा आगामी 19 जुलाई शुक्रवार के दिन सांकेतिक धरना किया जा रहा है। एक जानकारी में समिति संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि विगत तीन माह से अधिक हो गए हैं जबकि जबलपुर की वायु सेवाओं को सुचारु करने आंदोलन किया जा रहा है। इसके तहत जबलपुर मुंबई सीधी वायु सेवा तथा आगामी 1 सितंबर को जबलपुर बेंगलुरु सीधी वायु सेवा जबलपुर को प्राप्त हुई है लेकिन समिति की अन्य प्रमुख मांग जिसमें जबलपुर पुणे, जबलपुर चेन्नई, जबलपुर अहमदाबाद की वायु सेवाएं हैं उन पर संबंधित विभागों ने कोई भी कार्यवाही नहीं की है।

जबलपुर का समग्र आर्थिक विकास तभी संभव है जब जबलपुर भारत के प्रमुख शहरों से वायु सेवा से जुड़े। संघर्ष समिति की गीता शरत तिवारी, डॉक्टर पी जी नाजपांडे, बलदीप मैनी, बसंत मिश्रा ने बताया की जबलपुर में वायुसेवाओं के लिए बेतहाशा संभावनाएं हैं, कमी है तो सिर्फ इच्छा शक्ति की जिससे जबलपुर अभी तक अन्य शहरों की अपेक्षा पिछड़ता जा रहा है। वायुसेवा संघर्ष समिति द्वारा आयोजित 19 तारीख के धरने पर प्रदेश शासन से यह मांग की जाएगी कि वह पूर्व की भांति जबलपुर को उसका खोया हुआ सम्मान वापस दिलाए तथा सीधी वायु सेवा से भारत के प्रमुख शहरों से जोड़ने प्रयास करें। समिति ने सभी जनमानस से आग्रह किया है कि वह अधिकाधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को सफल बनाएं।



### जेडीए के अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया वृक्षारोपण

**जबलपुर**। जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 18 सिविक सेंटर में पर्यावरण अभियान के तहत जिसमें पूरे प्रदेश में वृक्षारोण किया गया है, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के उद्बोधन अनुसार जिसमें वृक्षारोपण करना, मां की सेवा करने के समान है, इसी तारतम्य में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा एक वृक्ष अवश्य लगाया जावें एवं उसकी सेवा करें, इसी तारतम्य में श्री संजय खरे अधीक्षण यंत्री द्वारा वृक्षारोपण किया गया, इस अवसर पर जे.डी.ए. के सहायक यंत्री तथा उपयंत्री तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



## आने वाली पीढ़ी को सौंपेंगे हरा भरा मप्र : नीरज सिंह

**नगर परिषद भेडाघाट में रौपे गए 51 हजार पौधे**

**ज़बलपुर**। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान की पूरे देश मे शुरुआत हो चुकी है इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर जबलपुर जिले में एक पेड माँ के नाम अभियान की जोरदार शुरुआत हुई जहां पर पूरे जिले में 1 लाख 47 हजार पौधे रोपे इधर भेडाघाट में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम नगर परिषद भेड़ाघाट में आयोजित किया गया जहां पर गायत्री परिवार के साथ संयुक्त रूप से एक पेड़ मां के नाम अभियान में बरगी विधायक नीरज सिंह और हरिद्वार से पधारे गायत्री परिवार के संत डॉक्टर चिन्मयानंद पांडया के आर्थितय में 5100 पौधों का वृहद पौधा रोपण किया गया साथ ही स्कूली छात्र छात्राओं सहित प्राकृतिक प्रेमियों द्वारा एक पौधा मां के नाम रोपा गया लम्हेटाघाट के शासकीय स्कूल के सामने आयोजित किये गए। इस वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम में बरगी विधानसभा के भाजपा विधायक नीरज सिंह,नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी,उपाध्यक्ष जगदीश दहिया, पूर्व अध्यक्ष महेश तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे,पूर्व अध्यक्ष दिलीप राय एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# कृषि छात्रा सोनम जैन और हरिराम महेरे मैरिट अवॉर्ड से सम्मानित

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कृषि महाविद्यालय स्थित मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग की छात्रा कुमारी सोनम जैन स्नातकोत्तर कक्षा में सर्वेच्च अंक प्राप्त करने पर हरिराम महेरे मैरिट अवॉर्ड वर्ष-2021-22 हेतु चयनित हुई। इसी क्रम में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने छात्रा सोनम को 10 हजार रूपये की राशि का चैक देकर सम्मानित किया। इस दौरान कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि यह पुरूस्कार मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के निवर्तमान प्राध्यापक डॉ. डी.पी. महेरे के पिता स्वर्गीय हरिराम महेरे की स्मृति में स्नातकोत्तर कक्षा में सर्वेच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सोनम को प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मृदा एवं रसायन शास्त्र विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.एस. कुल्हाड़े, लेखानियंत्रक डी.आर.महोबिया, उपलेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार दीक्षित, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय.एम.शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्प अधिकारी डॉ. बी.एस. द्विवेदी उपस्थित रहे।





## प्लाटधारियों को नहीं काटने पड़ेंगे कार्यालय के चक्कर

**जबलपुर**। जबलपुर विकास प्राधिकरण के सी.ओ.ओ. दीपक कुमार वैद्य के निर्देशन जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजनाओं से संबधित हितग्राहियों को अपनी सम्पत्ति की लीज नवीनीकरण एवं फीहोल्ड की कार्यवाही के लिए अनावश्यक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े, इस हेतु पूर्व में विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से दिनांक 16 जुलाई 2004 से 29.07.2024 तक सभी योजनावासियों को सूचित किया गया । इसी तारतम्य में प्राधिकरण की योजना क्रमांक 2अ गुप्तेश्वर स्थित सुविधा बाजार में शिविर आज दिनांक 16.07.2024 को मौके पर ही जे.डी.ए. के हितग्राहियों के लीजहोल्ड से फीहोल्ड हेतु प्रकरण 35 प्रकरण एवं लीज नवीनीकरण के 26 प्रकरणों के आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 32 प्रकरणों का निराकरण किया गया शेष प्रकरणों की कार्यवाही प्रगति पर है। इस अवसर पर जे. डी.ए. के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। आगामी योजनाओं से संबंधित फीहोल्ड / लीजनवीनीकरण की कार्यवाही हेतु शिविर दिनांक 18.07.2024 को जे.डी.ए. की योजना क्रमांक-2ब बाजनामठ स्थिति प्राधिकरण के ड्यूपलेक्स स्थित भवन में किया जायेगा।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **KAILAS BHAGWAN SHINDE** is father of No **15820855X** Rank **HAV** Name **SHINDE RAMDAS KAILAS** presently, residing at VILL-CHINCHPUR BK, PO-CHINCHPUR BK, TEH-PARANDA, DIST-OSMANABAD (MAHARASHTRA)-413505 I, have changed of my name and date of birth from name **SHINDE KAILAS BHAGWAN** and date of birth **01/06/1967** (name and date of birth as per my SON, Army service records) to name **KAILAS BHAGWAN SHINDE** and date of birth **01/01/1968** (name and date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 16/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR place of Court).

CORRECT NAME- KAILAS BHAGWAN SHINDE
CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1968
INCORRECT NAME- SHINDE KAILAS BHAGWAN
INCORRECT DATE OF BIRTH 01/06/1967

**CHANGE OF NAME**

ARMY NO. 15716280F Rank L/NK Name INDU BHUSHAN DIKSHIT S/O TRILOKI NATH DIXIT UNIT HQ 1 STC, C/O 56 APO, JABALPUR (MP) I, have changed name of my SON, from ABHINAV KUMAR DIXIT (name as per my Army service records) to ABHINAV DIXIT (name as per my SON, AADHAR CARD vide affidavit dated 16/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME
ABHINAV DIXIT
INCORRECT NAME
ABHINAV KUMAR DIXIT

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, PRITI DIKSHIT (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 15716280F Rank L/NK Name INDU BHUSHAN DIKSHIT presently, residing at VILL-PIPARA DIXIT, PO- PIPARA DIXIT, TEH-SALEMPUR, DIST-DEORIA (UP) - 274701 I, have changed of my name from PRITI DIKSHIT (name as per my Husband, Army service records) to PRITI DIXIT (name as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 16/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME- PRITI DIXIT
INCORRECT NAME- PRITI DIKSHIT

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

1. **SUMAN W/O ARMY NO. 15671917L RANK HAV NAME AMOD KUMAR** presently residing at VILL-NEW TARACHAK, PO- DANAPUR CANTT, TEH-DANAPUR, DIST-PATNA, STATE-BIHAR-801503 I, have changed of my date of birth from **05/10/1989** (date of birth as per my Husband Army service records) to **25/10/1989** (date of birth as per my ADHAAR CARD AND EDUCATIONAL DOCUMENTS vide affidavit dated **16/07/2024** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT DATE OF BIRTH - 25/10/1989
INCORRECT DATE OF BIRTH - 05/10/1989

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, BAYADA KAILAS SHINDE is mother of No 15820855X Rank HAV Name SHINDE RAMDAS KAILAS presently, residing at VILL- CHINCHPUR BK, PO-CHINCHPUR BK, TEH- PARANDA, DIST-OSMANABAD (MAHARASHTRA)-413505 I, have changed of my name and date of birth from name BAYADABBI and date of birth 05/09/1972 (name and date of birth as per my SON, Army service records) to name BAYADA KAILAS SHINDE and date of birth 01/01/1971 (name and date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 16/07/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME- BAYADA KAILAS SHINDE
CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1971
INCORRECT NAME- BAYADABBI
INCORRECT DATE OF BIRTH 05/09/1972

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
**रा.प्र.क./381/अ-6/2024-25**
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उर्मिला सिंह/शिवनाथ सिंह नि.- 3252/3ए नियर तिवारी बरातघर तुलसी नगर रांझी ने रकवा/ रकवा 900 व.फु. ग्राम रांझी खसरा नं. 244/8/4/1 रकवा 900 व.फु. विक्रय पत्र/हक त्याग / वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक / दिनांक. 02/08/2011 मृत्यु दिनांक 20/04/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किया जाने का आवेदन पत्रखसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. प्लाट न..निर्मित रकवा / रकवा 900 व. फु. / अवि. हिस्सा. ग्राम रांझी प.ह.नं. खसरा नं. 244/8/4/1 रकवा 900 व.फु. रंगलाल यादव वल्द शिव बालक यादव के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपति हो तो अपनी लिखित आपति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20/7/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी इश्तहार आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया
जारी दिनांक 20/06/2024
पेशी दिनांक 22/07/2024
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर




क्या ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा भी कहीं और जीवन है? वैज्ञानिक सालों से इस सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश में लगे हैं। दुनिया में कई लोग ऐसे हैं, जो एलियन और उसके एयरक्राफ्ट यूएफओ को देखने का दावा करते हैं।

# ब्रह्मांड में कहां हैं एलियन? जल्द खोज लेंगे वैज्ञानिक

एजेंसी ▶▶| लंदन

सच्चाई यह है कि वैज्ञानिक भी अभी तक एलियन की खोज नहीं कर पाए हैं। अब इस बीच शोधकर्ताओं का मानना है कि जल्द ही वह एलियन की खोज कर सकते हैं। ब्रह्मांड में एलियन की तलाश के लिए दुनिया के सबसे बड़े वैज्ञानिक प्रोजेक्ट ब्रेकथ्रू लिसेन के वैज्ञानिकों ने कहा है कि कई तकनीक विकास ब्रह्मांड में खोज की दिशा बदलने वाले हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में पहली बार नवाचारों को लेकर ऑक्सफोर्ड में वैज्ञानिकों का वार्षिक सम्मेलन होने वाला है। इस इसी सप्ताह शुरू होने वाले सम्मेलन में नई तकनीक को लेकर चर्चा की जाएगी। खगोलविदों से लेकर प्राणीविदों समेत सैकड़ों वैज्ञानिकों के शामिल होने की संभावना है। ब्रेकथ्रू लिसन के एक परियोजना वैज्ञानिक खगोलविद स्टीव क्रॉफ्ट का कहना है कि विकास के अधीन कई अद्भुत तकनीकें हैं। उदाहरण के तौर पर चिली, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में विशाल नई दूरबीनों का निर्माण। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में विकास। अब वो एलियन सभ्यताओं को खोजने के तरीके को बदलने वाले हैं।



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल

स्टीव क्राफ्ट ने बताया कि आने वाले कुछ सालों दोनों अवलोकन की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। सबसे खास बात यह है कि दोनों ही ब्रेकथ्रू लिसन के लिए डेटा प्रदान करेंगी। इन विशाल सूचना समूहों के अध्ययन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे एलियन सभ्यताओं की खोज के लिए अतिरिक्त शक्ति मिलेगी।

# भारती एयरटेल फाउंडेशन देगा 'छात्रवृत्ति प्रोग्राम'

**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन, अपने 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम' लांच कर रही है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विद्यार्थियों की योग्यता और उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि दोनों को ध्यान में रखते हुए, आईआईटी सहित 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्प' (एनआईआरएफ) के मानकों के अनुसार शीर्ष स्तरीय रैंकिंग प्राप्त 50 (इंजीनियरिंग) कॉलेजों में, जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर शामिल हैं। प्रौद्योगिकी आधारित इंजीनियरिंग के स्नातक स्तरीय और एकीकृत कार्यक्रमों (5 वर्ष तक) में भागीदारी करने वाली लड़कियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के योग्य विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह अगस्त 2024 में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों पर लागू होगा। इस वर्ष 250 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के साथ से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को, विद्यार्थियों के ऐसे प्रत्येक समूह में इसका सफल कार्यान्वयन होने पर भविष्य में इससे लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या को धीरे-धीरे बढ़ाने का उद्देश्य रखते हुए ड़िजाइन किया गया है। कार्यक्रम के चरम पर पहुंचने पर प्रति वर्ष 100 रुपए करोड़ के परिव्यय के साथ इसके माध्यम से 4 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# थ्री एम पेपर बोर्ड्स का आईपीओ हुआ बंद





**मुंबई।** 3 दशकों से अधिक समय से रिसाइकल्ड पेपर-आधारित कोटेड डुप्लेक्स बोर्ड उत्पादों के निर्माण के व्यवसाय में लगी हुई मुंबई स्थित कंपनी थ्री एम पेपर बोर्ड्स लिमिटेड अपने एसएमई आईपीओ के माध्यम से रु. 39.83 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। पब्लिक इश्यू 12 जुलाई को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 16 जुलाई को बंद होगा। कंपनी के शेयर बीएसई लिमिटेड (बीएसई एसएमई) के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन का उपयोग व्यवसाय विस्तार के लिए किया जाएगा जिसमें मशीनरी खरीदना, फैक्ट्री निर्माण विस्तार, ऋणों का पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी लगाना और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य शामिल हैं। कम्फर्ट सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

kshema

# क्षेमा की एआई-कुशल ऐप से अब फसल बीमा खरीदना आसान

**जबलपुर।** क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने किसानों के लिए इस खरीफ सीजन, सुकृति के साथ प्रकृति फसल बीमा की खरीदी को अब और भी आसान बना दिया है। किसानों की सुविधा के लिए कंपनी ने क्षेमा प्लेटफॉर्म को अपडेट किया है। इसके तहत भारत के करोड़ोंकिसानों को अब और तेज़ और बेहतर सेवाएँ मिलेंगी। सुकृति फसल बीमा बेहद किफायती कीमतों पर फसल सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें दो जोखिमों तक के लिए केवल 499 रुपए प्रति एकड़ की शुरुआती दर पर फसल बीमा उपलब्ध है। इस ऐप की सहायता से किसान कुछ ही मिनटों में फसल बीमा खरीद सकते हैं। किसानों को अपने खेत का स्थान, फसल का प्रकार, जोखिम और बुआई की समयसीमा चुनने में मदद मिलेगी, जिसका उपयोग उनके खेत के लिए विशेष रूप से बीमा मूल्य निर्धारित करने के लिए किया जाएगा।

# इस द्वीप पर जाने वाला कभी नहीं आया वापस

**रोम।** पूरी दुनिया रहस्यों से भरी हुई है। सालों से वैज्ञानिक इन रहस्यों को जानने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आज तक सफलता नहीं मिल पाई है। इनमें दुनिया के रहस्यमयी द्वीप भी शामिल हैं। इन बारे में जानकर आपकी रूह कांप जाएंगी। इटली में स्थित एक ऐसा ही द्वीप है, जहां पर जाने वाला कभी नहीं वापस नहीं आया।

- इटली के सरकार ने यहां जाने पर लगा दी है रोक

इस द्वीप पर आए दिन रहस्यमयी घटनाएं घटती हैं। इसके कारण द्वीप की पूरी दुनिया में चर्चा होती है। यह रहस्यमयी द्वीप इटली के वेनिस शहर और लिडो के बीच वेनेशियन खाड़ी में स्थित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई लोगों ने इस द्वीप के रहस्य को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जो भी शख्स द्वीप पर गया, जिंदा लौटकर नहीं आया। इसके कारण इटली की सरकार ने इस रहस्यमयी द्वीप पर किसी के भी जाने पर रोक लगा दी है।



### लोगों के जाने पर रोक

बताया जाता है कि सैकड़ों सालों पहले इटली में प्लेग महामारी फैली हुई थी। इस महामारी ने खौफनाक रूप धारण कर लिया था। उस समय इस महामारी का कोई इलाज नहीं था। इसकी वजह से यहां की सरकार चिंतित थी। इस द्वीप पर होने वाली रहस्यमयी घटनाओं के चलते इटली की सरकार ने यहां पर लोगों के जाने पर रोक लगा दी है। यह आईलैंड दुनिया की सबसे डरावनी जगहों में शामिल है।

# घनी बस्ती के बीचोंबीच घर बगीचे में खड़ा दिखा फाइटर जेट!

**लंदन।** लोग अपने घरों के अंदर, बगीचों में फूल लगाते हैं, झूले लगाते हैं, या फिर कई बार कपड़े सुखाते दिख जाते हैं। बगीचे के ऐसे नजारे आम हैं, पर क्या आपने कभी किसी घर के बगीचे में फाइटर जेट खड़े देखा है? इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शहर की घनी बस्ती में बने एक घर में अजीबोगरीब नजारा देखने को मिल रहा है। जिसे देखने के बाद आपको हैरानी होगी।



### बगीचे में विमान

घर का बाहरी हिस्सा, जहां गार्डन है, वो इतना भी बड़ा नहीं है, कि प्लेन आसानी से लैंड कर जाए, क्योंकि विमानों को लैंड करने के लिए काफी जगह की जरूरत होती है। इस वजह से हैरानी ये हो रही है कि आखिर ये विमान यहां आया कैसे होगा। हमारा अंदाजा है कि विमानों को यहीं पर असेंबल किया गया होगा।

# ये तो अद्भुत है! दो शरीर में धड़क रहा एक दिल

**नई दिल्ली।** वाकई में ये घटना अद्भुत है। देखने वाले तो हैरान हैं ही, डॉक्टरों के भी समझ में नहीं आ रहा है। अंबाला कैंट में जुड़वा बच्चियों के जन्म का अनोखा मामला सामने आया है। यहां सुलेखा नामक महिला ने जुड़वा दो बच्चियों को जन्म दिया है। इन दोनों बच्चियों के शरीर तो अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों का दिल एक ही है। दोनों बच्चियों की छाती आपस में जुड़ी हुई है। फिलहाल, दोनों की हालात स्थिर है, लेकिन परिजनों की चिंता बढ़ी हुई है।



दो जिस्म एक जान. ये लाइन सिर्फ अब तक हम फिल्मों या शेर-शायरी में सुनते थे। लेकिन, आज साक्षात देख भी सकते हैं। इसे कुदरत का खेल ही कहा जाएगा, जब अंबाला में सुलेखा ने इन दो अनोखी बेटियों को जन्म दिया। अंबाला कैंट नागरिक अस्पताल में महिला और उसकी जुड़वा बच्चियों को देखने के लिए लाइन लग गई। डॉक्टरों के अनुसार यह एक अनोखा मामला है। इसकी सर्जरी भी काफी मुश्किल होगी।

# कॉकरोच में होता है हाई प्रोटीन खूब खाया जाता है चीन में

**बीजिंग।** कॉकरोच बहुत ही आम किस्म के कीट होते हैं। कई लोगों के लिए यह एक बहुत ही डरावना जीव होता है, तो कई लोग इसके बारे में सोचना तक पसंद नहीं सकते हैं। पर कॉकरोच के बारे में कुछ बातें ऐसी हैं, जिनके बारे में जान कर आपको हैरानी ही नहीं होगी, बल्कि कुछ पर तो शायद यकीन तक नहीं होगा।नॉन वेज खाने वाले भी शायद ये तथ्य पसंद ना करें। जहां बहुत से लोग सांप को खाने योग्य होने के लिहाज से ही हैरान होते हैं, तो आपको अगर यह कहा जाए, कि कॉकरोच भी खाने योग्य होते हैं तो आप कैसे रिएक्ट करेंगे? जी हां, एक्सपर्ट्स तो यह तक कहते हैं, कॉकरोच में हाई प्रोटीन होता है। खाने वाले कॉकरोचों को सुरक्षित वातावरण में बाकायदा पाला जाता है। चीन में इन्हें बहुत खाया जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि कॉकरोच परमाणु विस्फोट के बाद भी जिंदा रहने में सफल रह सकते हैं। वे परमाणु विकिरण सहन करने में इंसानों से बेहतर होते हैं। सच ये है कि 1945 में हुए हिरोशिमा और नागासाकी परमाणु हमलों में कॉकरोच बचने में सफल रहे थे। पड़ताल में पाया गया है कि वे परमाणु विस्फोट में तो मर जाएंगे, लेकिन विकिरण को झेलने में बहुत काबिल होते हैं। विकिरण का उनकी प्रजनन क्षमता पर असर होता है।

### सिर कट जाने के बाद भी कुछ हफ़्तों तक रह सकते हैं जीवित

इन जीवों के बारे में सबसे रोमांचक विशेषता यह है कि वे अपने सिर कट जाने के बाद भी कुछ हफ़्तों तक जीवित रह सकते हैं। जब एक कॉकरोच का सिर काट दिया जाता है, तो कॉकरोच की संचार प्रणाली गर्दन पर जम जाती है और शरीर के बाकी हिस्सों में निरंतर खून बहता रहता है। इसका कारण यह है कि कॉकरोच अपने सिर पर सांस नहीं लेते हैं, बल्कि अपने शरीर में मौजूद छोटे छेदों से सांस लेते हैं।

### सिकुड़ भी सकते हैं कॉकरोच

कॉकरोच के बारे में सबसे अहम तथ्य ये है कि वे सिकुड़ सकते हैं। ये खौफनाक जीव छोटी से छोटी दरार में भी घुस सकते हैं। अपने अद्भुत लचीले एक्सोस्केलेटन की मदद से, कॉकरोच अपने लचीले एक्सोस्केलेटन को चपटा करके और अपने पैरों को बगल में फैलाकर अपने शरीर की ऊंचाई के एक चौथाई हिस्से के बराबर छोटे छेद में भी घुस सकते हैं यह भी एक हैरान करने वाला तथ्य है कि कॉकरोच की एक प्रजाति बात भी करती है। कॉकरोच आमतौर पर अपने पेट के माध्यम से जारी किए गए एक भोजन की तलाश करने वाले फेरोमोन का उपयोग करके एक- दूसरे के साथ संवाद करते हैं।

## एथलेटिक्स को मिली सबसे अधिक 96 करोड़ की राशि

# ओलंपिक : 16 खेलों के लिए 470 करोड़ रुपए खर्च!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सिर्फ एक ओलंपिक पदक किसी खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है। तीन साल पहले टोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक एवं फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। एजेंसी के पास उपलब्ध भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपए खर्च किए।



### नीरज पर व्यक्तिगत में 5.72 करोड़ खर्च

व्यक्तिगत और विशिष्ट खेल संबंधित खर्चे में भारतीय हॉकी टीम को सर्वाधिक 41.81 करोड़ रुपए मिले जिसमें 76 राष्ट्रीय शिविर और 19 विदेशी दौरों का खर्च शामिल है। चोपड़ा इस सूची में 5.72 करोड़ रुपए के साथ दूसरे स्थान पर है। यह खर्चा उनके मौजूदा विदेशी कोच डॉ. क्लॉस बार्टोनिट्ज की सेवाएं लेने, यूरोप में ओलंपिक पूर्ण शिविर तथा यूरोप, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने पर किया गया।

### खर्च की गई राशि

| स्पर्धा | राशि |
|---|---|
| एथलेटिक्स | 96.08 करोड़ |
| बैडमिंटन | 72.02 करोड़ |
| मुक्केबाजी | 60.93 करोड़ |
| निशानेबाजी | 60.42 करोड़ |
| हॉकी | 41.29 करोड़ |
| तीरंदाजी | 39.18 करोड़ |
| कुश्ती | 37.80 करोड़ |
| भारोत्तोलन | 26.98 करोड़ |
| घुड़सवारी | 95 लाख |
| टेनिस | 1.67 करोड़ |
| गोल्फ | 1.74 करोड़ |
| नौकायन | 3.89 करोड़ |
| तैराकी | 3.9 करोड़ |
| पाल नौकायन | 3.78 करोड़ |
| जूडो | 6.3 करोड़ |
| टेबल टेनिस | 12.92 करोड़ |

### भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल

*छब्बीस जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस खेलों में चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा है कि पिछली बार सात पदक को देखते हुए इस बार उम्मीदें अधिक है और इसलिए इस बार खर्च अधिक किया गया है।*

### टीमों का विदेशी दौरा

*आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार विदेश में अनुभव और टूर्नामेंट के मामले में देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों को सबसे अधिक समर्थन मिला।*

*पति के निधन के बाद पत्नी का गायब होना बना रहस्य*

# क्या पति के साथ सती हो गई महिला श्मशान घाट में मिली साड़ी और चश्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

बीते रविवार की रात शहर से करीब 10 किमी दूर एक गांव में ऐसी घटना घटी जिसने पुलिस और प्रशासन को भी परेशान कर दिया है। गांव की एक महिला के अपने पति के साथ जलती चिता में सती होने की घटना ने सबको चौंका दिया है। श्मशान घाट के पास गुलापी बाई की साड़ी, चश्मा और चप्पल चिता के पास तो है लेकिन महिला कहीं नहीं मिली। हालांकि पुलिस का कहना है कि सती होने का तरीका अलग है और यह महिला मिसिंग है। पुलिस के अनुसार चिता पर पास में कोई ऐसे चिन्ह नहीं मिल रहे जिससे लगे कि कोई दूसरा व्यक्ति भी इस चिता में जला है। जानकारी के मुताबिक़ रायगढ़ के चिटकाकनी गांव में 14 जुलाई को जयदेव गुप्ता 59 साल की मृत्यु कैंसर के कारण हो गई। जयदेव इस बीमारी से करीब 10 साल से जूझ रहा था। रविवार को शाम करीब 5 बजे उसका दाह संस्कार किया गया। दो घंटे बाद ही उसके परिजन वापस लौटकर आए और सो गए। लेकिन रात करीब 11 बजे जब उसके बेटे सुशील ने अपनी मां गुलापी बाई को कुछ कहना चाहा तो वह घर में कहीं नहीं थी।



### गुमशुदा की तलाश जारी

सती होने की प्रक्रिया अलग है, महिला गुलापी बाई गुमशुदा है, उसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद ही मामला साफ होगा।

-प्रशांत राव आहेर, टीआई, चक्रधरनगर थाना

### तालाब में डूबने की आशंका

श्मशान घाट के बगल में एक तालाब है, जिससे महिला के उसमें डूब कर आत्महत्या करने की आशंका भी जताई जा रही है। इस कारण तालाब में सर्चिंग कराने की बात कही जा रही है। बहरहाल 24 घंटे बीत जाने के बाद भी रहस्य बरकरार है। गुलापी गुप्ता के गायब होने की घटना ने पुलिस के माथे पर भी बल ला दिया है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियां हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — नकारात्मकता का प्रभाव भी रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। मन परेशान हो सकता है।

**वृष** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बातचीत में संयत रहें।

**मिथुन** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। परिवार में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में रुचि भी बढ़ेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**कन्या** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — धार्मिक कार्यों पर खर्च भी बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी बढ़ोतरी हो सकती है। शैक्षिक कार्यों में सम्मान मिलेगा।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्चों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अध्ययन में रुचि रहेगी।

**मकर** — सेहत का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5574



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5573 का हल



## सूडोकु नवताल - 5585

✱✫✫✫✫ सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5584 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



# 'मनोरथंगल' के ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** अपकमिंग मलयालम एंथोलॉजी सीरीज़ 'मनोरथंगल' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखक और पटकथा लेखक-निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। नायर द्वारा लिखित इस सीरीज़ में एक, दो नहीं बल्कि 9 सुपरस्टार्स नजर आने वाले हैं। इनमें सुपरस्टार ममूटी, मोहनलाल, फहद फासिल, कमल हासन, पार्वती थिरुवोथु और मधु जैसे कई बेहतरीन एक्टर्स का नाम शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इसे ब्लॉकबस्टर मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं और रिएक्शन देते दिख रहे हैं।

लाइफ Style



# जाह्नवी 'डिप्टी हाई कमिश्नर' बनीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की मोस्ट अवेटेड स्पाई थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का दमदार ट्रेलर 16 जुलाई को जारी किया गया। जंगली प्रोडक्शन की फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें सस्पेंस, एक्शन और ड्रामा तीनों का मिक्स देखने को मिला।

नेशनल अवॉर्ड-विनिंग डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जान्हवी सबसे कम उम्र की डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभा रही हैं। उनके सिलेक्शन पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि सुहाना की नियुक्ति में नेपोटिज्म का काफी हाथ है, क्योंकि वह एक समृद्ध परिवार से हैं। वह अपने डिपार्टमेंट में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत करती हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जान्हवी लंदन एंबेसी की एक खबरी की तलाश में निकलती हैं और खुद ही उसके जाल में फंस जाती हैं। अपने ऊपर लगे देशद्रोह का आरोप हटाने के लिए और देश की रक्षा करने के लिए वह उन लोगों से भी भिड़ती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके देश को धोखा दिया है। फिल्म में रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मेयांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी हैं। जान्हवी कपूर ने फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'हर किसी के पास एक कहानी है। हर कहानी के सीक्रेट्स हैं। हर सीक्रेट में ट्रैप है। इस 'उलझ' को सुलझाना आसान नहीं है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# रैपर खलीफा ने मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर रोमानिया देश से माफी मांगी है। उन्होंने उस देश में परफॉर्मेंस दी थी, और स्टेज पर ही स्मोकिंग करनी शुरू कर दी थी, जिसके कारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मगर बाद में उनको रिहा कर दिया गया था। अब उनकी माफी की चर्चा हो रही है। अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर सभी से माफी मांगी है। दरअसल, उनको रोमानिया में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ड्रग्स के सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया था।




# सहेली की शादी में जाना माही को पड़ा महंगा

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव इन दिनों वो नाम है जो इस इंडस्ट्री में हर ओर छाया हुआ है।उनके भोजपुरी सॉन्ग रिलीज होते ही खूब पॉपुलर हो रहे हैं और फिर ये भोजपुरी गाना गोल्डी यादव ने गाया हो तो सोने पर सुहागा होना लाजिमी है।भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का नया गाना रिलीज हो गया है। भोजपुरी सॉन्ग गिर गईल नथिया बरतिया में यूट्यूब पर आया है और इसमें गोल्डी की आवाज और माही का डांस दोनों ही दर्शकों के दिल जीत रहे हैं। इस गाने के बोल जितने मजेदार हैं, उतने ही शानदार तरीके से इस फिल्माया भी गया है।वैसे भी इन दिनों भोजपुरी सिनेमा में मरून कलर सड़िया की धूम है।उसी बीच यह गाना भी काफी उम्मीदें लेकर आया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी सॉन्ग गिर गई।



# 'किंग' में अभिषेक होंगे विलेन...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली फिल्म के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ वक्त से चर्चा है कि वह अपनी अगली फिल्म में बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे, जिसका नाम किंग है। फिल्म किंग में पहली बार बाप-बेटी की यह जोड़ी नजर आने वाली है। अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में शाहरुख खान के सामने विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन ने की है। अमिताभ बच्चन ने रिएक्शन देते हुए पोस्ट में बेटे अभिषेक को बधाई दी और लिखा, शुभकामनाएं अभिषेक.. यह समय है !!! सोशल मीडिया पर बिग बी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



# टीवी स्टार किम को पड़ी लताड़...

**मुंबई।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12-14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया- भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।

टीवी मसाला




# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में हुआ शॉकिंग नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में इस हफ्ते एक वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है, जो कि सिंगर अदनान शेख हैं। घर में एंट्री करते ही आपने देखा कि उन्होंने विशाल पांडे को चांटा मारने वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए लवकेश कटारिया पर एक तंज कसा। वहीं, इसके चलते काफी बवाल भी देखने को मिला। लेकिन अब बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इस हफ्ते का शॉकिंग नामिनेशन देखने को मिला। दरअसल, खबरें हैं कि इस हफ्ते केवल एक ही कंटेस्टेंट नॉमिनेट हुआ है, जो और कोई नहीं बल्कि वाइल्ड कार्ड एंट्री अदनान शेख हैं। लेकिन इसके बाद आखिर में ट्विस्ट देखने को मिला है। बिग बॉस तक के अपडेट के अनुसार, इस हफ्ते का बिग बॉस नॉमिनेशन टास्क कैंसिल हो गया है। वहीं, इसके चलते अदनान शेख सिर्फ ऐसे कंटेस्टेंट है, जिसे की नॉमिनेट किया गया है। लेकिन बिग बॉस ने एक खेल खेला है और उन्हें रणवीर शौरी और विशाल पांडे के साथ अदनान को बाहर वाला बना दिया है, जिसके नियम के मुताबिक अदनान शो से बाहर नहीं हो सकते हैं।

## 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए कुमकुम और सुमित


**नई दिल्ली।** टीवी पर सबसे ज्यादा चर्चित शो 'कुमकुम' लोगों का फेवरेट था। जूही परमार और हुसैन कुवाजेरवाला ने कुमकुम और सुमित के रोल में लोगों के दिलों में इस कदर जगह बना ली कि आज भी उन्हें देखकर वो



उतना ही खुश होते हैं। एक बार फिर से 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए हैं।'कुमकुम' भारतीय टेलीविजन पर सबसे फेमस शोज में से एक रहा है और इसे पूरे 22 साल हो चुके हैं। जूही परमार और हुसैन शो के जरिए एक घरेलू नाम बन गए, जो दोपहर के बैच में टीआरपी और स्लॉट लीडर था। 7 वर्षों तक राज करने वाला यह शो 2009 में लगभग 1500 एपिसोड के साथ बंद हो गया। 'कुमकुम' के 22 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, जूही परमार ने कुछ दिन पहले टाइटल ट्रैक डाला था, जो करीब 20 मिलियन व्यूज के साथ वायरल हो गया है।

# 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने किया ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** मनमोहक और जादुई यथार्थ से ओत-प्रोत फिल्म 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, www.fairyfolkthefilm.com के ज़रिये एक रोमांचक घोषणा की है। उनके अनुसार ये वेबसाइट अब एक ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म की भूमिका भी निभाएगी। जहां दर्शक सीधे इस फिल्म को देख सकेंगे और बदले में उन्हें भरनी होगी अपनी मनपसंद राशि। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जो फिल्म वितरण के एक नए मॉडल की शुरुआत भी है। करण गौर द्वारा निर्देशित और रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा द्वारा अभिनीत 'फेयरी फोक' को मार्च 2024 में सीमित थिएटर रिलीज मिला था। मौखिक प्रचार के माध्यम से लोकप्रियता हासिल करने के बावजूद, फिल्म को महत्वपूर्ण वितरण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण सिनेमाघरों से इसे समय से पहले हटाना पड़ा। जब स्वतंत्र फिल्मों के प्रदर्शन की बात चलती है तो डिजिटल प्लेटफार्मों की अनिच्छा भी साफ़




ज़ाहिर होती है। इन्ही चुनौतियों के जवाब में 'फेयरी फोक' की टीम ने अपनी वेबसाइट पर फिल्म को पेश करके एक अभिनव दृष्टिकोण को अपनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म दर्शकों को किसी भी राशि का भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई अपनी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना फिल्म का आनंद ले सके।

# जगदीश राज को देख पुलिसवाले भी करते थे सैल्यूट, 144 फिल्मों में बने अफसर

नई दिल्ली। कुछ एक्टर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। 1970 और 80 के दशक में कई ऐसे एक्टर हुए जिन्हें दर्शक एक ही रोल में बार-बार देखना चाहते थे। पुलिस अधिकारी के किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर जगदीश राज को लेकर दर्शकों में कुछ इसी तरह की दीवानगी थी. जिसका नतीजा यह हुआ कि इस टैलेंटेड एक्टर ने दो-चार नहीं बल्कि 144 फिल्मों में सिर्फ पुलिस अधिकारी का रोल निभाया। पर्दे पर 144 बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

बॉलीवुड के साथ-साथ जगदीश राज के काम से हॉलीवुड डायरेक्टर्स भी प्रभावित थे। बताया जाता है कि हॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर ने जगदीश के काम से प्रभावित होकर एक्टर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद गिनेज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जांच टीम को बुलाया गया। 144 फिल्मों में एक जैसा किरदार (पुलिस



अफसर का किरदार) निभाने के लिए एक्टर जगदीश राज खुराना का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस तरह मोस्ट टाइपकास्ट एक्टर का रिकॉर्ड एक्टर जगदीश राज के नाम है।जगदीश राज की बेटी अनीता राज हैं जो धर्मेंद्र के साथ नौकर बीवी का फिल्म में नजर आ चुकी हैं।

## कभी भी नहीं कटता था चालान

पुलिस के किरदार ने उन्हें ऐसी पहचान दिलाई कि एक्टर को सड़क पर देखकर पुलिस वाले भी सलाम करते थे। ऐसा कहा जाता है कि जगदीश राज पहले ऐसे बॉलीवुड एक्टर थे जिनकी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं होती थी। पुलिसवालों के लिए एक्टर किसी रोल मॉडल से कम नहीं थे। यह भी बताया जाता है कि जगदीश राज का कभी भी चालान नहीं कटता था। 1992 में एक्टर ने फिल्मी करियर से संन्यास ले लिया था। 28 जुलाई 2013 को सांस की बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया था।

# शम्मी ने फैलाई थी आशा पारेख से शादी की अफवाह, शत्रुघ्न के बयान थे अपमानजनक...

*अरबाज खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला टॉक शो द इनविंसिबल्स सीरीज सीजन 2 का नया प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख बतौर गेस्ट नजर आ रही हैं और अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में वह बॉलीवुड में अपने सफ़र और बिजनेस में एक महिला होने के बारे में बताती हुई नज़र आती हैं।*

**नई दिल्ली।** अरबाज़ खान से बातचीत के दौरान वह अपने को स्टार शम्मी कपूर से अपनी कथित शादी की अफ़वाहों को मज़ाकिया अंदाज़ में बताते हुए कहती हैं, 'हां, हम शादीशुदा थे।' उन्होंने उस पल को भी याद किया जब महान गुरु दत्त ने उनकी मां



को फ़ोन करके कहा था कि 'उन्हें नहीं लगता कि वह हीरोइन बन सकती हैं'। प्रोमो में एक्ट्रेस ने मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब वह नाइट आउट के बाद लाल आंखों के साथ शूट के लिए सेट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, मैंने अगले दिन शूट के लिए मना किया था। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों पर भी बात की और जिक्र किया कि उनके द्वारा की गई नकारात्मक टिप्पणियों ने उनके पेशेवर संबंध को प्रभावित किया है। उन्होंने शेयर किया, 'यह ऐसा था जैसे चलो जैसा मैं चाहती हूं, वैसा ही करते हैं और फिर उन्होंने प्रेस में कुछ बयान दिए, जो उनके लिए बहुत अपमानजनक थे, मेरे लिए नहीं।' आशा पारेख ने कालिया के बाद फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। इसके बाद एक ऐसा मौका आया कि उन्होंने एक्टिंग बंद कर दी। इशके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और गुजराती सीरियल ज्योति डायरेक्ट किया। उनकी प्रॉडक्शन कंपनी आक्रुति ने पलाश के फूल, बाजे पायल, कोरा कागज और दाल में काला जैसे सीरियल प्रोड्यूस किए. इसके बाद उन्होंने त्योहार धमाका रियलिटी शो जज किया।

# भक्ति में लीन हुए अनुष्का व विराट

**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उन कपल्स में से एक हैं, जो अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखते हुए नजर आते हैं। इसी बीच कपल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कि लंदन में आयोजित एक कीर्तन का है। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ लंदन में यूनियन चैपल में आयोजित कृष्ण दास के कीर्तन में शिरकत की थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने शेयर की थी। लेकिन इसी इवेंट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कपल भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं।



# हॉकी में कठिन पूल से चिंतित नहीं, पदक का रंग बदलने का यकीं : ललित

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरू

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है लेकिन अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय को यकीन है कि बेहतरीन तैयारियों और काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद से टीम पदक का रंग बदलकर लौटेगी ।

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे ललित ने रवानगी से पहले यहां दिये इंटरव्यू में कहा , 'ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं । हम मैच दर मैच रणनीति बनायेंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे ।'

## भारत का पहला मुकाबला 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढता के लिये स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी । भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया से खेलना है ।

**ललित 168 मैचों में 45 गोल कर चुके**

भारत के लिये 168 मैचों में 45 गोल कर चुके 30 वर्ष के इस फॉरवर्ड ने कहा ,'' हमें पता है कि उम्मीदें बढी हुई हैं क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था । हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे ।'' वाराणसी के रहने वाले इस




खिलाड़ी ने कहा ,'' हमने पिछले चार साल में फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है जो मैदान पर नजर आ रही है । फिटनेस में हम दुनिया की शीर्ष टीमों के समकक्ष हैं ।''

### टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पांच खिलाड़ी टीम में

टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी पेरिस में भी खेलेंगे जबकि पांच खिलाड़ियों का पहला ओलंपिक है । ललित ने हालांकि कहा कि युवा खिलाड़ी भी इतना खेल चुके हैं कि ओलंपिक का दबाव आसानी से झेल लेंगे । उन्होंने कहा ,ये लड़के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं जहां ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का काफी दबाव होता है लिहाजा ओलंपिक का दबाव भी झेलने में सक्षम हैं।

### आपसी तालमेल टीम की ताकत

ललित ने कहा ,'' इस बार प्रो लीग में काफी फील्ड गोल हुए हैं और फोकस डी के भीतर जाकर मौका बनाने पर रहता है । फॉरवर्ड पंक्ति की कोशिश यही रहती है कि फील्ड गोल करे या डी में जाकर पेनल्टी कॉर्नर बनाये ।'' ललित ने आपसी तालमेल को इस टीम की ताकत बताते हुए कहा कि टोक्यो से पहले कोरोना के दौरान यहां साथ बिताये समय ने एक ईकाई के रूप में टीम को काफी मजबूती दी ।

### हम मानसिक रूप से मजबूत है

ललित ने यादों की परतें खोलते हुए कहा ,'' मैने ओलंपिक खेलने और पदक जीतने का सपना हमेशा से देखा था ।कोई भी लड़का जो अपरिपक्व है और बड़े सपने लेकर टीम में आया है , उसके साथ ऐसा हो जाये तो वह टूट ही जायेगा । उन्होंने कहा ,'' लेकिन शुरूआत में ही यह सब झेल लिया तो मानसिक रूप से और मजबूत हो गया । वैसे तो मैं वह प्रकरण भूल गया हूं लेकिन कभी याद भी आता है तो खुद को और मजबूत पाता हूं।''

### ललित पर शाहिद की अमिट छाप

हॉकी को मोहम्मद शाहिद जैसा सितारा देने वाले बनारस का ललित के जीवन और कैरियर पर अमिट प्रभाव है जो उनकी बातों में भी झलकता है । उन्होंने कहा , 'हमारे बनारस में कहावत है कि सब यहीं से शुरू होता है और यहीं खत्म हो जाता है । हम भी गंगा किनारे बैठते हैं तो यही लगता है जहां एक तरफ दशाश्वमेध घाट (आरती घाट) है और दूसरी तरफ मणिकर्णिका घाट (दाह संस्कार घाट) है ।'

---

## खबर संक्षेप

WOMEN'S ASIA CUP

### महिला एशिया कप में मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार से दाम्बुला में शुरू हो रहे महिला एशिया कप के दौरान जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। एसएलसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट में आठ टीमें - भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया - रनगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिताब के लिए भिड़ेंगी। एसएलसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, ''महिला एशिया कप 2024 आ गया है और प्रवेश निःशुल्क है!' टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। भारत शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

### बावा का विश्व जूनियर स्क्वाश में पदक पक्का

**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने



ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया । उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3-2 से हराया । दिल्ली के 18 वर्ष के बावा 2014 में कुश कुमार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरूष खिलाड़ी बन गए । करीब 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वह पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा । वहीं अनाहत सिंह लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में लगातार तीसरे साल हारकर बाहर हो गई । भारत की 16 वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियन को मिस्र की नादियां इल्हामामी ने 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से हराया ।

### इंग्लैंड के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट

**लंदन।** यूरो 2024 फाइनल में स्पेन



से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं । उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा , 'इंग्लैंड टीम के लिये खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिये गर्व की बात रही । यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया । लेकिन अब बदलाव का समय है , एक नये अध्याय का समय है ।' उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची । लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिये तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके।

---

क्रिकेट : 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 में हार्दिक पंड्या होंगे भारतीय टीम के कप्तान

गिल या सूर्यकुमार हो सकते हैं टी20 के उपकप्तान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे । पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया ,'हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे । वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे ।'रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया ।

### वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में

टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जायेगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे । टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी । अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव ।



### हार्दिक और सूर्यकुमार का कप्तानी रिकॉर्ड

हार्दिक पांड्या ने साल 2022 में पहली बार टीम इंडिया की कप्तानी की थी। वो उसके बाद 16 टी20 मुकाबलों में भारत की कमान संभाल चुके हैं, जिनमें टीम 10 मौकों पर विजयी रही है। दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव को अब तक 7 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभालने का अवसर मिला है, जिनमें से उन्होंने टीम को 5 मौकों पर जिताया है।

### टी20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मोहम्मद सिराज।

### वनडे सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आवेश खान और अर्शदीप सिंह।

### टीम का चयन गंभीर के अगुवाई में होगा

श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का चयन गौतम गंभीर की अगुवाई में किया जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम के नए हेड कोच गौतम गंभीर का यह पहला असाइनमेंट है। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ टीम सेलेक्शन का हिस्सा होंगे।

### 27 जुलाई से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत 27 जुलाई को पहले टी20 के साथ होगी। भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। फिर दूसरा टी20 मैच अगले दिन यानी 28 जुलाई को और तीसरा व अंतिम टी20 मैच 30 जुलाई को खेला जाएगा। टी20 सीरीज के सभी मैच पल्लेकेले में खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के बाद 2 अगस्त से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज का दूसरा मैच 4 अगस्त और तीसरा व अंतिम मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। वनडे सीरीज के सभी मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

---

एटीपी रैंकिंग

# नागल ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी।

नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। विजय अमृतराज (1980 में 18वें स्थान पर), रमेश कृष्णन (1985 में 23वें स्थान पर) और सोमदेव देववर्मन (2011 में 62वें स्थान पर) एटीपी सर्किट पर नागल से बेहतर रैंकिंग हासिल कर चुके हैं।

पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे। पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय नागल के 779 एटीपी अंक हैं। नागल ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुबलिक के खिलाफ जीत के साथ की। उन्होंने फ्रेंच ओपन और विंबलडन में भी भाग लिया। नागल ने जून में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर स्पर्धा और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता।

### चार एटीपी खिताब जीत चुके नागल

वर्तमान में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले भारतीय एकल खिलाड़ी नागल ने 2023 से चार एटीपी चैलेंजर खिताब जीते हैं और हीलब्रॉन क्ले कोर्ट पर उनका चौथा खिताब था।

---

विश्वकप खेलने में संदेह

# फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके मेस्सी



एजेंसी ▸▸| ब्यूनस आयर्स

अपने कैरियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने 'आखिरी किले' में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाये ।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा । अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता । मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है ।

सैतीस वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे । कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा । इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके । उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया ।

### मीडिया से बात नहीं की मेस्सी ने

मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं ।

---

# हरमनप्रीत टी20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर

द. अफ्रीका के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में



शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

### इंग्लैंड की ग्लेन कैरियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की

इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

### कोपा भगदड़ में कोलंबिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष सहित 27 गिरफ्तार

**मियामी गार्डन्स।** कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया । स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया । दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था । उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे ।

---

# बालाजी आक्रामक खिलाड़ी, उन्हें हलके में नहीं ले सकते : बोपन्ना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये बेताब हैं। मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने को लेकर शिकायत करना उनके स्वभाव में नहीं है । भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी। बोपन्ना अगर विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष दस से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं

### हमारे पास हर मैच जीतने का मौका

44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना। बोपन्ना ने दिये इंटरव्यू में कहा ,' मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है । हम सिर्फ भागीदारी के लिये नहीं जा रहे ।'

### हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं

बोपन्ना ने कहा , 'हम पूरी तैयारी के साथ जायेंगे । एक टीम के रूप में हमारा वही मकसद है । बाला काफी आक्रामक खिलाड़ी है ।' उन्होंने कहा , 'हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं ।

**कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर**
**दमोह नाका, मनमोहन नगर जिला जबलपुर (म0प्र0)**
ई-मेल- mpapmcjabalpur@gmail.com दूरभाष क्र. 0761-2648830, 4031091

क्र०/मण्डी/निर्माण/1851/2024-25/N-171 जबलपुर दिनांक:16/07/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर जिला-जबलपुर (म. प्र.) के मण्डी प्रांगण जबलपुर में स्थित अनाज, फल, आलू-प्याज, सब्जी मण्डी प्रांगण एवं उक्त में स्थित भवन, शौचालय, मूत्रालय, आंतरिक एवं बाह्य सड़के, निकासी नालियां, नीलामी चबूतरा, पार्किंग इत्यादि की सम्पूर्ण साफ-सफाई एवं कूड़ा-कचरा उठाने के कार्य की व्यवस्था के लिये 02 वर्ष (दो वर्ष) की कालावधि के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसका निविदा सिस्टम कमांक... 2024-MPSAM 358079-1 है। आनलाईन निविदाएं दिनांक 07/08/2024 को दोपहर 3.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म. प्र. शासन की ई-निविदा के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल http/www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य 5000/- रुपए होगा।

**नोट:-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

(आर. के. सैयाम)
सचिव, कृषि उपज मंडी समिति
जबलपुर

(अभिषेक सिंह ठाकुर)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर (म.प्र.)

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER (1st CALL)**

**SYSTEM TENDER No. 48/24-25/EE/E/JBP/2024_MPHID_357212_1**

On-line tenders are invited for External Electrification Work at PG COLLEGE RAJNAGAR & VENKATNAGAR DISTRICT SHAHDOL. For Rs. 1852891/-. upto 24.07.2024. For other details please visit **https://www.mptenders.gov.in.**

/mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in
M.P. Madhyam/115426/2024

(S.R. Longre)
Executive Engineer (Elect.)
Division Electrical Jabalpur
Phone : 0761-2991429

**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-भोपाल
पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक - 0755-2673195, E-mail - laghubpl2@gmail.com
क्रमांकः लउनि/निर्माण/संभाग/भोपाल/2024-25/06 भोपाल, दिनांक :16.07.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं :- कार्य का नाम - **औद्योगिक क्षेत्र कनकी, जिला बालाघाट में बाह्य विद्युतीकरण 11 केव्ही सबस्टेशन सहित कार्य,** अनुमानित लागत राशि रु. 78.72 लाख। निविदा की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 29.07.2024 सायं 05.30 बजे।** निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेंगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/115431/2024 **महाप्रबंधक(सं./नि.)**




विशेष अदालत में परिवाद दायर : प्रचलनशीलता पर 29 जुलाई को होगी सुनवाई

# पूर्व एडिशनल एसपी राजेश तिवारी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप



**जबलपुर।** विशेष अदालत के समक्ष जबलपुर के पूर्व एडिशनल एसपी राजेश तिवारी के विरुद्ध परिवाद दायर किया गया है। इसके जरिये आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने प्रारंभिक तर्क सुनने व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद परिवाद की प्रचलनशीलता पर बहस के लिए 29 जुलाई, 2024 की तिथि निर्धारित कर दी है।

### पत्नी व पुत्र-पुत्रवधु को भी बनाया पक्षकार

विशेष अदालत, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, जबलपुर के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान परिवादी अधिवक्ता धीरज कुकरेजा व स्वप्निल सराफ की ओर से अधिवक्ता वासिफ खान ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जबलपुर के सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी राजेश तिवारी ने सेवाकाल में आय से अधिक संपत्ति का अर्जन किया है। उनके अलावा उनकी पत्नी रंजना तिवारी, पुत्र राहुल तिवारी व पुत्रवधु मीनल खरे तिवारी भ्रष्टाचार से अर्जित उस संपत्ति का उपयोग-उपभोग कर रहे हैं। लिहाजा, इन सभी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अंतर्गत अपराध दर्ज किए जाने की मांग के साथ अदालत की शरण ली गई है।

हाईकोर्ट ने पीएससी को होल्ड किये गये 13 प्रतिशत चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी करने के दिये निर्देश

## सरकार पर पचास हजार की कॉस्ट

**जबलपुर।** सरकार द्वारा जवाब पेश नहीं किये जाने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जस्टिस राज मोहन सिंह तथा जस्टिस डीएन मिश्रा की युगलपीठ ने सरकार के सरकार पर 50 हजार की कॉस्ट लगाते हुए सरकार को जवाब पेश करने समय प्रदान किया है। युगलपीठ ने एमपी पीएससी को वर्ष 2019 तथा 2020 की परीक्षाओं के लिए दो वर्गों की होल्ड 13 प्रतिशत चयनात्मक उम्मीदवारों की सूची जारी करने के निर्देश दिये है। याचिका पर अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता प्रज्ञा शर्मा, मोना मिश्रा, प्रियंका तिवारी समेत अन्य पांच की ओर से दायर की गई याचिका में कहा गया था कि प्रदेश सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया गया था। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी वर्ग के लिए बनाये गये आरक्षण पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद मध्य प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने 87:13 प्रतिशत का नया फार्मूला तैयार करते हुए पीएससी को रिजल्ट घोषित करते के आदेश जारी किये थे। इस फार्मूले के तहत नियुक्ति के लिए 13 प्रतिशत सामान्य तथा 13 प्रतिशत ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के परिणाम को होल्ड किया गया था। उच्च न्यायालय ने अपने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि ऐसा सूत्र उनकी तरफ से नहीं दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह वर्ष 2019 और 2020 की परीक्षा के साक्षात्कार में शामिल हुई थी। होल्ड किये गये 13 प्रतिशत में उनका नाम है, इसके संबंध में भी उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गयी है। होल्ड की पुरानी दोनों वर्ग की 13 प्रतिशत सूची को गोपनीय रखा गया है। प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार एमपी पीएससी ने उक्त फार्मूला लागू किया गया है। याचिका की सुनवाई युगलपीठ करते हुए ने राज्य सरकार तथा एमपी पीएससी को नोटिस जारी करते हुए 13 प्रतिशत मतदाताओं की सूची पेश करने के निर्देश पिछली सुनवाई पर दिये थे। मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया। युगलपीठ ने सरकार के रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 50 हजार की कॉस्टके साथ जवाब पेश करने समय प्रदान किया है। युगलपीठ ने उक्त आदेश जारी करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पैरवी की।

## मुख्य महाप्रबंधक व महाप्रबंधक की प्रतिनियुक्ति अर्हताओं में संशोधन को कोर्ट में दी गई चुनौती

मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण का मामला

हाई कोर्ट ने राज्य शासन सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण में मुख्य महाप्रबंधक व महाप्रबंधक की प्रतिनियुक्ति संबंधी अर्हताओं में संशोधन को चुनौती पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, पंचायत विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं।

याचिकाकर्ता अशोक पाटीदार सहित 18 की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने पक्ष रखा। दलील दी कि मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की 61 वीं बैठक 13 मार्च, 2024 को आयोजित हुई थी। इसमें शामिल एजेंडा बिंदु क्रमांक-61-7 चुनौती के योग्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके जरिये मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण में मुख्य महाप्रबंधक व महाप्रबंधक की प्रतिनियुक्ति अर्हता में मनमाना संशोधन शामिल किया गया था। दरअसल, याचिकाकर्ताओं का चयन राज्य अभियांत्रिकी सेवा-2014 में सफल होने के आधार पर किया गया था। उस समय प्रचलित नियम के अनुसार प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए सहायक प्रबंधक पद पर पांच वर्ष सेवा का अनुभव नियत था। लेकिन अब मनमाना नियत थोप दिया गया है। इससे याचिकाकर्ताओं का हक मारा जा रहा है। इसीलिए न्यायहित में हाई कोर्ट चले आए हैं। मुख्य मांग यही है कि मनमाने नियम को निरस्त कर पूर्व नियत को बहाल किया जाए।



## उद्योगों के साथ बिजली संबंधी कार्यों के लिए समन्वय बनाने नियुक्त होंगे रिलेशनशिप मैनेजर

ऊर्जा मंत्री तोमर ने फिक्की और सी.आई.आई. के प्रतिनिधियों के साथ की चर्चा

हरिभूमि, जबलपुर।

बिजली संबंधी कार्यों के लिए उद्योगों के साथ समन्वय बनाने के लिए रिलेशनशिप मैनेजर नियुक्त किये जायेंगे। बिजली कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं का निराकरण समय-सीमा में किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात फिक्की और सी.आई.आई. के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के दौरान कही।

श्री तोमर ने कहा उद्योग जगत को हम सभी जरूरी सुविधाएं देंगे। बिजली की कमी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिये गये सुझावों पर गंभीरता से विचार करेंगे। इस तहर की बैठक लगातार करेंगे। श्री तोमर ने कहा कि यदि हमारे प्रदेश में औद्योगीकरण बढ़ता है, तो हम भी गुजरात की तरह सस्ती बिजली दे पायेंगे। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने उद्योगों के लिए दिये जा रहे इन्सेंटिव और छूट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सोलर ऊर्जा का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। सोलर ऊर्जा हमें सस्ती मिल रही है। अमः हम किसानों के साथ ही उद्योगों के लिए भी दिन में और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की स्थिति में हैं। बैठक में फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कुछ प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन जुड़कर अपनी बातें रखीं। बैठक में मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के उपायों पर चर्चा हुई। बैठक में एम.डी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

शाम को कुछ देर की झमाझम से मौसम हुआ खुशनुमा

## बूंदों के खजाने से मिली राहत की सौगात

**जबलपुर।** मंगलवार की शाम आसमान से कुछ देर के लिए राहत भरी झमाझम बारिश हुई, जिससे रात सुहानी हो गई। दिन भर बेचैनी भरी उमस बनी रही। दोपहर में हल्की बूंदाबांदी के बाद दिनभर बादल छाए रहे। जनजीवन बेचैन रहा। शाम पौने 6 बजे के बाद 15 मिनिट के लिए अच्छी बारिश हुई, लेकिन बारिश थमने के बाद फिर उमस भड़कने लगी। अभी बादल तबियत से बरसने का मूड़ नहीं बना पा रहे हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के ऊपर बने चक्रवात के प्रभाव से कल शाम शहर में अचानक बादल छाए और करीब आधे घण्टे झमाझम बारिश हुई, वहीं तेज हवाएं भी चलीं। शीतल बयारों ने रात में उमस से राहत दी। सुबह से ही पारा तमतमाया हुआ था, दोपहर होते-होते उमस भी मचलने लगी। जनजीवन पूरी तरह से बेचैन था। शाम को आसमान से राहत की बारिश हुई। करीब आधे घण्टे में 11.6 मिली मीटर वर्षा हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 33.0 डिग्री



सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः 81 प्रतिशत और सायंकाल 70 प्रतिशत आंकी गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकत्तम तापमान 30.8 और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री रहा। सूर्योदय सुबह 5.35 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.58 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 20.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस मानसनू सत्र में 1 जून से अब तक कुल वर्षा 278.8 मिलीमीटर दर्ज की जा चुकी है। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर छुटपुट वर्षा होने के आसार है। गत वर्ष आज के दिन तक 89.4 मिलीमीटर वर्षा हुई थी और कुल वर्ष 433.6 मिलीमीटर दर्ज की जा चुकी थी। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 2 से 3 किमी की रफ्तार से चलीं।

स्कूल बसों में फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम डिवाइस जरूरी | छत पर लगेगा वाटर टैंक... आग लगते ही चालू हो जाएंगे फव्वारे

## अब स्कूल बसें होंगी और ज्यादा सेफ

**जबलपुर।** मप्र में परिवहन विभाग अब उन्हीं स्कूल बसों का पंजीयन करेगा, जब उसमें फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम डिवाइस लगी होगी। इसमें बसों की छतों पर एक वाटर टैंक बना होगा। अगर बस में आग लगती है, तो डिवाइस एक्टिव हो जाएगा। इसके बाद बस की छत पर लगे फव्वारे चालू होकर आग बुझाएंगे। गौरतलब है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रशासन लगातार प्रयास करता रहता है। स्कूलों के लिए खरीदी नई बसों का परिवहन विभाग में पंजीयन तभी किया जा रहा है जब उसमें फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम (एफएपीएस) डिवाइस लगी हो। बसों में आग लगने पर इस



डिवाइस के कारण सीटों पर पानी का फव्वारा शुरू हो जाएगा और आग पर तत्काल काबू पा सकेंगे। एफएपीएस डिवाइस फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम है। इसमें बस की छत पर वाटर टैंक बनाना होता है। इसके साथ नाइट्रोजन सिलिंडर भी लगाया जाता है। बस के अंदरुनी हिस्से यानी सीटों के ऊपर पाइप लाइन डालकर उसमें स्प्रिंकलर लगाने होते हैं। बस में आगजनी की घटना होने पर यह नाइट्रोजन और पानी को पाइप लाइन में पहुंचाता है और स्प्रिंकलर के माध्यम से तेजी से सीटों पर आता है, जिससे त्वरित गति से आग पर नियंत्रण पा सकते हैं।

प्रदेश के साढ़े 6 हजार उच्च श्रेणी शिक्षक बनेंगे व्याख्याता, काउंसलिंग शुरू

## शिक्षकों की पदोन्नति पर पाबंदी, अब उच्च पद पर प्रभार

**जबलपुर।** शिक्षकों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई है। न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के कारण इस पर सरकार की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया। उच्च पद प्रभार के लिए काउंसलिंग का दौर शुरू हो गया है। पहले चरण में हिंदी, संस्कृत, जीव विज्ञान, अंग्रेजी सहित पांच विषयों के उच्च श्रेणी शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। इसमें चॉइस फिलिंग की स्वतंत्रता भी दी गई है।

शिक्षकों का मनोबल बढ़ाने और नई ऊर्जा के साथ शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने की रूपरेखा बनाई गई है। इसमें लंबे समय से पदोन्नति व्यवस्था शिथिल बनी हुई है। अब इसके स्थान पर उच्च पद प्रभार सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रथम चरण में प्रदेश



के 6500 उच्च श्रेणी शिक्षकों की व्याख्याता बनाए जाने की काउंसलिंग की गई। इस सप्ताह में अलग-अलग कैटेगरी के विषयवार शिक्षकों की काउंसलिंग जारी रहेगी। हिंदी, संस्कृत, जीव विज्ञान, रसायन और अंग्रेजी के शिक्षकों की ऑनलाइन काउंसलिंग की गई। शिक्षकों की काउंसलिंग उच्च पद प्रभार के लिए की गई थी, अब आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

### शिक्षकों की अपनी समस्याएं

उच्च पद प्रभार मिलने से बड़ी संख्या में शिक्षक तो खुश हैं, लेकिन कुछ शिक्षक, जिनकी 4-6 महीने में सेवानिवृत्ति होना है। कुछ ऐसे शिक्षक भी हैं, जो जिस स्कूल में पढ़ा रहे हैं वहीं पढ़ाना चाहते हैं। ऐसे शिक्षक नए स्कूलों में नहीं जाना चाहते। नई जगह पर स्थापना से इनकार कर रहे हैं। ऐसे शिक्षक पदोन्नति लेने के मूड में नहीं हैं।

### संभाग स्तर पर जल्द काउंसलिंग

प्राथमिक शिक्षक से माध्यमिक शिक्षक और सहायक शिक्षक से उच्च श्रेणी शिक्षक के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया संभाग स्तर पर की जाना है। संभवतः एक से डेढ़ सप्ताह में यह प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। यानी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों को क्रमशः माध्यमिक और हाईस्कूल के विद्यार्थियों को पढ़ाने का मौका उच्च पद प्रभार से दिया जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240